रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 27 नवम्बर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 95 मूल्य 3.00 ₹


क्विक न्यूज़

## सांविधानिक मूल्यों को प्रोत्साहन देने का दिन है संविधान दिवसः धनखड़



**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संविधान दिवस को सांविधानिक मूल्यों को प्रोत्साहन देने का दिन बताया है। धनखड़ ने शनिवार को यहां संविधान दिवस पर जारी एक संदेश में कहा कि यह दिन संविधान में उल्लेखित मूल्यों को प्रोत्साहन देने का दिन है। उन्होंने कहा, हमें इसका संकल्प लेना चाहिए और अपने पूर्वजों के सपनों का भारत बनाने की दिशा में बढ़ना चाहिए।

## पीएसएलवी-सी54 ने ईओएस-06 उपग्रह का किया सफल प्रक्षेपण

**श्रीहरिकोटा।** भारत के ताकतवर प्रक्षेपण वाहन पीएसएलवी-सी54 ने शनिवार को 1,117 किलोग्राम वजनी पृथ्वी की निगरानी करने वाले उपग्रह (अर्थ आब्जर्वेशन सटेलाइट) ईओएस -06 को उसकी वांछित कक्षा सफ्लतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया। इससे पूर्व पीएसएलवी एक्सएल संस्करण के इस 44 मीटर अम्बे अंतरिक्ष वाहन ने 24 घंटे की उलटी गिनती सफ्लतापूर्वक पूरी और उसके बाद प्रथम लॉन्च पैड से शानदार ढंग से 1156 बजे पर अपनी 56वीं उड़ान भरी, इससे आसमान में नारंगी धुआं भर गया।

# भारत अपने संविधान की ताकत से आगे बढ़ रहा है : मोदी

## वैश्विक परिस्थितियों में पूरे विश्व की नजर भारत की ओर

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान है, जिसके बल पर देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने 'संविधान दिवस' के अवसर पर उच्चतम न्यायालय परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा, आज कि वैश्विक परिस्थितियों में पूरे विश्व की नजर भारत पर है। भारत के तेज विकास, तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था और मजबूत होती अंतरराष्ट्रीय छवि के बीच दुनिया हमें बहुत बड़ी उम्मीदों से देख रही है। इन सब के पीछे हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे संविधान के प्रेंबल की शुरुआत में जो 'वी द पीपुल' लिखा है। यह सिर्फ तीन शब्द नहीं है। यह एक आह्वान है, एक प्रतिज्ञा है। एक विश्वास है। उन्होंने कहा कि संविधान में लिखी यह भावना उस भारत की मूल भावना है, जो दुनिया में लोकतंत्र की जननी रही है। 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' रहा है। यही भावना हमें वैशाली के गणराज्य और वेद की ऋचाओं में भी दिखती है, प्रधानमंत्री ने कहा नागरिकों को सुखी रखना, साथ सच्चाई के साथ खड़े होना और सरल व्यवहार, यही राज्य का व्यवहार होना चाहिए। आधुनिक



संदर्भ में भारत के संविधान ने देश की इन सभी सांस्कृतिक और नैतिक भावनाओं को समाहित किया हुआ है। मोदी ने कहा, मुझे संतोष है कि आज देश मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में अपने इन प्राचीन आदर्शों को और संविधान की भावनाओं को लगातार मजबूत कर रहा है। 'प्रो-पीपुल' भावना की ताकत से देश और देश का गरीब, देश की माताएं, बहनों का सशक्तिकरण हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामान्य मानविकी के लिए आज कानूनों को सरल बनाया जा रहा है। समय पर न्याय पहुंचाने के लिए हमारी न्यायपालिका भी लगातार कई सार्थक कदम उठा रही है। मोदी ने कहा कि इस बार 15 अगस्त को लाल किला से उन्होंने कर्तव्यों की बात पर बल दिया था। यह हमारे संविधान की भावना का ही प्रकटीकरण है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता को याद करते हुए कहा, महात्मा गांधी कहते थे कि हमारे अधिकार हमारे वह कर्तव्य है, जिन्हें हम सच्ची इंटीग्रिटी और डेडीकेशन के साथ पूरा करते हैं। आज अमृतकाल में जब हम आजादी के 75 वर्ष पूर्ण करके अगले 25 वर्षों की यात्रा शुरू कर रहे हैं, तो संविधान का यह मंत्र देश के लिए एक संकल्प बन रहा है। मोदी ने कहा, आजादी का यह अमृत काल देश के लिए कर्तव्य काल है, चाहे व्यक्ति हो या संस्थाएं हमारे दायित्व ही हमारी पहली प्राथमिकता है। अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए हम देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत के सामने नित्य नए अवसर बन रहे हैं। भारत हर चुनौती पार करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक सप्ताह के बाद भारत को जी-20 की अध्यक्षता भी मिलने वाली है। यह बहुत बड़ा अवसर है। हम सभी टीम इंडिया के रूप में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाएं, भारत का योगदान को विश्व के सामने लेकर जाएं। यह भी हम सभी का सामूहिक दायित्व है। मोदी ने कहा कि हमारे संविधान की एक और विशेषता है, जो आज के युवा भारत में और भी प्रसांगिक हो गई है। उन्होंने कहा, हमारे संविधान निमार्ताओं ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जो ओपन है। फ्यूचरिस्टिक है। अपने आधुनिक विजन के लिए जाना जाता है।

## संसदीय कार्य मंत्रालय ने किया संविधान-प्रस्तावना वाचन



संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संसद भवन में भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संसदीय कार्य मंत्रालय के सचिव गुडे श्रीनिवास ने की। भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 के दिन अंगीकार किए जाने के उपलक्ष्य में और संविधान सभा के सदस्यों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल 26 नवंबर को देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में जगह-जगह गोष्ठियां, बैठकें और चर्चा परिचर्चा के कार्यकम आयोजित किए जाते हैं। संविधान दिवस कार्यक्रम में लोगों की भागीदार बढ़ाने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय ने दो डिजिटल पोर्टलों को नाया रूप देते हुए अपडेट किया है।

## मोदी ने मुंबई के 26/11 आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'संविधान दिवस' पर '26/11 मुंबई आतंकी हमले' में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की। मोदी ने उच्चतम न्यायालय द्वारा यहां आयोजित एक समारोह में अपने भाषण की शुरुआत 14 साल पहले मुंबई में मारे गए लोगों श्रद्धांजलि देते हुए की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि 26 नवंबर को जब देश संविधान दिवस के महत्वपूर्ण अवसर का जश्न मना रहा था, भारत मानवता के दुश्मनों द्वारा अपने इतिहास के सबसे बड़े आतंकवादी हमले का सामना किया था। मोदी ने घटना को याद करते हुए कहा, 14 वर्ष पहले जब भारत अपने संविधान, अपने नागरिकों के अधिकारों का पर्व मना रहा था, उसी दिन मानवता के दुश्मनों ने भारत पर सबसे बड़ा आतंकवादी हमला किया था। मुंबई आतंकी हमलों में जिनकी मृत्यु हुई, मैं उन्हें उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# कांग्रेस के सत्याग्रह से पहले अंग्रेज डरते थे अब भाजपा डर रही : मरकाम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत से लेकर भाजपा और उनसे जुड़े लोगो नफ रत फैलाने में भारत जोड़ो यात्रा के खिलाफ झूठी मनगढ़त और फेब्रिकेटेड वीडियो बनाकर यात्रा को कमजोर करने का षड़यंत्र कर रहे है। मध्यप्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी लोकेन्द्र पराशर के पहले केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, प्रीति गांधी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेताओं ने भारत जोड़ा यात्रा के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज सोशल मीडिया में जारी एवं गुमराह करने वाले बयानबाजी किये थे। जिसका पर्दाफाश हो चुका है। भाजपा कुछ भी कर ले अपने नफ्रत फैलाने वाले मंसूबों में कामयाब नहीं होगी। देश से नफरत खत्म होगा, भारत मजबूत होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार भारत जोड़ो यात्रा के वीडियो को एडिट कर भारत जोड़ो यात्रा को बदनाम करने की कोशिश की है वह बेहद हल्की और बचकानी हरकत है। भारत जोड़ो यात्रा की विशालता और मज़बूती से भयभीत भाजपा इस गलतफहमी में है कि उनकी ये हरकतें भारत जोड़ो यात्रा को नुकसान पहुंचा सकती है। भारत जोड़ो यात्रा के पवित्र उद्देश्य के कारण देशभर में आम जनता सहित लेखक, पत्रकार, फ़िल्मी सितारे, पूर्व फ़ौजी जैसे लोग भी इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। हर जाति धर्म संप्रदाय का व्यक्ति भाजपा द्वारा फैलाए गए नफरत



के खात्मे के लिए राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। यह यात्रा अब एक विशाल जनआंदोलन का रूप ले चुका है और भाजपा जानती है कि इस प्रकार के जन आंदोलन पूंजीवादी सत्ता के लिए हमेशा ही बड़ा खतरा साबित हुए हैं। कॉग्रेस के सत्याग्रह से पहले अंग्रेज डरते थे अब भाजपा डर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा। पूरा देश स्वीकार कर चुका है कि आज बबादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है। मोदी सरकार ने देश के 23 करोड़ लोगों को गरीबी के अंधेरे में धकेल दिया है। पूंजी पतियों की उंगलियों पर नाचने वाली मोदी सरकार के राज में देश का 77 प्रतिशत धन, सिर्फ एक फीसदी लोगों के पास है। भारतीय रुपए का सम्मान दिन-ब-दिन कम होते जा रहा है। आज मोदी सरकार के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा भी खतरे में है।

## मुंबई हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाना चाहिए : जयशंकर

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि मुंबई में 2008 में हुए आतंकी हमले के साजिश रचने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। डॉ. जयशंकर ने ट्वीट किया, आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है। 11/26 को दुनिया अपने पीड़ितों को याद करने में भारत के साथ है। जिन लोगों ने हमले की योजना बनाई और इसकी निगरानी की, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय के जिम्मेदार सदस्यों के रूप में यह हम पर निर्भर है कि हम उनके आघात को याद रखें और आतंकवाद के अपराधियों को न्याय दिलाने के हमारे प्रयासों में दृढ़ता रखें।

## आटा हो गया 37 रूपये प्रति किलो सरकार खामोश क्यों : मायावती

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी की समस्या के प्रति लापरवाह होने का आरोप लगाते हुये बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि आटा का दाम भी पिछले एक साल में बढ़ कर 37 रूपये किलो हो गया है मगर सरकार खामोश बनी हुयी है। मायावती ने शनिवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर महंगाई बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होने कहा देश में व्याप्त गरीबी व पिछड़ेपन के लाचार जीवन में महंगाई की मार तथा बेरोजगारी से त्रस्त मेहनतकश लोग हर दिन आटा, दाल-चावल व नमक-तेल आदि के महंगे दाम को लेकर सरकार को कोसते रहते हैं।





**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में चल रहे विकासात्मक कार्यों की जानकारी दी। साथ ही सीएम बघेल भारत जोड़ों यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान राहुल गांधी को बच्चों ने अपनी गुल्लक के पैसे निकालकर सहयोग के रूप में दिया।

आदिवासी आरक्षण मामले को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे आदिवासी नेता नंदकुमार साय से पायनियर की खास बातचीत

# चार साल तक आदिवासियों की उपेक्षा, कोर्ट में सरकार ने मजबूती से नहीं रखा पक्ष : साय



**रायपुर।** आदिवासियों के 32 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे भाजपा के धाकड़ आदिवासी नेता पूर्व सांसद, अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार साय से आरक्षण मुद्दे पर पायनियर के विशेष संवाददाता कैलाश यादव की विशेष बातचीत - साय ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा चार साल तक आदिवासियों के मुद्दे पर लापरवाही बरतते रही सरकार। जब कोर्ट में सुनवाई चल रही थी, उस समय कोर्ट में आदिवासियों की संख्या और बहुलता वाले क्षेत्र की जानकारी नहीं दी गई। भूपेश सरकार आदिवासियों के आरक्षण को लेकर डे-टू-डे सुनवाई पर कोई ध्यान नहीं दिया और न ही सरकार की तरफ से आदिवासियों के पक्ष में मजबूती से बात रखी गई, जिसके कारण कोर्ट ने आदिवासियों के आरक्षण में 12 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला लिया।

**सवालः** -आदिवासी आरक्षण को लेकर बतौर आदिवासी नेता आप विगत दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे है। इस आंदोलन में भाजपा का क्या रूख है?

**जवाबः** भाजपा का रूख आदिवासियों के आरक्षण को लेकर स्पष्ट है, भाजपा हमेशा से आदिवासियों की हित चिंतक रही है। देवेंद्र नगर स्थित धरना स्थल में प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव सहित सभी बड़े नेता पहुंच कर समर्थन दिया है। और आदिवासियों की आवाज सरकार के कानों तक पहुंचाने के लिए हम इसे विस्तार करने जा रहे है। भाजपा का आरक्षण धरना आंदोलन में पूर्ण समर्थन मिल रहा है।

**सवाल :** भूपेश सरकार की कैबिनेट ने हाल ही में 76 प्रतिशत आदिवासी आरक्षण का प्रस्ताव पारित किया है और उसके लिए विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। इसमें क्या संभावना देखते है?

**जवाबः-** भूपेश सरकार चुनावी साल होने की दृष्टिकोण से राजनीतिक लाभ लेने के लिए आनन-फानन में यह प्रस्ताव लाया है। ताकि आदिवासियों के वोट का लाभ मिल सके। जब कोर्ट ने 58 प्रतिशत आरक्षण में कटौती कर दी तो 76 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव सर्फ राजनीतिक लाभ उठाने के लिए है ढिंढोरा मात्र है।

**सवालः-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कांग्रेस पार्टी 76 प्रतिशत आरक्षण की कैबिनेट की मंजूरी के बाद इसे नौवी सूची में शामिल करने की पहल करेंगे। आप इस पर क्या संभावना देखते है?

**जवाब :-** आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक लाभ का नजरिया है। भूपेश सरकार

➢शेष पेज 9 पर




# जिले को कुपोषण मुक्त जिला बनाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : कलेक्टर

## पोषण पुनर्वास केंद्र में आने वाले माताओं को रोजगार के लिए दिया जायेगा प्रशिक्षण : चंद्राकर

### पोषण पुनर्वास केंद्र ''स्नेह संबल'' लोरमी में बच्चे 15 दिन में ही हुए स्वस्थ और तंदुरूस्त

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के नगर पंचायत लोरमी में जिला प्रशासन द्वारा संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र ''स्नेह संबल'' में अचानकमार क्षेत्र के 48 कुपोषित बच्चे 15 दिन में अपने माताओं के साथ रहकर सुपोषित, स्वस्थ और तंदुरूस्त हो गए। कलेक्टर और जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर द्वारा कल 24 नवंबर को अचानकमार क्षेत्र के इन स्वस्थ और तंदुरूस्त बच्चों एवं उनके साथ रह रही उनकी माताओं को प्रतिदिन 150 रुपए की दर से 15 दिनों की राशि 2250 रुपए का चेक, घर जाने के लिए वाहन व्यवस्था हेतु 300 रुपए, बच्चों के लिए स्वेटर, खेल सामग्री और पोषण किट प्रदान कर सभी को उनके घर के लिए रवाना किया। गौरतलब है कि बच्चों के कुपोषण और एनीमिया पर अंकुश लगाने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत नगर पंचायत लोरमी के नवनिर्मित सामुदायिक भवन में 10 नवंबर से पोषण पुनर्वास केंद्र ''स्नेह संबल'' का संचालन किया जा रहा है, जिसमें कुपोषित बच्चों को उनके माताओं के साथ 15-15 दिन रखकर सुपोषित किया जा रहा है।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा क्षेत्र के कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए यहां पोषण पुनर्वास केंद्र प्रारंभ किया गया है, जिसमें बच्चों की उचित देखभाल, स्वास्थ्य परीक्षण और निर्धारित समय पर बच्चों को मानक अनुरूप पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। साथ ही बच्चों के साथ रहने वाले माताओं को भी भोजन के साथ उन्हें प्रतिदिन 150 रुपए की दर से राशि प्रदान की जा रही है। इस कार्य हेतु जनप्रतिनिधियों और जिले के नागरिकों का भी अपार सहयोग मिल रहा है। इसके लिए कलेक्टर ने सभी के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया और अधिक से अधिक जिले के नागरिकों को इस अभियान में शामिल होने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पोषण पुनर्वास केंद्र ''स्नेह संबल'' में बच्चों के साथ रहने वाले माताओं को आजीविकामूलक गतिविधियों में प्रशिक्षण देने की पहल भी की जायेगी, ताकि माताएं यहां से कुछ सीखकर जाएं और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आय अर्जित कर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केंद्र ''स्नेह संबल'' में रखकर सुपोषित करने की बात कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने पोषण पुनर्वास केंद्र ''स्नेह संबल'' में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं 15 दिवस तक बच्चों के साथ रह रहे माताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यहां समय पर भोजन मिलता है, बच्चों की विशेष निगरानी रखी जाती है, उन्हें मानक अनुरूप पोषण आहार, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। बच्चों के मनोरंजन हेतु खेल सामग्री भी उपलब्ध है। बच्चों का वजन भी बढ़ा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कलेक्टर पहुंचे सुदूर वनांचल ग्राम सुरही स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

## ग्रामीणों से चर्चा कर ली मूलभूत सुविधाओं की जानकारी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कल 24 नवंबर को शाम लोरमी विकासखंड के अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र स्थित सुदूर वनांचल ग्राम सुरही पहुंचे और वहां संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता, पेयजल, बिजली व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन मरीजों की संख्या और संस्थागत प्रसव की जानकारी ली एवं संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा सुदूर वनांचल क्षेत्रों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने किए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अचानकमार क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम सुरही में ग्रामीणों से भी चर्चा की और ग्राम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा राशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान भारत कार्ड,, खेती-किसानी, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली, सड़क संबंधी समस्याएं बताई। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर आयोजित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

**कलेक्टर के हाथों जब मिला बिस्किट का पैकेट, ग्राम सुरही के बच्चों ने कहा थैंक्यू**

सुदूर वनांचल ग्राम सुरही के बच्चों में उस समय खुशी देखने को मिली, जब कलेक्टर ने अपने हाथों से सभी बच्चों को बिस्किट का पैकेट प्रदान किया। बच्चों ने खुशी-खुशी कलेक्टर से कहा थैंक्यू। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों से चर्चा कर स्कूल, पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद गतिविधि की जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि हम लोग बहुत खेलते है और पढ़ाई भी करते हैं। कलेक्टर ने बच्चों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता सलीम खान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# 'सशक्त युवा सशक्त मुंगेली' आकांक्षा प्लेटफॉर्म के माध्यम से निजी कम्पनियों में जिले के 176 शिक्षित युवाओं को मिली नौकरी

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा संचालित ''सशक्त युवा सशक्त मुंगेली'' अभियान के अंतर्गत जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 08 निजी कम्पनी के नियोजककर्ता शामिल हुए। इन निजी कम्पनियों के द्वारा जिले के 176 युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया गया। इन चयनित युवाओं को कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी और मण्डी बोर्ड मुंगेली के अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय ने नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं जिला प्रशासन द्वारा नियोक्ताओं को भी प्रशंसा प्रत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच है कि प्रत्येक युवा के हाथ में काम हो। वे आत्मनिर्भर बने। मुख्यमंत्री की इसी सोच के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा आकांक्षा प्लेटफार्म के तहत जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु सेतु का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विभिन्न कम्पनियों के लिए चयनित युवाओं को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज के समय में रोजगार बहुत मुश्किल से प्राप्त होता है। जो रोजगार मिला है, उसे जरूर करें। रोजगार प्राप्त होने और रोजगार से जुड़ने से जो अनुभव प्राप्त होता है, वह आगे भी काम आता है। जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। किसी भी काम को करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप जिला प्रशासन मुंगेली के द्वारा ''सशक्त युवा सशक्त मुंगेली'' आकांक्षा प्लेटफार्म के माध्यम से जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने का अभिनव कार्य किया गया है, जो सराहनीय है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनर्जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंगेली जिला तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि आकांक्षा प्लेटफ ार्म के माध्यम से शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा गया है। अब वे अपने माता-पिता की सपने को साकार करेंगे।

# प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इंदुबाला मिंज ने जिला अस्पताल जशपुर में की मरीजों की जांच

## कुनकुरी में 27 एवं 28 नवम्बर को तपकरा स्वास्थ्य केंद्र में

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ इंदु मिंज ने जिला अस्पताल जशपुर में मेडिकल हेल्थ कैम्प किया जिसमें 87 मरीजों ने चिकित्सा परामर्श के साथ इलाज कराया है। आज उन्होंने ओटी कक्ष का निरिक्षण भी किया एवं ऑपरेशन में भाग लिया इस दौरान जिला अस्पताल की डॉ ममता साय गायकोनोलोजीस्ट, डॉ. अंजना लकड़ा पीजी गायकोनोलोजीस्ट, डॉ इंदु सुचिता मिंज भी साथ रही। डॉ इंदु मिंज ने बताया अपने लोगों के बीच काम करने का अवसर मिलता है मेरे माध्यम से और यहाँ के डॉक्टर के साथ मिल कर यहाँ इलाज कर रहे है ऐसा अवसर मिलता रहेगा जिससे लोगों को लाभ मिलेगा तो हमेशा मै यहाँ आते रहूंगी. यहाँ जिला अस्पताल की डॉ. ममता साय गायकोनोलोजीस्ट, डॉ अंजना लकड़ा पीजी गायकोनोलोजीस्ट, डॉ इंदु सुचिता मिंज का साथ मिला उनका मार्गदर्शन भी किया। डॉ इंदु मिंज सर्जन एवं गायकोनोजिस्ट जशपुर जिले के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के कमी को देखते हुए लगातार मेडिकल कैम्प कर रही है इससे पूर्व भी उन्होंने कुनकुरी एवं जशपुर में 28 एवं 29 अगस्त को मेडिकल कैम्प कर सैकड़ों लोगों का इलाज किया था. लोगों को लगातार चिकित्सा का लाभ मिल रहा है. ज्ञात हो कि कुनकुरी विधायक यू.डी. मिंज अपने क्षेत्र के लोगों के साथ ही जशपुर जिले में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में अपनी धर्मपत्नी डॉ. इंदुबाला मिंज व माध्यम संस्था के साथ मिलकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रहे हैं। इससे जशपुर, कुनकुरी शहर के अलावा कोतबा, कांसाबेल, दुलदुला, फरसाबहार क्षेत्र से काफी मरीज लाभ ले रहे है। इस प्रकार का मेडिकल कैम्प लगातार होता रहेगा जिससे स्थानीय लोग चिकित्सा परामर्श के साथ इलाज कराएंगे।

# जामा मस्जिद दल्लीराजहरा में हुआ चुनाव





**दल्लीराजहरा।** नगर के मुस्लिम समाज में कई वर्षो बाद समाज के सदर का चुनाव पूरे हर्षोल्लास के साथ बैलेट पेपर के माध्यम से संपन्न किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज के युवा, बुजुर्ग वर्गों ने बढ़ चढकर रुचि दिखाते हुए मतदान किए। सदर चुनाव में कुल 447 मतों का मतदान हुआ जिसमे 344 मतों के साथ शेख नय्यूम ने विजय हासिल की। सदर चुनाव में कुल तीन प्रत्याशियों ने भाग लिया जिसमे मोहम्मद असलम को 21 मत ,अब्दुल लतीफको 78 मत और शेख नय्यूम को 344 मत प्राप्त हुए। 4 मत अवैध रहे। नगर में मुस्लिम समाज के सदर का चुनाव छत्तीसगढ़ राज्य वक्फबोर्ड के ऐडहॉक कमेटी के सदस्य जहीर कुरैशी, शकील हुसैन, मोइद सफी, यासिर फारूकी, कलाम मोहम्मद खान, मसलेउद्दीन , स्थानीय नायब तहसीलदार विनय देवांगन, एसडीएम सुरेश कुमार एवं थाना प्रभारी वीना यादव व थाना स्टाफकी निगरानी में संपन्न कराया गया। जामा मस्जिद के सदर चुनाव में छत्तीसगढ़ वक्फबोर्ड, सभी प्रशासनिक अधिकारियों, मुस्लिम जमात का योगदान रहा। सदर चुनाव में विजय हासिल करने के बाद शेख नय्यूम ने कहा की वह अपनी जमात एवं अपने दल्लीराजहरा नगर के लिए सदैव खड़े रहेंगे व सभी के हित में कार्य करते हुए आपसी भाईचारा को बरकार रख मुस्लिम समाज तथा दल्लीराजहारा का विकास कार्य करेंगे।

# एक्लव्य घोलेंग में मनाया गया संविधान दिवस विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई



**जशपुरनगर।** आदिवासी विकास विभाग के आदर्श आवासीय विद्यालय घोलेंग में 26 नवंबर को धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यापर्ण संस्था के प्राचार्य और शिक्षकों के द्वारा किया गया।इस अवसर पर संस्था के विद्यार्थियों को संविधान पालन की शपथ भी दिलायी गयी।संस्था की वरिष्ठ व्याख्याता दिव्य रानी तिर्की ने किसी राष्ट्र की उत्तर जीविता और स्थायित्व के लिए नियमौं ,योजनाओं और उनके क्रियान्वयन पर संविधान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका एस एस तिग्गा ने संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की विशेषता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्था के प्राचार्य दुर्गेश पाठक ने भारत शासन अधिनियम 1935 से लेकर संविधान सभा के गठन और प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ भीमराव अम्बेडकर के कार्यो पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर संस्था की किसी छात्रावास अधीक्षिका रानू उरांव सहित समस्त शिक्षक और कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे। मंच का संचालन संस्थान के शिक्षक मोहम्मद वसीम ने किया।

# कुसुमकसा में अवैध निर्माण पर रोक लगाकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




कुसुमकसा में राष्ट्रीय राज मार्ग 930 मुख्य मार्ग से लगा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित के कार्यालय के सामने की बाउंड्रीवाल (अहाता) को तोड़कर चार दुकान का अवैध निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से उक्त अवैध निर्माण पर रोक लगाकर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय भवन के अहाता को तोड़कर उस पर नयी दीवार खड़ी कर दुकान बनाया जा रहा है। शासकीय भवन के अहाता की दीवाार को तोड़ने के लिए शासन से अनुमति ली गयी है या नही जांच का विषय है। किसकी अनुमति से अहाता की दीवाल को तोड़कर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है ,दुकानों के निर्माण के लिए शासन द्वारा कोई राशि प्रदान की गयी है या किसी निजी व्यक्ति द्वारा वनोपज सहकारी समिति के आड़ में दुकानों का निर्माण करा रहा है, इसकी जानकारी नही मिल पायी है। ग्राम पंचायत कुसुमकसा में उक्त निर्माण को लेकर जानकारी लेने पर अनभिज्ञता जाहिर करते हुए दिखवाने की बात कही गौरतलब है कि उक्त भवन के सामने से राष्ट्रीय राज मार्ग 930 का सड़क निर्माण चल रहा है।

# राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष गरियाबंद जिले अंतर्गत राजिम में 16 से 18 फरवरी 2023 तक किया जाएगा। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता दलो को क्रमशः 05 लाख रूपए, 03 लाख रूपए तथा 02 लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्रदाय की जाएगी। इस तारत्मय में वर्ष 2022-23 के प्रतियोगिता के प्रथम चरण के अंतर्गत बालोद जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25 नवंबर से 15 दिसम्बर तक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसी तरह जनपद पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता 05 जनवरी से 25 जनवरी के बीच और जिला स्तरीय प्रतियोगिता 27 जनवरी से 03 फरवरी तक आयोजित कर जिला स्तरीय विजेता रामायण मंडली को चयन किया जाना है। गौरतलब है कि प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र में रामायण मंडलियाँ एक अभिन्न अंग है। राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की तरह रामायण मंडलियों की प्रोत्साहित करने हेतु राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पूर्व की भांति यह प्रतियोगिता पहले चरण में ग्राम पंचायत में जितने भी रामायण मंडलियां है उनके बीच प्रतियोगिता के माध्यम से एक विजेता रामायण मंडली को चयन किया जाना होगा। तत्पश्चात् दूसरे चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से चयन किए गये रामायण मंडलियों के बीच जनपद पचांयत स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाए तथा प्रत्येक जनपद पंचायत के विजेता रामायण मंडलियों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता के माध्यम से जिला स्तरीय विजेता को चयन किया जाना होगा।

# कलेक्टर ने किया आगर व्यपवर्तन योजना के तहत नहर लाईनिंग कार्यों का निरीक्षण

## मुंगेली में बैराज के निर्माण के लिए स्थल का किया अवलोकन दिए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर 24 नवंबर को जल संसाधन विभाग के आगर व्यपवर्तन योजना के तहत नहर लाइनिंग के कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया और जिले में सिंचाई क्षमता, लाभांवित किसानों की संख्या आदि की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पेंडाराकापा में जल संवर्धन और मुंगेली शहर के नागरिकों को वर्षभर पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु बैराज निर्माण के लिए स्थल का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अंतर्गत मनियारी जलाशय के मुख्य नहर एवं डी वन और डी टू नहरों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जिले के किसान वर्ष में दो फसल लेते हैं। जिसके लिए किसानों को अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इस हेतु किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पानी देने के निर्देश दिए।

### खुड़िया क्षेत्र में पर्यटन के विकास के लिए स्थल का भी किया अवलोकन

कलेक्टर ने राजीव गांधी जलाशय (खुड़िया बांध) के समीप पर्यटन क्षेत्र के विकास हेतु स्थल का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। यहां के प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत और मनोरम है। यह क्षेत्र पर्यटन के रूप में विकसित होने पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। इससे क्षेत्र को लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। इस हेतु उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता सलीम खान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# दुलदुला में दिव्यांगजनों को विशिष्ट पहचान-पत्र प्रदान करने शिविर का किया गया आयोजन

## हितग्राहियों को कार्ड और सामग्री वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के दिव्यांगजनों को विशिष्ट पहचान-पत्र जारी करने हेतु सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज दुलदुला विकासखंड में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में हितग्राहियों को कार्ड और सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग उप संचालक सुनीता लकड़ा, अन्य जनप्रतिनिधिगण और ग्रामवासी उपस्थित थे। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के कुल 49 लोगों का पंजीयन किया गया था और 40 लोगों को कार्ड बांटा गया है। समाज कल्याण विभाग ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिले मे शेष दिव्यांगजनों का ग्राम पंचायतवार शारीरिक जांच एवं यूडीआईडी पोर्टल मे पंजीयन हेतु जिले के समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाला यह साप्ताहिक शिविर समस्त ग्राम पंचायतों में निवासरत सभी दिव्यांगजनों के यूडीआईडी हेतु शत प्रतिशत पंजीयन पूर्ण होने तक अनवरत रूप से जारी रहेगा।

# आरक्षण के नाम पर सभी वर्गों को झुनझुना पकड़ाने का काम कर रही भूपेश सरकार : डॉ. रमन सिंह

## 58 फीसदी आरक्षण बचा नहीं पाई भूपेश सरकार, अब 76 फीसदी का सपना दिखा रही है

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com




भानुप्रतापपुर विधानसभा के उप चुनाव को लेकर दोनों प्रमुख पार्टी जीत को लेकर डोर टू डोर जनसम्पर्क कर प्रचार-प्रसार जारी है। वहीं दोनों पार्टी के दिग्गजों व्दारा चुनावी सभा भी किया जा रहा है। 25 नवंबर गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह चारामा क्षेत्र के ग्राम कोटतरा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। जहां पर डा. सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भूपेश बघेल सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आरक्षण के नाम पर सभी वर्गों को झुनझुना पकड़ाने का काम कर रहे हैं। आगे कहा कि मंत्रिमंडल की बैठक में आरक्षण पर जो प्रस्ताव पारित किया गया है, वह भूपेश बघेल सरकार की गोलमाल संस्कृति का नया प्रारूप है। यह प्रस्ताव जनता की आंखों में मिर्च पाउडर फेंकने का कुत्सित प्रयास है। मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों के खिलाफ सामने आ रहे जन विरोध और भानुप्रतापपुर उपचुनाव में बिगड़ी हालत से घबराई भूपेश बघेल सरकार ने जनता को फुसलाने के लिए कुल 76 फीसदी आरक्षण का जो लॉलीपॉप दिखाया है, वह कोरी झाँसेबाजी है। धरातल पर यह टिक नहीं सकती। आरक्षण पर हाइकोर्ट के फैसले से कटौती के बाद कांग्रेस सरकार नकारा साबित हुई है। वह भाजपा सरकार द्वारा दिये गये और अपने कार्यकाल तक सुरक्षित रखे 32 फीसदी आरक्षण का बचाव नहीं कर सकी, बल्कि सुनियोजित तरीके से आदिवासी आरक्षण में कटौती करवा दी, जिससे आदिवासी समाज व्यथित और आक्रोशित है। जिससे निपटने के लिए सरकार ने नये सिरे से धोखेबाजी का तरीका निकालते हुए प्रस्ताव पारित किया गया है कि आदिवासी वर्ग को 32, ओबीसी वर्ग को 27, एससी वर्ग को 13 व सामान्य वर्ग के गरीबों को 4 फीसदी आरक्षण देने की बात कही गई है। कुल 76 प्रतिशत आरक्षण कैसे संभव है। यह संभव नहीं है, यह हकीकत सभी समझ रहे हैं। 32 फीसदी आदिवासी आरक्षण में कटौती के विरुद्ध कांग्रेस सरकार सुप्रीम कोर्ट से स्थगन नहीं ला पाई। इस सरकार ने 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के विरुद्ध स्थगन लाने वाले को राज्यमंत्री के ओहदे से पुरस्कृत किया। जबकि उसे इस स्थगन के विरुद्ध ऊपर की अदालत में गंभीर प्रयास करने चाहिए थे। कांग्रेस सरकार ने आदिवासी आरक्षण कम करवाने वाले को भी उपकृत किया। यह सरकार आरक्षित वर्ग के साथ छल करती रही है। यह पहली बार नहीं है जब आरक्षण पर कांग्रेस धोखेबाजी का प्रयास कर रही है। जनता अब उनके झांसे में नहीं आएगी सभी यह समझ चुके हैं कि कांग्रेस आरक्षण विरोधी है। भूपेश बघेल खुद बेल में बाहर है और ब्रम्हानंद पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। जन विरोध से घबराए भूपेश बघेल की एक और झाँसेबाजी ओबीसी, एसटी आरक्षण कटौती का इनाम देती है। राज्य सरकार सबको सिर्फ झुनझुना पकड़ा रही है। इस दौरान उनके व्दारा भानुप्रतापपुर विधानसभा में हो रहे उप चुनाव में आने वाले 5 दिसम्बर को मतदान कर भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम को वोट देकर प्रचण्ड बहुमत से विजयी बनाने की अपील की गई। सभा को रायपुर सांसद सुनील सोनी, कांकेर सांसद मोहन मण्डावी, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रेम प्रकाश पाण्डे,पूर्व विधायक मोतीराम साहू, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक इन्दर सिंह चोपड़ा, विधायक रंजना साहू, जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, भरत वर्मा, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भरत मटियारा, भाजपा मण्डल चारामा अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी आदि ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान प्रमुख रुप से विजय मण्डावी, उमा देवी शर्मा, आलोक सिंह ठाकुर, नन्दकुमार ओझा, प्यारेलाल देवांगन, सुशील निषाद, अंकित जैन, भोजराज सोनी, देव कोसरिया आदि भाजपा के मण्डल पदाधिकारी सहित सभी शक्ति केन्द्रो के संयोजक, सह संयोजक सहित प्रभारी व कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

# दिव्यांगों को मिला उनका हक मुड़ामी की पहल रंग लाई

पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी शीत ऋतु के आगमन के साथ ही क्षेत्र में कंबल वितरण लागातार कर रहे हैं। इसी दौरान उन्हें दिव्यांग हुंगी और सोमडु ग्राम पंचायत गड़मिरी और बनमलि, चन्दर नगर पालिका किरंदुल में मिले। हुंगी दोनों हाथों से दिव्यांग व अस्वस्थ है जिस वजह से वो कोई भी दैनिक कार्य नहीं कर पाती है। ऐसे ही सोमरू लगभग 1 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना उनका दाया पैर का हड्डी पूरी तरह टूट चुका हैं जिस वजह से चलने में असमर्थ है। नगर पालिका किरंदुल बनमली आंखों से दिव्यांग और चंदर सुनने में असमर्थ है। चारों दिव्यांगों के पास दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं होने की वजह से इन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

चारों दिव्यांगों को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में लाकर डॉक्टरों से मिलकर उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहल की गई। वृद्ध अति गरीब दिव्यांगजन जिन्हें शासन की योजना के तहत हर वो सुविधा मिलनी चाहिए थी जिसके वह हकदार थे पर आज पर्यंत तक वे सभी शासकीय सुविधा से वंचित थे, मुड़ामी जी एवं उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य मालती मुड़ामी ने तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से एवं जिला चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर तत्काल उनका दिव्यांगता सर्टिफिक्रेट एवं समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत पात्र जितनी भी सुविधाएं मुहैया कराई जा सकती हैं उसके लिए त्वरित प्रयास किया गया।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मालती मुड़ामी द्वारा लिखित रूप से समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को आवेदन दिया गया। इसी का नतीजा है कि आज हूँगी और सोमडु पर जो मुस्कान ट्रायसाइकल पाकर और बनमली और चंदर को दिव्यांग प्रमाण पत्र बनता देख दिख रहा है इसके लिए नंदलाल मुड़ामी जी एवं उनकी जिला पंचायत सदस्य पत्नी मालती मुड़ामी के अथक प्रयास का ही परिणाम है मुड़ामी कहते हैं ऐसे जरूरतमंद लोगों को उनका हक मिले इसके लिए लगातार प्रयासरत रहूंगा । इस दौरान विशेष रूप से सोनी कोर्राम सरपंच गड़मिरी , सुकालू मुड़ामी सरपंच पालनार,भीमा कवासी जनपद सदस्य कुआकोंडा, सोमडु कोर्राम,मुर्शीद, बुधराम कश्यप सहयोग रहा ।

# मुख्य महाप्रबंधक ने किया संविधान प्रस्तावना का पठन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

26 नवंबर को किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार ने प्रशासनिक भवन के प्रांगण में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संविधान प्रस्तावना का पठन किया। इस अवसर पर बी. के. माधव उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने सभी को संविधान प्रस्तावना की आत्मा कही जानेवाली मूल उद्देशिका के महत्व को बताया तथा संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की बात कही।

इस अवसर पर एस.के. कोचर महाप्रबंधक (खनन), एस. के. साहू उप महाप्रबंधक (विद्युत) सेवाएं, एस.चिकाटे, उप महाप्रबंधक (सीएंडआईटी), बी. एंटोनी, उप महाप्रबंधक (सामग्री) सहित कार्मिक, वित्त एवं सामग्री विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय में किया गया संविधान की प्रस्तावना का पठन



**जगदलपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान के प्रस्तावना का पठन किया। कमिश्नर श्याम धावड़े ने अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का पठन कराया। उपायुक्त बीएस सिदार माधुरी सोम, ऋतुराज बिसेन, संभाग के सभी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त तथा जनपद पंचायत के सीइओ इस अवसर पर उपस्थित थे।

# कमिश्नर धावड़े ने दिए संभागस्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तैयारियां करने के निर्देश

**जगदलपुर।** कमिश्नर श्याम धावड़े ने संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सात से नौ दिसंबर तक जगदलपुर के लालबाग मैदान में संभाग के सभी सात जिलों से लगभग दो हजार खिलाड़ियों की उपस्थिति में आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की व्यापक तैयारियों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# माइंड स्पार्क ऐप की सहायता से बच्चों के बौद्धिक तार्किक क्षमता में विकास





पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में मोबाइल की सहायता से बच्चों में ज्ञान की सीमा को बढ़ाने के लिए सात हजार दो सौ बच्चों को चिन्हांकित किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अब संकुल समन्वयक और शिक्षक अपने संकुल के शालाओं में चिन्हांकित किए बच्चों को मोबाइल की सहायता से माइंडस्पार्क ऐप का उपयोग करते हुए अध्ययन करना सीखा रहे हैं। इसमें मुख्य रूप से भाषा और गणित को फोकस किया गया है और बच्चे इसमें गंभीरता से बढ़ चढ़कर रुचि दिखा रहे हैं। इन बच्चों के लिए विद्यालय से घर जाने के बाद अतिरिक्त टूल के रूप में माइंडस्पार्क ऐप का लाइसेंस वर्जन निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया है। इस ऐप में विषय आधारित शिक्षण सामग्री और प्रश्नों के स्तर को बच्चों की कक्षा स्तर के अनुरूप रखा गया है एवं बच्चों की बुनियादी लेवल चेक करते हुए उनके स्तर को सुधारकर विषय की गहराई को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे के मार्गदर्शन में सहायक कार्यक्रम समन्वयक रूपसिंह सलाम के नेतृत्व में पीरामल फाउंडेशन से एडीसी प्रदीप राव की सहायता से संचालित किया जा रहा है।

# बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक 14 दिसंबर को बीजापुर में

**जगदलपुर।** बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल की अध्यक्षता में प्राधिकरण की बैठक बुधवार 14 दिसंबर को बीजापुर स्थित जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। प्राधिकरण के सचिव एवं कमिश्नर श्याम धावड़े ने बताया कि इस बैठक में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और सांस्कृतिक विधाओं के अभिलेखीकरण कार्य की समीक्षा, देवगुड़ी, मातागुड़ी, घोटूल, प्राचीन मृतक स्मारक का राजस्व अभिलेखों में प्रविष्टि एवं अद्यतन की जानकारी, शालात्यागी विद्यार्थियों के पुनः प्रवेश, विगत बैठक की कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा, अब तक स्वीकृत कार्यो के प्रगति की समीक्षा, अनुशंसित कार्यों के प्रशासकीय स्वीकृति की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# संभागस्तरीय अंतर जिला इलेक्शन क्विज में कोंडागांव और भाषण प्रतियोगिता में सुकमा ने फहराया परचम



**जगदलपुर।** संभाग स्तरीय अंतर जिला इलेक्शन क्विज और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। क्विज प्रतियोगिता में कोंडागांव के डुकेश्वर कावड़े और चेतना बघेल ने प्रथम स्थान और कांकेर के रुपेश कुमार कोर्राम व रैनसिंह कांगे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सुकमा के अभिषेक तिवारी ने प्रथम स्थान और जगदलपुर की मधुमिता कोष्टा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, अनुविभागीय दण्डाधिकारी नंदकुमार चैबे ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस




पायनियर संवाददाता ◄ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

शनिवार 26 नवम्बर को केंद्रीय विद्यालय किरन्दुल में संविधान दिवस मनाया गया।विद्यालय के प्राचार्य 'डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने डॉ बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

संविधान की आत्मा संविधान की प्रस्तावना का वाचन पाठ्य सहगामी क्रिया कप्तान निशिया महेंग ने किया।इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिताका आयोजन किया गया विषय था भारत-लोकतंत्र की जननी। छात्र परिषद् के कप्तान अमित कुमार ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला विद्यालय के शिक्षक मुकेश टेंभुर्णे ने संविधान निर्माता 'बाबासाहब अंबेडकर के जीवन और संविधान निर्माण में उनके योगदान केवारे में विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। कक्षा आठवीं के छात्र अनमोल पाण्डेय ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमूर्ति के रूप में उपस्थिती दी।कुमार वंश ने देशभक्ति एकल नृत्य प्रस्तुत किया।इस अवसर विद्यालय में सामान्यज्ञान, निबंध लेखन,वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद कुमार टुवेंसी का योगदान सराहनीय रहा।विद्यालय समस्त कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# किरंदुल परियोजना में डिजिटल कूपन का वितरण




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

परियोजना प्रमुख के सम्मेलन कक्ष में परियोजना प्रमुख विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन से परियोजना प्रबंधन समिति सदस्य एस. बी. सिंह महाप्रबंधक (उत्पादन) एवं आर. राजकुमार महाप्रबंधक (संयंत्र) ने डिजिटल कूपन का उद्घाटन किया और अपने करकमलों से ठेका श्रमिकों को डिजिटल कूपन वितरित किए।इस कूपन के डिजीटलीकरण से पेपर वर्क और समय की बचत होगी,साथ ही डिजिटलीकरण से ठेका श्रमिकों को राशन आदि के वितरण में सुविधा होगी।उद्घाटन अवसर पर एस. के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), एस.गुहा उप महाप्रबंधक (वित्त), सुरेश पी. नायर उप महाप्रबंधक (सतर्कता), एस. चिकाटे उप महाप्रबंधक (सीएंडआईटी), लखबीर सिंह उप महाप्रबंधक (सिविल), अनिल कुमार उप महाप्रबंधक (खनन) सहित परियोजना के वरिष् ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भाजपा नेत्री दीपिका पहुंची बालिका आश्रम चिकपाल छात्राओं को बताया गुडटच बैडटच एवं अधिकार



पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के आश्रम छत्रावासों की लगातार आ रही शिकायतों पर उनकी वास्तविक स्तिथि से अवगत होने इन दिनों भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी लगातार जिले के आश्रम छात्रावासों का भ्रमण कर रही हैं इसी कड़ी में वो जिले के बालक आश्रम मड़काम पारा,बालक आश्रम पोंगाभेज्जी एवं नवीन कन्या आश्रम चिकपाल का दौरा किया, चिकपाल नवीन कन्या आश्रम शाला में उन्होंने उपस्थित सभी बालिकाओं से उनके सेहत के बारे में आश्रम शाला की भोजन व्यवस्था के सम्बंध में पूछा लगभग दो घन्टे उन्होंने बालिकाओं के बीच में व्यतीत किया व कहा कि वो उन्हें अपनी बड़ी बहन के रूप में देखकर कोई भी समस्या या आवश्यकता है तो निसंकोच बताए छोटी छोटी बच्चियां भी पहली बार इस प्रकार किसी को अपने बीच में पाकर बेहद खुश नजर आ रही थी।

### गुडटच एवं बैडटच की जानकारी देकर बताया सेनेटरी पेड का उपयोग

साथ ही सभी बालिकाओं को गुडटच एवं बेडटच की जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई अनजान या अपना व्यक्ति उन्हें स्पर्श करें जो हमें अच्छा नहीं लगता उसे बेडटच एवं जिसके छूने से हमें अच्छा लगता हो हमें सुरक्षित महसूस होता हो जैसे माता-पिता,भाई-बहन आदि का स्पर्श इसे गुडटच कहते हैं जिस व्यक्ति के छूने से हमें अच्छा नहीं लगता उसकी शिकायत तुरन्त अपने माता पिता या अपने घर के बड़ों से या गुरुजनों से करना चाहिए जिनके पास जाने में हमे सुरक्षित महसूस होता हो।

साथ ही वयस्क बच्चियों को सेनेटरी पेड़ के उपयोग के बारे में बताते हुए कहा कि हमें सेनेटरी पेड का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए क्योंकि इसके उपयोग करने से हम कई प्रकार की बीमारियों से बचते हैं।साथ ही उन्हें बच्चों के अधिकार के बारे में भी बताया।

### दैनिक उपयोग की सामग्री की मिल रही है शिकायत-दीपिका

दीपिका ने बताया कि मैं लगातार छात्रावास एवं कन्या आश्रम का दौरा कर रही हूं और जिले के प्रत्येक आश्रम,छात्रावासों में जाकर देखूंगी क्योंकि हमारे छोटे छोटे भाई बहन इन संस्थाओं में अपने माता पिता व परिजनों से दूर रहकर संस्था प्रमुख को अपना पालक समझ कर अध्ययन कर रहे हैं ऐसे में उनकी भी पूरी जिम्मेदारी होती है कि वो एक एक बच्चे का ख्याल रखें, मैं पोटाकेबिन केरलापाल, बालक छात्रावास मडकाम पारा,बालक छात्रावास पोंगाभेज्जी एवं नवीन कन्या आश्रम चिकपाल में भ्रमण किया है जहाँ अधिकांश जगह अधीक्षक अनुपस्थिति मिले व दैनिक उपयोगी वस्तुओं जैसे नहाने एवं कपड़े धोने का साबुन एवं सिर्फ जैसी वस्तुओं में कटौती की जाती है जो बेहद निंदनीय कार्य है।

### केरलापाल छात्रावास में सुधरी पानी की व्यवस्था

विदित हो कि रविवार को भाजपा नेत्री दीपिका ने केरलापाल बालक छात्रावास का दौरा कर वहां की पानी व्यवस्था के साथ अन्य समस्याओं के सम्बंध में सवाल उठाए थे उसके बाद स्थानीय प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल वहाँ की पानी की व्यवस्था को दुरुस्त कर बोर में समर्सिबल मोटर डालकर सुधार किया गया जिससे सभी छात्र खुश नजर आ रहे थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में लगा मेगा स्वास्थ्य कैंप ग्रामीण हो रहे लाभान्वित




### एन एस एस शिविर जैतपुरी में ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्रामीण विकास के लिए युवा थीम पर दिसंबर से तीस दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना बृजेश तिवारी ने बताया की द्वितीय दिवस 25 नवंबर को जिला मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन शिविर परिसर में किया गया जहां सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर ब्लड ग्रुप वह हिमोग्लोबिन के स्तर की जानकारी दी गई साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष और महिलाओं ने भी विभिन्न बीमारियों ब्लड प्रेशर मधुमेह सहित अन्य मौसम जनित बीमारियों का उपचार प्राप्त कर लाभान्वित हुए शिविर में शिक्षक वर्षा केरकेट्टा एवं जालम सिंह देशमुख का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है शिविर को सफल बनाने में जनप्रतिनिधि बसमन नेताम सरपंच फूलमती नेताम प्राचार्य राजकुमार रामटेके सहित ग्रामीण जनों का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# दो दिवसीय स्कूली विद्यार्थियों के लिए लुप्तप्राय-लोकपारंपरिक विशिष्ट शिल्प, कला कार्यशाला में बच्चों ने दिखाया हुनर

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com





नगर में दो दिवसीय लक्ष्मी नारायण मंदिर सत्संग भवन स्कूली विद्यार्थियों के लिए लुप्तप्राय लोक पारंपरिक विशिष्ट शिल्प कला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांशीराम चौधरी (भुतपूर्व बीईओ एवं सेवानिवृत प्राचार्य) , विशिष्ट अतिथि जाने माने आर्टिस्ट व सेवानिवृत्त प्रधान पाठक तोषराम पटनायक एवं ख्याति प्राप्त समाजसेवी, कलाप्रेमी विश्वजीत गुप्ता ,अध्यक्षता इन्टैक सरायपाली अध्याय के संयोजक यशवंत कुमार चौधरी ने किया। समस्त अतिथियों का स्वागत परम्परा अनुसार सादा गमछा द्वारा किया गया. अतिथियों द्वारा 10 बजे कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यशाला में प्रतिभागी विद्यार्थियों को बांस की चटाई पर भित्तिचित्र व बस्तर कलाकृति ( विशेषकर चेहरे की कलाकृति ) की कलमकारी कला का प्रशिक्षण बस्तरिहा आर्ट के आमंत्रित कुशल कलाकार अरुण कुमार हलधर द्वारा बखूबी दिया गया। आमंत्रित विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 7 वीं से 9 वीं तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस कार्यशाला में भाग लेने अवसर मिला । कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ए-3 साईज ड्राईंग पेपर पर रंगों के माध्यम से चित्र बनाकर जमा किया गया है तथा इन प्रविष्टियों में से 3 उत्तम प्रविष्टि का चयन कर राष्ट्रीय स्तर पर शामिल करने हेतु इन्टैक केन्द्रीय मुख्यालय नई दिल्ली भेजी जायेगी। पेंटिंग हेतु ए-3 साईज ड्राईंग पेपर इन्टैक द्वारा निःशुल्क प्रदान किया गया है।

संयोजक यशवंत चौधरी द्वारा स्थानीय विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यो को इस आयोजन में भाग लेने के लिये अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने तथा कक्षा 7 वीं से 9 वीं कक्षा तक के 5 प्रतिभागी विद्यार्थियों को एक प्रभारी शिक्षक के साथ शामिल कराने का आग्रह किया गया था जिससे कार्यशाला से 60 विद्यार्थी लाभांवित हुए हैं । विद्यार्थियों -मार्गदर्शक शिक्षकों,अतिथियों के लिए रिफ्रेशमेंट आदि की व्यवस्था अच्छी गुणवत्ता के साथ किया जा गया। सभी आगन्तुक अतिथियों को मोमेंटो भेंट किया गया।

राज्य संयोजक अरविन्द मिश्रा एवं राज्य सह-संयोजक राजेन्द्र चाण्डक के मार्गदर्शन में आयोजित यह दो दिवसीय विशिष्ट कार्यशाला इस क्षेत्र में कला -कौशल विकास हेतु एक नया आयाम सिद्ध हुआ है. कार्यशाला का समापन क्षेत्र के जाने माने कलाकार कला के धनी नेहरुलाल नायक की उपस्थिति में किया गया. बतौर सहयोगी शिक्षक राधा शर्मा, वंदिता, पुण्यवति साहू, निर्मला नायक, यासमीन खान, रेखा चौधरी, सुंदरलाल डडसेना आदि ने सहभागिता दी तथा इन्टैक के आजीवन सदस्य केशव प्रसाद साहू एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति का भरपूर योगदान रहा. अध्यक्षीय उद्बोधन में यशवंत चौधरी ने इन्टैक के राज्य और राष्ट्रीय मुख्यालय के विशिष्ट सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को कुशल ट्रेनर के माध्यम से कला के क्षेत्र में तलाशने और तराशने का जो अनूठा कार्य किया गया, यह सराहनीय है.बस्तर कलाकृतियों एवं भित्तिचित्रों की माँग बहुतायत है इसके लिए इन कलाओं के विकास लिए सीखने के साथ- साथ पर्याप्त अभ्यास की आवश्यकता है. विशिष्ट अतिथि विश्वजीत गुप्ता ने कहा कि कला में जीवंतता होती है, इस तरह से बस्तर कलाकृति एवं भित्तिचित्र बनाने की कला का सहज लाभ सरायपाली की धरा में प्राप्त होना बच्चों के लिए लाभदायक है, इन्टैक का यह कार्य प्रेरणादायी है. विशिष्ट अतिथि तोषराम पटनायक ने कला- कौशल विकास को नई दिशा देने के इस पुनीत कार्य की सराहना की। मुख्य अतिथि कांशीराम चौधरी ने शायराने अंदाज में गागर में सागर भरने का प्रयास किया और स्कूली विद्यार्थियों के निमित्त आयोजित इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया और क्षेत्र में कला कौशल विकास हेतु सतत प्रयासशील इन्टैक संयोजक यशवंत चौधरी के कार्यो की उन्मुक्त कंठ प्रशंसा की। कला के धनी नेहरूलाल नायक ने आयोजन की तारीफ की और बच्चों के उत्साह को देखकर गदगद हुए। आभार प्रदर्शन इन्टैक संयोजक यशवंत कुमार चौधरी ने किया। इन्टैक के इस दो दिवस के आयोजन में बच्चों ने उत्साह के साथ अपने शिक्षकों के साथ बस्तर कलाकृति और भित्तिचित्र उकेरे और बस्तर के भित्तिचित्र कला भी हैं और इतिहास भी है इसकी खासियत/ बारीकियों से कुशल ट्रेनर से अवगत हुए और अपने कला में निखार लाने कामयाबी हासिल किया है.?

## शासकीय हाई स्कूल रोहिना में मनाया गया संविधान दिवस



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय हाई स्कूल उच्च प्राथमिक शाला रोहिना में संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर व्याख्याता कमलेश साहू ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ. अम्बेडकर ने विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को भारतीय संविधान का अनुपम उपहार भेंट किया है। आज हम सबको उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। शिक्षक सूरज कुमार पटेल ने बताया कि 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस संपूर्ण भारतवर्ष में मनाया गया। इसके पूर्व इस दिन को कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। डॉ भीमराव अंबेडकर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा संविधान को 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन में पूर्ण कर 26 नवंबर 1949 को राष्ट्र को समर्पित किया गया और इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। इस अवसर पर छात्रों को संविधान की रक्षा एवं सम्मान करने की शपथ दिलाई गई तथा संविधान की उद्देशिका का सामूहिक रूप से वाचन किया गया। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। जिसमें प्रथम स्थान दिव्या गंधेल, द्वितीय स्थान जयंती राणा एवं तृतीय स्थान टिंकल सेठ ने हासिल किया।

## श्रीवाटिका वृद्धाश्रम गए आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के छात्र

- निवासरत वृद्धजनों को दिए कम्बल, शॉल और फल
- वयोवृद्ध महिला सुशील बाई से कटवाई केक

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शनिवार को आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रावन के छात्रों ने शिक्षक आशीष शुक्ला के नेतृत्व में और प्राचार्य संगीत क्रिस्टोफर के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार स्थित श्रीवाटिका वृद्धा श्रम का भ्रमण किया। 9 निवास रत वृद्ध जिनमे 7 महिलाएं व 2 पुरुष हैं, उनके सुख दुःख से सजल नेत्रों से रूबरू हुए। उनके परिजनों द्वारा उन्हें त्याग दिए जाने की व्यथाकथा सुन छात्र छात्राएं भाव विभोर हुईं। विद्यार्थियों ने स्वयं द्वारा लाये कम्बल, शॉल व स्वेटर अपने हाथों से उन्हें सौंपे। शाला की ओर से राशन, फल, बिस्कुट प्रदान किया। सबके बीच केक काटा गया व सभी को विद्यार्थियों ने केक खिलाई। इस अवसर पर विद्यार्थियों व शिक्षकों सहित वृद्धाश्रम परिवार ने भगवत भजन का सस्वर पाठ किया।

## सस्ती जेनेरिक दवाइयों के प्रचार-प्रसार एवं स्वास्थ्य बीमा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सीएमएचओ ने ली निजी चिकित्सा संस्थानों की बैठक

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा लोगों को सस्ती दवाईयां उपलब्ध करवाने हेतु आरंभ की गई श्री धन्वंतरि योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इस हेतु आज कसडोल में सीएमएचओ डॉ एम पी महिस्वर ने निजी चिकित्सको के साथ बैठक कर सहयोग मांगा।बैठक में सीएमएचओ ने सभी निजी चिकित्सकों से यह कहां की श्री धनवन्तरी दवा योजना राज्य शासन की प्रमुख योजनाओं में से है। जिसका लाभ आम जनता एवं गरीब तबके तक अनिवार्य रूप से पहुंचाया जाना चाहिए। निजी चिकित्सकों के द्वारा लिखे गए जेनेरिक प्रिसक्रिप्शन से दवाइयों की लागत लगभग 50 से 55 प्रतिशत तक कम हो जाती है ऐसे में मरीज और उसके परिजनों को आर्थिक भार से राहत मिलती है। श्री धनवन्तरी दवा योजना में उपलब्ध दवाइयों की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं है। अतः चिकित्सक निःसंकोच अपने प्रिसक्रिप्शन में यह दवाइयां लिख सकते हैं जिसका लाभ आम जनता को प्राप्त होगा। इसी प्रकार राज्य शासन द्वारा डॉ खूबचंद बघेल एवं आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ आम जनता को अधिकतम रूप से पहुंचाने के लिए निजी चिकित्सकों की सहभागिता पर जोर देते हुए उन्हें अपने अस्पताल में मरीजों को लाभ प्रदान करने के लिए आगे आने को कहा। इस अवसर पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए एस चौहान, चिकित्सा अधिकारी डॉ जितेश देवांगन सहित निजी चिकित्सालयों के चिकित्सक गण उपस्थित रहे।



बलौदाबाजार। किड्स एक्सप्रेस स्कूल के बच्चों द्वारा नगर के सब्जी बाजार में सब्जी खरीदते हुए बच्चों को यह बताया गया मार्केटिंग कैसे की जाती है।

## जनपद अध्यक्ष के खिलाफ लाया अविश्वास प्रस्ताव हुआ ध्वस्त

- कुमारी भास्कर बनी रहेगी अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




जनपद पंचायत में अध्यक्ष कुमारी भास्कर व उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी के खिलाफ कांग्रेस द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जिसके लिए आज मतदान किया गया।कांग्रेस समर्थित 19 जनपद सदस्यों के बावजूद सरायपाली जनपद अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया जनपद पंचायत परिसर में अविश्वास प्रस्ताव के लिए हुए मतदान में पक्ष में 17 विपक्ष में 5 तथा दो मत रिजेक्ट हो गया। दो तिहाई बहुमत याने अट्ठारह का आंकड़ा नहीं छुपाने के चलते अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर और उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी के विरुद्ध कांग्रेस समर्थित 19 जनपद सदस्यों ने आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव लाया था। कुल 24 जनपद सदस्यों में 17 जनपद सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पांच ने विपक्ष में तथा 2 मत रिजेक्ट हो गया किंतु दो तिहाई बहुमत 18 वोट नहीं मिलने से अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त हो गया?। जिसके बाद यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा समर्थित कुमारी भास्कर अध्यक्ष और धर्मेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने संगठन के वरिष्ठ नेताओं और जनपद सदस्यों का आभार जताते हुए इसे सत्य की जीत बताया और सभी को विश्वास में लेकर आगे कार्य करते रहने की बात कही। विधायक किस्मत लाल नंद के नेतृत्व में डोलचन्द पटेल , दीपक साहू, बलराम भाई, राजा अग्रवाल जुटे रहे वही जनपद अध्यक्ष की कुर्सी बचाने में भाजपा जिला अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी के नेतृत्व में जगन्नाथ पाणिग्रही, श्याम तांडी, संजय शर्मा, ओम प्रकाश चौधरी प्रदीप साहू विपिन उपोवेजा, एवं संजय डड़सेना जुटे थे। इस दौरान जनपद सदस्यों को समय के बाद भीतर प्रवेश कराए जाने की बात को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों और भाजपा नेताओं में तीखी नोकझोंक भी हुई। जिसके बाद रिटर्निंग अफसर के निर्देश पर जनपद सदस्यों को अपना मतदान करने के लिए अंदर ले जाने दिया गया और दोपहर लगभग 3 बजे के बाद मतदान का परिणाम घोषित किया गया।

### आखिरकार सत्य की हुई जीत : कुमारी

जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने बताया कि सत्ता शासन के बल पर आज विधायक के नेतृत्व में उन्हें हटाने की कोशिश की गई पर भाजपा सदस्य पैसे के लालच में नहीं आए। जिसमें शासन प्रशासन ने पूरी तरह से उनका साथ दिया रिटर्निंग ऑफिसर के अनुसार मतदान के समय 11:35 बजे था उसके बाद किसी भी जनपद सदस्य को अंदर आने नहीं देना था। लेकिन विधायक नंद के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को दबाव बनाकर तीन जनपद सदस्यों को 12बजे अंदर प्रवेश कराया गया। नहीं तो उन्हें और मत प्राप्त होते बहरहाल उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं जनपद सदस्यों का आभार जताते हुए इसे सत्य की जीत बताया और सभी को विश्वास में लेकर आगे कार्य करने की बात कहीं।

## वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से नए मतदाताओं को जोड़ने का प्रशिक्षण दिया

# नए मतदाताओं को जोड़ने का विशेष शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदा बाजार में एनएसएस इकाई तथा तहसील कार्यालय बलौदा बाजार के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 2411 2022 को नए मतदाताओं को जोड़ने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया और वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से नए मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया सिखाई गई महाविद्यालय में 65 छात्राओं को नए मतदाता के रूप में जोड़ा गया।

इसी क्रम में दिनांक 2511 2022 को महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता से संबंधित विशाल जागरूकता रैली तथा निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सरस्वती साहू बीएससी सेकंड ईयर तथा कामिनी ध्रुव बीए सेकंड ईयर द्वितीय स्थान और रंगोली प्रतियोगिता में ख्याति mandale बीएससी फर्स्ट ईयर प्रथम तथा केसरी कोसले बीएससी होम साइंस सेकंड ईयर द्वितीय स्थान पर रही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर कल्पना उपाध्याय के द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में छात्राओं को युवा मतदाता की भूमिका समझाते हुए सक्षम और सतर्क मतदाता के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करने के लिए कहा गया तथा अपने आसपास सभी लोगों को जागरूक कर मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया इस कार्यक्रम में तहसील कार्यालय से माधव पटेल यशवंत कोसरिया संजय मानिकपुरी तथा महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी रोशनी लता डॉ सुनीता त्यागी पल्लवी शर्मा साक्षी दीवान उपस्थित थे तथा समस्त स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

## जिले में मनाया जा रहा पुरुष नसबन्दी पखवाड़ा, अस्पतालों में मिलेगी निःशुल्क नसबन्दी की सुविधा




पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिले में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़े का क्रियान्वयन शुरू हो गया है। इस हेतु जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के लिए सारथी वाहन को जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमएचओ ने बताया की परिवार नियोजन कार्यक्रम में अभी तक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अधिक दिखाई देती है। शासन स्तर पर पुरुषों की इस मामले में भागीदारी बढ़ाने हेतु पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष के इस पखवाड़ा का थीम अब पुरुष निभाएंगे जिम्म्मेदारी,परिवार नियोजन अपनाकर दिखाएंगे अपनी भागीदारी है। पखवाड़े का आयोजन दो चरणों में किया जा रहा है पहले चरण में 21 से 27 नवंबर तक इस बारे में आम जन को जागरूक करने हेतु सारथी वाहन द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता संवेदीकरण करते हुए पंजीयन भी कर रहे हैं। इसमें सास-बहू सम्मेलन भी आयोजित किया जा रहा है। जहां पुरुष नसबंदी के संबंध में लोगों के भीतर मौजूद विभिन्न प्रकार सवालों के जवाब स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा परिचर्चा के माध्यम से दिया जा रहा है। दूसरा चरण 28 नवम्बर से 4 दिसंबर तक आयोजित होगा जिसमें नसबन्दी की सुविधा जिले के जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा,पलारी कसडोल, सिमगा में उपलब्ध रहेगी।

# नियमों को ताक में रखकर निर्माण करने वालों के लिए नियमितीकरण का सुनहरा अवसर

## अब तक 443 लोगों ने नियमितीकरण के लिए किया आवेदन

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नियमों को ताक में रखकर निर्माण करने वाले लोगों के लिए नियमितीकरण कराने का सुनहरा अवसर उन्हें मिल रहा है। भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख ने बताया कि अब तक आवासीय व गैर आवासीय मिलाकर 443 लोगों ने नियमितीकरण के लिए अपना आवेदन निगम में जमा कर दिया है। अनधिकृत विकास का अब नियमितीकरण का रास्ता साफहो गया है। यदि किसी ने बिना बिल्डिंग परमिशन लिए निर्माण किया हो, बिल्डिंग परमिशन प्राप्त करके स्वरूप में परिवर्तन किया हो या फिर प्रदाय किए गए भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण कर लिया हो तो इसका नियमितीकरण कराया जा सकता है। इसके लिए निगम के भवन अनुज्ञा शाखा में आवेदन करना होगा। निगम ने आर्किटेक्ट को इसके लिए प्रशिक्षण भी दिलवाया है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने इसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं इसी तारतम्य में वास्तुविद को प्रशिक्षित किया गया है। अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए आवेदक को नक्शा आदि बनाकर आवेदन निगम मुख्य कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन करने के पश्चात जिला नियमितीकरण समिति से अनुमोदन होने उपरांत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के द्वारा डिमांड जारी किया जाएगा और नियमितीकरण की प्रकिया की जाएगी। वर्ष 2016 के नियमितीकरण के दौरान भिलाई निगम में लगभग 3000 आवेदन प्राप्त हुए थे इस समय 5000 से अधिक आवेदन प्राप्त होने की संभावना है। अनाधिकृत विकास पार्श्व खुला स्थान, तल क्षेत्र अनुपात, भूमि उपयोग में परिवर्तन, पार्किंग एवं पहुंच मार्ग की चौड़ाई आदि को देखते हुए किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अधिसूचित दिनांक से 1 वर्ष तक आवेदन स्वीकार होगा, अगर अधिसूचित दिनांक की बात करें तो 14 जुलाई 2022 से यह प्रवृत्त है इस दिनांक से 1 वर्ष तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के प्रारूप एक में चेक लिस्ट के अनुसार समस्त दस्तावेज संलग्न करके आवेदन करना होगा। आवेदन करने के पश्चात संबंधित अधिकारियों के द्वारा स्थल निरीक्षण कर जांच भी की जाएगी। इन अनाधिकृत विकास का नहीं हो सकेगा नियमितीकरण अगर अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण की बात करें तो यदि शासन की भूमि हो, स्थानीय प्राधिकारी का हो या किसी कानूनी निकाय के स्वामित्व का हो, मार्ग रेखा के भीतर हो या निर्माण परिभाषित भवन रेखा को प्रभावित करता हो, निर्माण क्षेत्र जलाशय के तल या जलाशय के किनारे या किसी प्राकृतिक जल निकास पर स्थित हो, बहु मंजिले भवन की स्थिति में, भवन किसी विरासत स्थल के दृश्य को बाधित करता हो या अग्नि सुरक्षा या संरचना की स्थिरता हेतु निहित मानकों का उल्लंघन करता हो, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा अनुमोदित अभिन्यास में किसी कॉलोनी में पार्क या खेल मैदान का स्थल हो का नियमितीकरण नहीं किया जाएगा। नियमितीकरण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य ऐसे प्रकरण जहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग का प्रावधान नहीं किया गया है ऐसे प्रकरणों में 6 माह का समय देते हुए 6 माह में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के पश्चात शर्त पर नियमितीकरण की कार्यवाही की जा सकती है।

# डायरिया के मरीजों में आ रही कमी निगम आयुक्त रख रहे है सतत निगरानी

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वृंदा नगर, जेपी नगर, शारदा पारा और न्यू संतोषी पारा क्षेत्र में फैले डायरिया की रोकथाम के लिए निगम द्वारा जमीनी स्तर पर कार्यवाही लगातार की जा रही है। आयुक्त रोहित व्यास ने प्रभावित बस्तियों का भ्रमण कर कार्य में लगे हुए निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए है। प्रारंभिक तौर पर स्थल निरीक्षण पर यह बात सामने आई थी कि सुंदर नगर, जेपी नगर, आदर्श नगर, वृंदा नगर एवं संतोषी पारा में नालियों के समानांतर पेयजल की पाइप लाइन बिछी हुई है, जिसमें पानी के कम प्रेशर वाले क्षेत्र में रहवासी लोगों के द्वारा पाइपलाइन को बीच से क्षतिग्रस्त/पंचर करके पानी लिया जा रहा है, जिसके कारण पाइपलाइन लीकेज होने की वजह से पानी दूषित होने की संभावना निर्मित हो रही है। ऐसे सभी पाइप लाइन के लीकेज का सघन निरीक्षण निगम के द्वारा किया जाकर पाइपलाइन को ठीक कर दुरुस्त किया जा रहा है। शुद्ध पेयजल प्रदान करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में पानी टैंकरों की व्यवस्था की गई है इसके साथ ही 2000 लीटर की क्षमता के सिंटेक्स वाटर टैंक की त्वरित व्यवस्था कर प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं। लोग शुद्ध पेयजल का उपयोग कर सकें इसके लिए 26500 क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया है और वितरण कार्य अभी भी जारी है। प्रभावित वार्ड क्षेत्रों में स्पॉट पर ही उल्टी, दस्त की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर प्रतिदिन लगाकर, अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर तथा निशुल्क दवाइयां देकर स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। प्रभावित एवं समीपस्थ क्षेत्रों से पानी का सैंपल लेकर लैब में परीक्षण प्रतिदिन कराया जा रहा है और इसके रिपोर्ट के मुताबिक पेयजल का समाधान किया जा रहा है। निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्रों तथा समीपस्थ क्षेत्रों में उल्टी, दस्त के लक्षण और मरीजों की पहचान करने घर-घर सर्वे का काम एक बार पूर्ण कर चुकी है, दोबारा फिर से सघन सर्वे का काम किया जा रहा है। स्पॉट पर ही उल्टी, दस्त की रोकथाम करने के लिए लक्षण वाले लोगो को जिंक टैबलेट, मेट्रोनीडाजोल व ओ.आर.एस. के पैकेट दिए जा रहे है।

# तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में संविधान दिवस पर संविधान निर्माता को किया याद



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस दौरान अधिवक्ता-जितेन्द्र तिवारी द्वारा भारत के संविधान उद्देशिका का वाचन कर शपथ दिलाया गया। तिवारी ने कहा कि संविधान दिवस के माध्यम से हम उन पूर्वजों को पूरी तरह से सम्मान देने का प्रयास करते हैं जिन्होंने सम्बन्धित मूल्यों को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। हमारे विचारों, दृष्टि और कार्यों में संवैधानिक मूल्यों को समाहित करने और उत्प्रेरक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए एक उपयुक्त अवसर है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तहसीलदार-बजरंग लाल साहू,अधिवक्ता गण-जितेन्द्र तिवारी, एम. आर.कश्यप, डी.एन. मांडले, डी. पी.साहू, अरविंद चौधरी, इतवारी यादव, जीवन लाल कश्यप, धनेश खांडेकर, गजेंद्र बंजारे, श्यामसुंदर कश्यप, शिवगोपाल यादव, भुनेश्वर बंजारे, सुभाष मिरी, कुमार निराला, आर.एन. शुक्ला, अजीत डहरिया, रामकुमार बर्मन,रीडर-अरविंद यादव, श्वेता सोनी, पंकज खूंटले, शिवबालक निषाद,हेमलता जांगड़े, कोटवार-शिव कुमार चौहान, लीला राम कश्यप, प्रकाश सहिस उपस्थित रहे।

# सुरेंद्र शर्मा ने किया नवीन धान उपार्जन केंद्र गिन्दोला का शुभारंभ

## उद्घाटन के अवसर पर अनेक ग्रामीण रहे मौजूद





पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

नवीन धान उपार्जन केन्द्र गिदोला में शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष बलौदा बाजार सुमन योगेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सभापति डॉ कुशल वर्मा थे। इसके अलावा प्राधिकृत अधिकारी डॉ धनेश वर्मा, सहकारिता विकास अधिकारी, के एस धुव, सुपर वाइजर टी एन साहू, धौवलकर व्यवस्थापक, सरपंच घनाराम पटेल, एल्डरमैन मनोज पांडेय, उप सरपंच तोरण डहरिया, संदीप पाण्डेय, देवी लाल बार्वे, केदार डहरिया, कमल प्रजापति, राजेंद्र साहू सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रहा।

# जिला स्तरीय खनिज टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनिज टॉस्क फोर्स की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पुलिस अधीक्षक जशपुर डी. रविशंकर, अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, सहित खनिज विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ मित्तल द्वारा सभी विभागो को अपने-अपने नियमों के परिपेक्ष्य में अधिक से अधिक कार्यवाही करने एवं उसकी सूचना कलेक्टर खनिज शाखा को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिससे खनिजों की अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी कार्यवाही एवं नियंत्रण स्थापित हो सके। उन्होंने गौण खनिजों के खदानों के लिए नवीन क्षेत्र का चिन्हांकन करने तथा ऑक्शन के माध्यम से स्वीकृत करने की बात कही। जिससे जिले में निर्माण कार्यों के लिए खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित हो तथा शासन एवं ग्राम पंचायतों को राजस्व आय प्राप्त हो सके। इस दौरान जिले में खनिज रेत की आपूर्ति हेतु रेत खदान स्वीकृत एवं संचालित करने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए खनिज अधिकारी ने बताया कि शासन से रेत खदान के संचालन के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही त्वरित स्वीकृति एवं संचालन की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही जिले में नवीन रेत खदान के चिन्हांकन की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। बैठक में खनिज अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में अवैध खनिज परिवहन के 51 प्रकरण, अवैध खनिज उत्खनन के 05 प्रकरण तथा अवैध खनिज भंडारण के 05 प्रकरण दर्ज होने एवं कुल 3 लाख 65 हजार 89 रुपए अर्थदंड जमा कराने एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में अवैध खनिज परिवहन के 22 प्रकरण, अवैध खनिज उत्खनन के 16 प्रकरण।

# बढ़ेगा निगम का राजस्व, भिलाई निगम ने राजस्व में वृद्धि के लिए बनाया प्लान

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए दोहरी खुशी का पल है, आज भिलाई निगम के अधिकारी और कर्मचारियों के खातों में सैलरी आ गई है, वह भी निगम के खुद के राजस्व की आय से सैलरी का भुगतान किया गया है, यह बड़ी बात है। राजस्व वसूली में तेजी हुई है, कुर्की का अभियान भी जारी है। निगम लगातार राजस्व बढ़ाने पर जोर दे रहा है, इसी कड़ी में वर्ल्ड बैंक परियोजना अंतर्गत संपत्ति सर्वे का कार्य किया जाएगा, संपत्ति का ड्रोन सर्वे भी होगा और जीआईएस मैप तैयार कर डिजिटल डोर नंबर जारी किया जाएगा। इससे निगम के राजस्व में अच्छी खासी वृद्धि होगी और अधिकारी-कर्मचारियों के वेतन भुगतान में समस्या नहीं आएगी। भिलाई में संपत्ति के सर्वे कार्य के लिए एजेंसी भी तय हो गई है, शीघ्र ही इस पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उपायुक्त नरेंद्र बंजारे ने बताया कि जीआईएस मैप से कोई भी भवन इससे अछूते नहीं रहेंगे, उनका एरिया, लोकेशन, क्षेत्रफल सभी की जानकारी इससे मिल जायेगी, स्व विवरणी की जांच में भी आसानी होगी, गलत स्व विवरणी देने वाले इसके दायरे में आ जायेंगे और इनसे वास्तविक एरिया के मुताबिक वसूली की जाएगी। 5% डीए में हुआ इजाफा, बढ़ा अधिकारी/कर्मचारियों का वेतन भिलाई निगम के अधिकारी कर्मचारियों को इस महीने के वेतन में बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता जुड़कर मिलेगा। अक्टूबर माह की सैलरी में इजाफा हुआ है, 5% महंगाई भत्ता का तोहफा अधिकारी-कर्मचारियों को मिला है, इसके साथ ही महंगाई भत्ता अब 33% की दर से सातवां वेतनमान प्राप्त करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि अधिकारी-कर्मचारियों को वेतन देने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास प्रयासरत थे, लगातार राजस्व वसूली को बढ़ाने पर जोर दिया गया, जिसके चलते निगम के राजस्व से ही अधिकारी/कर्मचारियों का भुगतान संभव हो पाया है।

# विमल साहू ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से सौजन्य मुलाकात किया

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस नेता विमल कुमार साहू शनिवार 26 नवम्बर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से उनके दिल्ली निवास में मुलाकात कर कुशल क्षेम पूछते हुए उनसे आशीर्वाद मार्गदर्शन लिया और छत्तीसगढ़ के राजनीति के बारे में विस्तृत चर्चा परिचर्चा किया। साहू ने कसडोल विधानसभा के वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी मुलाकात वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष से दिल्ली में हुआ है आगे यह भी कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष हम सबके लिए आदर्श एवं प्रेरणा हैं। श्री साहू ने यह बात भी बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष 9 बार के विधायक तीन बार के सांसद सीएलपी लीडर और कैबिनेट और स्टेट में मंत्री रहे हैं। अध्यक्ष का विनम्र सरल स्वभाव हम जैसे युवाओं के लिए अनुकरणीय हैं एवं जीवन में आत्मसात करने की मार्गदर्शन देता है।

# मनोज जैन के सुपुत्री के शादी में शामिल हुए विमल साहू

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एवं भाटापारा के बिजनेसमैन मनोज जैन की सुपुत्री मुस्कान जैन की वीआईपी रोड स्थित शगुन फॉर्म में धूम- धाम से शादी संपन्न हुआ।जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के महामंत्री एवं युवा लोकप्रिय जननेता विमल साहू शादी में सम्मिलित होकर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# सामाजिक समरसता का संदेश देने सद्भावना शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आदिम जाति विकास विभाग जिला बेमेतरा द्वारा ग्राम फरी में कल परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास जी की स्मृति में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शशिप्रभा गायकवाड़ जिला पंचायत सदस्य ,जिला - बेमेतरा उपस्थित थे। शिविर में स्कूली बच्चों के लिए जलेबी दौड़ एवं गोली चम्मच प्रतियोगिता, पुरुषों के लिए मटका फोड़ तथा महिलाओं के लिए साड़ी घिरी करो प्रतियोगिता एवं अन्य कई प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमे प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागियों को 500 रुपये,300 रु एवं 200 रु का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा स्कूली बच्चों के लिए ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे हायर सेकंडरी स्कूल तेलाईकूड़ा की छात्राओं ने प्रथम स्थान, शास अनु.जा.प्री. मै. बालिका छात्रावास की छात्राओं ने द्वितीय स्थान तथा शास अ.ज.जा. प्री मै बालिका छात्रावास की बालिकाओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें क्रमशः 1000रु, 700रु एवं 500रु का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि द्वारा अंतरजाति विवाह प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 04 विवाहित दम्पत्तियों क्रमशः दुर्गेश सिंह एवं तेजेश्वरी प्रसाद,, सालिकराम बंजारे एवं परमेश्वरी साहू,,रविन्द्र अहिरे एवं सतवंती लोहार तथा सुनील कुर्रे एवं सुमन साहू को 2.50 लाख-2.50 लाख रुपये का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।।शिविर में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत ग्रामीणों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम भी रखा गया था।।साथ ही प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत चयनित 05 ग्राम पंचायत क्रमशः भैंसामुड़ा (नवागढ़), चिखला एवं नवागांव (बेरला),खुरूसबोड़ (साजा) एवं भोथीडीह (बेमेतरा) को नशा मुक्ति के क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता लाने हेतु वाद्ययंत्र किट मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया।

## कलेक्टर ने बोरेंदा और केसरा में किया निरीक्षण, हर ब्लाक में पांच फलोद्यान लगाने के दिये निर्देश

# माडल बाड़ियों पर काम हुआ शुरू, स्कूलों-आंगनबाड़ी के साथ ही जैविक मार्ट के लिए होगी सप्लाई

- **बच्चों के पोषण के लिए अंडे और केले की होगी व्यवस्था, आंगनबाड़ी में केले खिलाए जाएंगे, अंडा खाने वाले बच्चों के घरों में की जाएगी सप्लाई, कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दिये निर्देश**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए और लोगों को जैविक उत्पादों की सुलभ उपलब्धता के लिए माडल बाड़ियों पर काम करने के निर्देश दिये थे। इन माडल बाड़ियों में विशेषज्ञों द्वारा जमीन की जरूरत के मुताबिक सब्जी की फसल चिन्हांकित की गई है। इन माडल बाड़ियों में हो रहे कार्य का निरीक्षण करने आज कलेक्टर पाटन ब्लाक के बोरेंदा और केसरा पहुंचे। उनके साथ जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी मौजूद रहे। केसरा में डेढ़ एकड़ में भिंडी की फसल लगाई जा रही थी। यहां उन्होंने अमरूद का प्लांटेशन भी देखा। कलेक्टर ने कहा कि पांच फलोद्यान हर ब्लाक में लगाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन बाड़ियों से उत्पादित होने वाली फल-सब्जी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों में उपयोग में लाई जाए। साथ ही जैविक मार्ट के लिए भी सामग्री यहां से जाएगी। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू भी मौजूद रहे। बच्चों के सुपोषण के लिए अंडे और केले- कलेक्टर ने बोरेंदा में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बच्चों के पोषण के लिए अंडे और केले खिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारों का चिन्हांकन करें जहां अंडे का चलन हो। आंगनबाड़ी केंद्र में सिर्फ केले खिलाए जाएंगे। ऐसे परिवार जहां अंडे का चलन हो, उनके घरों में बच्चों के पोषण के लिए अंडे भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ियों में आने वाले बच्चों के परिवारों से सर्वे कर यह जानकारी प्राप्त करें ताकि शीघ्रता से इस दिशा में काम आरंभ किया जा सके। रानीतराई का सैजेस देखा, फुल अटेंडेंस पर प्रशंसा की- कलेक्टर ने रानीतराई में स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण भी किया। यहां बारहवीं क्लास में वे पहुंचे। 44 दर्ज संख्या थी और 43 छात्र उपस्थित थे। कलेक्टर ने इस पर शिक्षकों की प्रशंसा की। इस दौरान केमेस्ट्री की क्लास चल रही थी। कलेक्टर ने एक रियेक्शन का समीकरण पूछा। बच्चों ने सही जवाब दिया, इस पर उन्होंने प्रशंसा जताई। कलेक्टर ने यहां की स्ट्रेंथ को देखते हुए अतिरिक्त फ्लोर का निर्माण करने के निर्देश भी दिये।रानीतराई स्टेडियम देखा, वेटलिफ्टिंग, कराटे जैसे गेम भी शामिल करने के निर्देश दिये- कलेक्टर ने रानीतराई का स्टेडियम देखा। स्टेडियम का काम अभी 60 प्रतिशत तक हो चुका है।

# 2171 घरों में डायरिया के चिन्हांकन के लिए सघन सर्वे

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

भिलाई शहर के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदा पारा और न्यू संतोषीपारा केम्प क्षेत्र के आसपास डायरिया (उल्टी, दस्त) फैल गया है। स्थिति को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम द्वारा चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के डीन से चर्चा किया गया एवं टीम गठित कर मेडिसिन विशेषज्ञ, शिशुरोग विशेषज्ञ, कम्प्यूनिटी मेडिसिन विशेषज्ञ एवं माइक्रो बायोलॉजिस्ट द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर यू.पी.एच.सी. बैकुंठधाम में पदस्थ चिकित्सा अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया गया। जिला चिकित्सालय दुर्ग से स्टूल सैम्पल संकलित कर भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर जॉच हेतु भेजा गया। संक्रमित क्षेत्र की निगरानी के लिये 60 ए.एन.एम. और 25 मितानिनों द्वारा 2171 घरों का सघन सर्वे किया गया। संक्रमित क्षेत्र में पर्याप्त दवाईयों का भंडारण किया गया एवं गंभीर मरीजों को हायर सेन्टर रिफर करने हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी। क्षेत्र में 543 ओ.आर.एस., 380 जिंक टेबलेट एवं 8600 क्लोरिन टेबलेट वितरित किया गया एवं स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। आज दिनांक 25 नवंबर को जिले के कुल 09 शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थाओं में कुल 54 आई.पी.डी. एवं 78 ओ.पी.डी. डायरिया के प्रकरण मिले।

# प्लेसमेंट कैम्प में 86 आवेदकों का हुआ चयन

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा आज दिनांक 25 नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें 3 नियोजकों पॉलीबॉन्ड इन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा 6 पद के लिये 30 आवेदक साक्षात्कार के लिये उपस्थित हुए। जिसमे 11 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। सच किसान बायो प्लांट प्राइवेट लिमिटेड अभिलाषा परिसर न्यू बस स्टैंड बिलासपुर के द्वारा 32 पद के लिये उपस्थित हुए 40 आवेदक साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। जिसमें 15 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया तथा आपोज मार्ट आकाश गंगा सुपेला भिलाई के द्वारा 50 पद के लिये 90 आवेदक साक्षात्कार के लिये उपस्थित हुए। जिसमें 60 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया।

## संपादकीय

# बिजनेस प्रशासन थोड़ा बदलाव

**बिजनेस** प्रशासन में थोड़े परिवर्तन के परिणामस्वरूप अब राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-विरोधी अधिकरण, भारतीय प्रतियोगिता आयोग के एक हिस्से के रूप में जीवित रहेगा। सरकार ने भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-विरोधी अधिकरण-एनएए के समान अधिकार दे दिए हैं। इसका कारण यह है कि इस महीने के अंत में एनएए समाप्त हो जाएगा। एनएए के पास यह सुनिश्चित करने का अधिकार था कि वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी में की जाने वाली कमी को ग्राहकों तक पहुंचाया जाए। इसके गठन का उद्देश्य बिजनेसों में किसी 'मुनाफाखोरी' पर लगाम लगाना था और इसी कारण इसे यह नाम दिया गया था। बताया जाता है कि यह निर्णय जीएसटी परिषद की संस्तुति के अनुरूप है जिसमें केन्द्र तथा राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व है। इस प्रकार अब एनएए समाप्त हो जाएगा और उसका काम सीसीआई के अधिकारी करेंगे। एनएए का गठन 2017 में किया गया था और माना जाता है कि यह अपने गठन के समय से ही बिजनेस वर्ग को पसंद नहीं था। वास्तव में, 'मुनाफाखोरी' शब्द से ही एक प्रकार का नकारात्मक व निन्दाजनक भाव पैदा होता है, यही कारण है कि वामपंथी विचारधारा वाले लोग अक्सर इसका प्रयोग करते हैं। इस अवधारणा में अनुमान लगा लिया जाता है कि सभी बिजनेसमैन संवेदनहीन व खून चूसने वाले खलनायक होते हैं जो अपने कर्मचारियों का शोषण कर ग्राहकों को धोखा देते हैं। इस घृणा में यह गलत अवधारणा भी जुड़ जाती है कि सरकार दबाव डालने वाले तरीकों से इन पर नियंत्रण कर कीमतों पर लगाम लगा सकती है। अलाउद्दीन खिलजी की उत्पीड़क सरकार से लेकर 1991 पूर्व के नेहरूवादी-समाजवादी युग तक ऐसे नियंत्रण लागू थे। लेकिन उन्होंने जमीनी स्तर के आम लोगों को कोई राहत नहीं दी और अपरिहार्य रूप से उनका नतीजा अभाव, कालाबाजारी व भ्रष्टाचार के रूप में सामने आया। पिछले कुछ वर्षों में एक सर्वाधिक बिजनेस-विरोधी निर्णय एनएए का गठन था।

उम्मीद की गई थी कि वह जीसटी क्रियान्वयन की निगरानी का अपना काम दो साल में पूरा कर लेगा, इसलिए उसे दो साल का कार्यकाल दिया गया था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रख्यात अर्थशास्त्री मिल्टन फ्रीडमैन ने कहा था, 'सरकार के अस्थाई कार्यक्रम जितना स्थाई कुछ नहीं होता है।' इस कथन को सही सिद्ध करते हुए एनएए को विस्तार मिलता रहा जिसके परिणामस्वरूप 2019 में समाप्त होने वाला यह संगठन अब भी जीवित है और बना रहेगा। यह उल्लेख करना जरूरी है कि न केवल नरेन्द्र मोदी की सरकार मूल्य नियंत्रण व्यवस्था जारी रखने की जिम्मेदार है, बल्कि पूरा राजनीतिक वर्ग इसमें शामिल है क्योंकि जीएसटी परिषद में विभिन्न राज्य सरकारें भी शामिल हैं। एनएए बने रहने से एक चिन्ताजनक तथ्य यह उभरता है कि हमारे राजनेताओं को आर्थिक सुधारों में ज्यादा विश्वास नहीं है। देश में उन्होंने जो भी उदारीकरण किया है, उसका कारण अपनी मर्जी न होकर मजबूरी है। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि उदारीकरण प्रक्रिया का अर्थ मूलतः अर्थव्यवस्था के क्षेत्र से राज्य की पीछे हटने की प्रक्रिया है। इसका अर्थ विनियमनों में कमी तथा बाजार में कम हस्तक्षेप है। हालांकि, यह सब अर्थव्यवस्था और व्यापक रूप से जनता के लिए अच्छा है, पर यह राजनेताओं और बुद्धिजीवियों के एक वर्ग के लिए अच्छा नहीं है जो वैचारिक रूप से उन सिद्धान्तों के पक्ष में हैं जो 'राज्य' की अवधारणा के ही विरोधी हैं। इसके साथ ही इस समूह में वामपंथी पुस्तकें पढ़ कर बड़े हुए काफी लोग हैं जिनमें नौकरशाह, अर्थशास्त्री व टेक्नोक्रेट, आदि शामिल हैं। यही कारण है कि एक खास प्रकार की लेवियाथन सोच बनी रहती है जिसके चलते एनएए जैसी नकारात्मक संरचनायें कभी समाप्त नहीं होती हैं।

# गुजरात में भाजपा की विजय संभव

## गुजरात में त्रिकोणीय मुकाबले में भी भाजपा की रिकार्ड विजय संभव है। इससे 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की संभावनायें और मजबूत होंगी।



**दीपक के. उप्रेती**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)




गुजरात में पिछले 27 साल से सत्ता संभाल रही भारतीय जनता पार्टी फिर विजय की इच्छुक है। जब भी गुजरात में 'भाजपा के चुनाव लड़ने' की बात होती है तो वास्तव में इसका अर्थ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चुनाव लड़ना होता है। भले ही वे 2014 में गांधीनगर छोड़ चुके हों, पर वे सातवीं बार इस पश्चिमी राज्य में 2022 में जनादेश प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं जो 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले निर्णायक सेमीफाइनल की तरह है। यहां भाजपा की एक और विजय का अर्थ लगभग तीन दशक की सत्ता-विरोधी लहर के बावजूद संभवतः कांग्रेस को 'खारिज' करना तथा देश के पश्चिमी तट पर उभर रही आम आदमी पार्टी-आप का 'तीसरा आयाम' बनना होगा। भाजपा समर्थकों के लिए यह आश्चर्यजनक हो सकता है, पर सत्ता पर भाजपा के 'डबल इंजन' के प्रभुत्व के बावजूद कांग्रेस ने पिछले 2017 के विधानसभा चुनाव में न केवल अपनी सीटों में बढ़ोत्तरी की थी, बल्कि उसका मत प्रतिशत भी बढ़ा था। इसके उलट, भाजपा को 2002 में मिली सीटों की संख्या में लगातार कमी आई।

2017 में भाजपा की सीटें 99 थीं, जबकि 2012 के विधानसभा चुनाव में उसे 116 सीटें मिली थीं, हालांकि उसके 49.1 प्रतिशत वोट शेयर में 1.25 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई थी। कांग्रेस को 2012 में गुजरात विधानसभा चुनाव में 60 सीटें मिली थीं, जबकि 2017 में उसने इनकी संख्या काफी बढ़ा कर 77 कर ली थी। इस प्रकार मुख्य विपक्षी पार्टी ने न केवल अपनी सीटों की संख्या में 17 बढ़ाई थीं, पर उसका मत प्रतिशत भी 2012 गुजरात विधानसभा चुनाव में 41.5 प्रतिशत से 2.57 प्रतिशत बढ़ा था। हालांकि, कांग्रेस को 2017 में इतनी मजबूती नहीं मिली कि वह भाजपा को हरा सके। भाजपा के पास सुसंगठित संगठनात्मक मशीनरी तथा नरेन्द्र मोदी के 'राजनीतिक' दांवपेंच वाले नियंत्रण व संतुलन थे जिसके चलते वे गुजरात में 'चेहरा-विहीन' कांग्रेस तथा केन्द्रीय नेतृत्व के बारे में उसकी अस्पष्टता की तुलना में मतदाताओं की भाजपा में दिलचस्पी बनाए रख सके थे।

अब पहली व पांच दिसंबर को गुजरात विधानसभा चुनाव का मंच सज गया है। वर्तमान चुनाव को 'लहर-विहीन' चुनाव कहा जा सकता है जिसे उम्मीदवारों के 'सही चयन' तथा 'सटीक बूथ प्रबंधन' से जीता जा सकता है जो मजबूत समर्थन आधार का अच्छा मतदान सुनिश्चित करेगा। इसे एक प्रकार का तकनीकी प्रबंधन कहा जा सकता है। संभवतः पिछले विधानसभा चुनावों में घटती सीटों से सतर्क भाजपा ने अपने 40 वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए हैं तथा युवा व नए चेहरों को वरीयता दी है। इस प्रकार वह सत्ता-विरोधी बोझ से बचना चाहती है। हालांकि, सभी राजनीतिक पार्टियां 'विचारधारा' के बजाय जिताऊ उम्मीदवारों पर ज्यादा भरोसा करती हैं, इसलिए भाजपा ने भी 2017 चुनाव के बाद कांग्रेस से इस्तीफा दे कर भाजपा में शामिल होने वाले 19 विधायकों में से 10 को टिकटों के रूप में अपना आशीर्वाद दिया है। इसके उलट कांग्रेस ने 'समझदारी' से अपने अधिकांश वर्तमान पार्टी विधायकों को उम्मीदवार बनाया है। वैसे यह दोनों पार्टियों के लिए जमीन पर उपलब्ध सर्वोत्तम उम्मीदवार चुनने तथा मतदाताओं के समक्ष 'नया इंद्रधनुष' बनाने की तरह है।

गुजरात में अपना किला बचाने तथा इसे 'अजेय' बनाने के लिए भाजपा ने कांग्रेस से पालाबदल कर जुलाई में भाजपा में शामिल होने वाले 29 वर्षीय पाटीदार हार्दिक पटेल को उनके गृह नगर 'विरमग्राम' से मैदान में उतारा है जिसे वे कांग्रेस के लिए दो बार जीत चुके हैं। 2015 में ओबीसी आरक्षण आंदोलन के नेता को अपने साथ लाने से प्रभावशाली पटेल समाज पर भाजपा की पकड़ और मजबूत होगी। अन्य युवा व नए चेहरों में क्रिकेटर रवीन्द्र जड़ेजा की पत्नी 28 वर्षीय रिवाबा जामनगर उत्तर सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं। भाजपा में शामिल होने के पहले वे राजपूत समुदाय के आक्रामक संगठन 'करणी सेना' की नेता रह चुकी हैं। मोरबी विधानसभा सीट से 60 वर्षीय कांतिलाल अमुरतिया को मैदान में उतारा गया है। यहां पुल टूटने की विभीषिका में 135 लोगों की जान गई थी। यह भाजपा के सीट वितरण में 'सतर्क माइक्रो प्रबंधन' का एक और उदाहरण है। त्रासदी के बाद भाजपा ने मोरबी से अपने वर्तमान विधायक का टिकट काट दिया और अमुरतिया को इसलिए चुना कि वीडियो में उनको नदी में कूद कर लोगों का जीवन बचाते देखा गया था। अमुरतिया पूर्व विधायक हैं, पर वे 2017 में विधानसभा चुनाव हार गए थे। अतीत के मुख्य प्रतिद्वंद्वियों कांग्रेस व भाजपा के बजाय इस बार गुजरात चुनाव में आप का प्रवेश भी हुआ है। इससे राजनीतिक विश्लेषकों में जिज्ञासा है कि इससे चुनावों पर क्या प्रभाव पड़ेगा तथा इससे किसे लाभ होगा। आप के आक्रामक नेता अरविंद केजरीवाल द्वारा की गई 'खैरातों' की घोषणा से अनुमान है कि वह भाजपा के शहरी वोटों में सेंध लगायेगी तथा उससे कांग्रेस को कम नुकसान होगा क्योंकि उसका मजबूत आधार गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों में है। लेकिन भाजपा के राज्य अध्यक्ष सी.आर. पाटिल की सोच इससे अलग है। उनके अनुसार, आप कांग्रेस के वोट काटेगी और इससे भाजपा की संभावनायें मजबूत होंगी। आप नेता ने पाटीदार समाज पर सर्वाधिक विश्वास कर गुजरात आप अध्यक्ष गोपाल इटालिया को सूरत के काटरग्राम तथा पाटीदार आंदोलन के पूर्व नेता अल्पेश कठारिया को सूरत शहर में वराछा से मैदान में उतारा है। वर्तमान समय में सर्वाधिक आक्रामक प्रचार कर रही आप ने गुजरात में 2021 के निकाय चुनावों में अपनी सफलता को आधार बनाया है जब उसने पाटीदार वोटों पर विजय प्राप्त कर कांग्रेस को सूरत नगर निगम से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। आप को गांधीनगर नगर निगम में भी एक सीट मिली थी।

2022 के गुजरात चुनाव में आप मजबूत भाजपा व कांग्रेस की तुलना में बेअसर नहीं है और वह अपनी जड़ें और गहरी व मजबूत कर रही है। पाटीदारों के प्रति आप का दृष्टिकोण व पिछड़े समुदाय के इसुदान गाधवी को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश कर उसने पंजाब में विजय के बाद एक सुनियोजित व दूरगामी रणनीति बनाई है। लेकिन केजरीवाल का 'हिंदुत्व' कार्ड भाजपा के खिलाफ लाभदायक नहीं सिद्ध होगा। सत्तारूढ़ भाजपा का मुख्य मुकाबला कांग्रेस से है जो वर्तमान समय में खामोशी से 'घर-घर' प्रचार अभियान चला कर 2017 में छूट गए खाली स्थान भरने का प्रयास कर रही है।

जहां तक भाजपा का सवाल है, उसकी 'गौरव यात्रा' के साथ ही प्रधानमंत्री गुजरात को महाराष्ट्र से दो विशाल परियोजनायें लाकर मतदाताओं को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि प्रशासन में उसकी निरंतरता से गुजरात का अबाध 'विकास' होगा तथा केन्द्र से मिलने वाला पैसा इसकी गारंटी है। टेलीवीजन के एंकर चाहे जितने विश्लेषण करें, सच्चाई यह है कि गुजरात में चुनाव हार्दिक पटेल व अल्पेश ठाकोर जैसे 'पालाबदल' करने वालों के हाथ में है। एक समय पाटीदार आंदोलन के नेता व हार्दिक के सहयोगी इटालिया अब आप के उम्मीदवार हैं। वे 2017 में विधानसभा के बाहर भाजपा के मंत्री प्रदीप सिंह जडेजा पर जूता फेंकने के कारण कुख्यात हैं। यदि कोई अदृश्य राजनीतिक धारा त्रिशंकु विधानसभा को जन्म नहीं देती है तो भाजपा की पुनः विजय लगभग पूर्णतः निश्चित है। लेकिन सामने आने वाले 'तथ्य' कभी भ्रामक भी हो सकते हैं। 1985 में कांग्रेस गुजरात में 149 सीटों व 55 प्रतिशत वोटों के साथ सत्ता में आई थी, पर 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 127 सीटें व 49.8 प्रतिशत वोट मिले।

यदि पत्रकारिता को 'जल्दबाजी में लिखा इतिहास' कहा जाता है तो इतिहासकार ई.एच. कार की पुस्तक 'व्हाट इज़ हिस्ट्री' से चुनावों को सही संदर्भ में देखा जा सकता है। उनके अनुसार, 'कहा जाता है कि तथ्य अपने आप बोलते हैं। लेकिन यह सही नहीं है। तथ्य तभी बोलते हैं जब इतिहासकार उनसे पूछता है। वही यह तय करता है कि किन तथ्यों को किस क्रम या संदर्भ में सामने रखा जाए। तथ्य एक बोरे की तरह हैं, जब तक उसमें कुछ डाला न जाए वह खड़ा नहीं हो सकता है।' गुजरात चुनाव इस दृष्टिकोण से भी महतवपूर्ण हैं।

# कॉप-27 में जलवायु वित्त पर जोर



**श्रेया गर्ग**
(लेखिका महिला अधिकारों व पर्यावरण मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



ग्रह का वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.15 डिग्री सेल्सियस ऊपर है और हम 1995 से हर साल पार्टियों का सम्मेलन (कॉप) करते आ रहे हैं, जिसमें विश्व के नेता जलवायु के उभरते खतरों से लड़ने के लिए समाधानों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आते हैं। परिवर्तन। इस साल शर्म अल-शेख में शिखर सम्मेलन में दुनिया के नेताओं ने भाग लिया, जो अपने निजी जेट विमानों में पहुंचे, उनमें से करीब 400 ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोई भी सोच सकता है कि जलवायु परिवर्तन के इर्द-गिर्द बहस को शुरू करने का इससे अच्छा तरीका क्या हो सकता है।

पिछले लगभग एक दशक में, ग्रीन वाशिंग एक आदर्श बन गया है और हम सभी ने यह मान लिया है कि कोई और जलवायु परिवर्तन की समस्या का ध्यान रखेगा। निगमों ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे का उपयोग अपने खजाने को भरने के लिए किया है और वैश्विक नेताओं ने भी मदद करने के लिए बहुत कम किया है। जहां तक जलवायु परिवर्तन का संबंध है, लिप सर्विस आदर्श रही है। हर साल, ये सम्मेलन आशा का संकेत देते हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों के प्रतिष्ठित नेता प्रतिज्ञा करते हैं, इतने साल तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने की बात करते हैं, उभरती अर्थव्यवस्थाओं को सहायता का वादा करते हैं और इसी तरह। लेकिन जब जमीनी स्तर पर प्रगति की बात आती है तो परिणाम निरपवाद रूप से निराशाजनक होते हैं। वे जलवायु परिवर्तन के प्रति हमारी लड़ाई की एक दुखद तस्वीर पेश करते हैं। यह मनोबल गिराने वाला है और कोई भी इन शिखरों के इर्द-गिर्द कुतरने वाले सनक के आगे झुके बिना नहीं रह सकता।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'पाकिस्तान का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ में बह गया। हमने 500 वर्षों में यूरोप की सबसे गर्म गर्मी देखी है। फिलीपींस को झटका लगा। पूरा क्यूबा ब्लैकआउट हो गया था। और संयुक्त राज्य अमेरिका में, तूफान इयान ने एक क्रूर अनुस्मारक दिया है कि कोई भी देश और कोई भी अर्थव्यवस्था जलवायु संकट से सुरक्षित नहीं है।' ये सभी घटनाएं पूरी मानवता के लिए एक साथ कार्य करने के लिए एक क्रूर अनुस्मारक के रूप में काम करती हैं। कॉप27 शिखर सम्मेलन ने शमन, अनुकूलन, वित्त और सहयोग के मुख्य रूप से चार फोकस पहलुओं पर ध्यान देने के साथ अपना एजेंडा सही निर्धारित किया। यह देखने की जरूरत है कि कितने देश उक्त क्षेत्रों में पूरी ईमानदारी से महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कॉप27 के प्रमुख विषयों में से एक नुकसान और क्षति रहा है। केवल इसी वर्ष विकसित राष्ट्र इस विषय को औपचारिक एजेंडे में रखने के लिए सहमत हुए। विकासशील देशों के समूह के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा, जिसे जी77 कहा जाता है, उनके नेताओं ने रेखांकित किया कि कैसे उन्हें जलवायु परिवर्तन के कारणों को कम करने और भविष्य में इसके नतीजों के खिलाफ तैयार करने के लिए धनी देशों से सहायता की आवश्यकता है। इस शिखर सम्मेलन में हानि और क्षति निधि के निर्माण के संबंध में एक सकारात्मक प्रगति हुई है। फंड उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़ और चक्रवात आदि के हानिकारक प्रभावों को दूर करने में मदद कर सकता है। हालांकि, जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए इसका उपयोग कैसे किया जाएगा और दाताओं की सूची कौन होगी, इसका विवरण अभी भी स्पष्ट नहीं है। 2009 में वापस, विकसित देशों ने तापमान में और वृद्धि को कम करने में मदद करने के लिए कम धनी देशों को 2020 तक हर साल .100 बिलियन की आपूर्ति करने का संकल्प लिया था। लेकिन उससे क्या हुआ? धनी राष्ट्रों ने स्पष्ट रूप से आज तक अपने वादे को पूरा नहीं किया है। 100 अरब डॉलर की कटौती भी नहीं होगी, क्योंकि विकासशील देशों ने स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है कि उन्हें जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 6 ट्रिलियन डॉलर से 11 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता होगी। विकासशील देशों को सहायता प्राप्त करना महत्वपूर्ण है, जिसके बिना वे ग्रीनहाउस उत्सर्जन को कम करने में ज्यादा प्रगति नहीं कर पाएंगे। कॉप27 में एक प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए, जलवायु पर अमेरिकी राष्ट्रपति के दूत जॉन केरी ने जोर देकर कहा कि अमीर देशों द्वारा ओपन-एंडेड देनदारियों पर हस्ताक्षर करने के साथ बातचीत समाप्त नहीं होगी। उभरते हुए देशों ने नुकसान और क्षति कोष बनाने के खिलाफ एकजुट हुए, लेकिन धनी देशों ने यह कहकर इस विचार को खारिज कर दिया कि वे मौजूदा वित्तीय चैनलों का समर्थन करते हैं।

इस वर्ष के सीओपी को कार्यान्वयन के लिए सीओपी कहा गया था, क्योंकि केवल संकल्प से काम नहीं चलेगा। जलवायु वित्त के संबंध में एक विस्तृत रोड मैप और अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। इस मामले में एक मामला अमेरिकी राष्ट्रपति, जो बिडेन ने शिखर सम्मेलन में आश्वासन दिया कि अमेरिका 2030 तक अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करेगा और पेरिस समझौते से बाहर निकलने के लिए माफी मांगी। हालांकि, उन्होंने और अन्य विश्व नेताओं ने शायद ही यह समझाया कि पहले किए गए वादों को आज तक पूरा क्यों नहीं किया गया। बाइडेन ने ठीक ही कहा कि दुनिया ने जलवायु संकट के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण क्षण का सामना किया। लेकिन उन कदमों को निर्धारित करने में विफल रहे जो मानवता को उठाने चाहिए। कॉप27 के समाप्त होने के साथ, कुछ प्रेरणा फिर से जागृत हुई है। आने वाले वर्षों में वैश्विक नेता क्या करते हैं, इस पर ध्यान से देखा जाएगा, लेकिन साथ ही, दुनिया भर के नागरिकों को भी वह करना चाहिए जो वे व्यक्तिगत स्तर पर कर सकते हैं। हमें इस विषय पर सक्रिय रूप से शोर मचाने वाले और लोगों की आवश्यकता है। युवा जलवायु योद्धाओं को आगे आने की जरूरत है और इसके लिए स्कूली पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन को एक विषय के रूप में शामिल करना सही दिशा में एक कदम साबित होगा। आशा स्पष्ट रूप से जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर अपनाने की अच्छी रणनीति नहीं है।

## फरमाया



**मुझे** विश्वास है कि भारत इस पर गौर करेगा। लेकिन वे-जाकिर नाइक-मलेशिया के नागरिक हैं।

**- हरदीप पुरी**
केन्द्रीय मंत्री



**हम** सभी लोग जानते हैं कि पुतिन से बात करना कितना कठिन है। यह एक तथ्य है।

**- बोरिस जॉनसन**
पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**वर्तमान** चुनौती कानून व लोकतंत्र की रक्षा है। हम इसे बचाने के लिए कुछ भी करेंगे।

**- तेजस्वी यादव**
बिहार के उप-मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## भारत जोड़ो यात्रा

**ये** बात जगजाहिर है कि कांग्रेस हमेशा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरोध में रही है। यहाँ तक कि इमेरजेंसी काल में तो संघ के स्वयंसेवकों ने यातनाये तक झेली तथा प्रतिबन्ध इत्यादि से भी उबर कर आए। एक़ बार फिर संघ को घेरने के फेर में राहुल गाँधी गलत बयानी कर गए। एक़ जनसभा के दौरान टंट्या भील के बलिदान का दोष संघ पर मढ़ते सुनाई दिए कांग्रेस के युवराज। जबकि संघ की स्थापना से लगभग 35 वर्ष पहले ही टंट्या भील बलिदान हों गए थे। यहाँ तक कि संघ के संस्थापक डॉ हेडगेवार की आयु टंट्या के बलिदान के समय 8 माह मात्र थी।

एक़ राजसी परिवार और प्रधानमंत्री पद के दावेदार से जनता को मूर्खता पूर्ण और झूठे व्यवहार की कतई उम्मीद नहीं होती इसलिए तौलकर बोलना सर्वदा उचित होता है बड़े नामों को अन्यथा जगहँसाई निश्चित है। विडंबना यह भी है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर तो बाद में पता चलेगा, पर राजस्थान में एक बार फिर गहलोत व पाइलेट में ठन गई है। वैसे राहुल यह भी कह रहे हैं कि यह यात्रा वोट बटोरने के लिए नहीं है। आरोप हैं कि यात्रा में शामिल कलाकारों को पैसा भी दिया जाता है। इससे यात्रा पर सवाल ही उठते हैं।

**-मनोज,** मेरठ

## संविधान दिवस

**आज़ादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत अपने संविधान दिवस की 73 वीं वर्षगाठ मना रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना के बाद भारत ने वसुवधैव कुटुंबकम को अपनाते हुए समूचे विश्व को महामारी से उबरने के लिए वैक्सीन मुहैया कराने में मदद की, यही तो है भारत। भारत के संविधान को कई देशों के संविधान से मिलकर बनाया गया है, इसीलिए इसे बैग ऑफ़बौरोइंग भी कहा जाता है। आज हम अपने अधिकार की बात तो करते हैं, लेकिन अपने दायित्व को भूल जाते हैं। जरुरत है कि भारत का प्रत्येक नागरिक अपने संविधान को पढ़े, समझे और जाने क्या अधिकार उन्हें दिया गया है और क्या देश के प्रति उनका दायित्व है। हम विकसित देशों की तुलना जीडीपी, व्यवस्था और इनोवेशन के आधार पर करते हैं, लेकिन उनके नागरिकों से अपनी तुलना नहीं करते, किस तरह से वो अपने देश की सेवा करते हैं उसके विकास के प्रति सोचते हैं। प्रत्येक भाषा में डिजिटल या पारम्परिक मीडिया के माध्यम से देशवासियों को उनके अधिकार और दायित्व को बताया जाए जिससे कि यह उनको याद हो जाये, यही भारत की उपलब्धि होगी।

**-अमन जायसवाल,** दिल्ली

## ईरान में जन-विद्रोह

**पिछले** 10 सप्ताहों से ईरान भर में हिज़ाब के विरोध में प्रदर्शन जारी है। धर्मान्धिता वाली कट्टरपंथी इस्लामी हुक्मरानों को अब लगने लगा है कि जिस तरह से 1979 की इस्लामी क्रांति से इनकी हुकूमत वजूद में आयी थी ठीक उसी तरह इस्लामपंथियों की सत्ता जा सकती है। हज़ारों प्रदर्शनकारी पुलिस हिंसा के अबतक मारे जा चुके हैं। 14 हज़ार के करीब युवाओं जिनमे ज्यादातर महिलाएं हैं, उन्हें हिरासत में क़ैद किया जा चूका है। शायद इसी दमनात्मक कार्रवाई के कारण मानवाधिकार परिषद ने 16 सितंबर 2022 को शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों से संबंधित एक तथ्य-खोजी मिशन बनाने की घोषणा की है । संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त ने बताया कि सुरक्षा बलों के बर्बर दमन के बावजूद यह विरोध 150 शहरों में फैल गया है। मगर क्या इस जांच के बाद ईरान प्रदर्शनकारियों पर नरम रुख अपना लेगा घ् नहीं ऐसा कभी नहीं होगा। विश्व समुदाय के हाथों में बहुत कुछ नहीं है करने को। उसपर पहले से ही व्यापरिक प्रतिबन्ध लगा हुआ है। जिसका कोई असर उसपर नहीं पड़ रहा है।

**-जंग बाहदुर सिंह,** जमशेदपुर

# घोटमर्रा को 33 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात सहित 6.50 लाख की नई स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




ग्राम पंचायत घोटमर्रा में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ जहां पर अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र में माल्यार्पण कर विभिन्न विकास कार्य मुख्य मार्ग से सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत पक्का सड़क निर्माण कार्य राशि 20 लाख रुपए का भूमिपूजन एवं सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य 2.50 लाख, आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य 6.45 लाख, कम्यूनिटी सेनेटरी काम्पेलेक्स 4.40 लाख के कार्य का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ऐसा पहला राज्य है जहा धान की खरीदी 25 सौ रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है, और इस वर्ष किसान भाईयों की धान की खरीदी 2640 एवं 2660 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किया जा रहा है, प्रदेश की खुशहाली, एकजुटता, विकास हमारी बोली भाखा को आगे बढ़ाने का काम प्रदेश सरकार कर रहे है,छत्तीसगढ़ की संस्कृति,परम्परा को सहेजने का काम छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने काम तीज-त्यौहारों में शासकीय अवकाश देने की शुरूआत की गई,प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की शुरुआत कर छत्तीसगढ़ के परम्परागत खेलों को बढ़ावा दिया है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है,इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति और परंपरा से अवगत कराना है,खेल न केवल मनोरंजक हैं बल्कि अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए भी फायदेमंद हैं, छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है इन खेलों में लोगों की खासी दिलचस्पी है, छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र के बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे हैं, छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध और अनूठी संस्कृति और परंपरा के लिए जाना जाता है, पारंपरिक खेलों का राज्य की संस्कृति में विशेष स्थान है, हालांकि, जैसे-जैसे आधुनिक सभ्यता विकसित हो रही है।

लोग धीरे-धीरे अपनी पुरानी संस्कृति और परंपराओं को भूल रहे है, इसी को ध्यान में रखते हुए, पारंपरिक खेलों के युग को वापस लाने और इन खेलों को फलने-फूलने के लिए माहौल बनाने के छत्तीसगढ़िया ओलंपिक' खेल शुरू किए है, ग्रामवासियों के मांग अनुरूप विधायक आशीष छाबड़ा ने सामूदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6.50 लाख रुपए घोषणा किया गया इस अवसर पर टी आर साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, हिरादेवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, नवाज खान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, केशर बाई सोरी सदस्य जनपद पंचायत बेरला,प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच, कमल वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति देवरबिजा,युवराज दुबे सरपंच, दिलहरण साहू सरपंच, गौरीशंकर शर्मा,फत्ते पटेल,आलोक तिवारी, प्रभात श्रीवास्तव, नोहर देवांगन, प्रभुराम साहू, देवा गर्ग,नद्दू सलूजा, आरती पटेल, विजय वर्मा, रीना साहू, सहदेव सिन्हा, लवकूश ठाकुर, डकवर वर्मा, गजानद शर्मा, छोटेलाल वर्मा,बल्लू वर्मा, शंकर पटेल, गोवर्धन वर्मा, दुर्गेश पटेल, छत्रपाल, हरिओम वर्मा, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नगर निगम क्षेत्र के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदा पारा, आदर्श पारा संतोषी पारा, बैकुण्ठधाम क्षेत्र का आयुक्त रोहित व्यास ने किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर निगम क्षेत्र के वृन्दानगर, जे.पी.नगर, शारदा पारा, आदर्श पारा, संतोषी पारा, बैकुण्ठधाम क्षेत्र का आयुक्त रोहित व्यास ने भ्रमण किया अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिए और अस्पताल प्रबंधन को स्वच्छता तथा दवाई के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। आयुक्त व्यास शासकीय अस्पताल सुपेला में इलाज हेतु भर्ती मरीजों से मिल कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली अस्पताल का भ्रमण कर स्वच्छ पानी की व्यवस्था करने अस्पताल को स्वच्छ रखने तथा दवाई की पर्याप्त मात्रा रखने के निर्देश दिये है, उन्होने बी.एम.शाह अस्पताल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैकुण्ठधाम पहुँच कर भी मरीजों से मिले व्यास ने मरीजो से तथा आम नागरिकों से अपील किये है, कि पानी को उबाल कर पश्चात ठंडा कर पीये तथा गरम व ताजा भोजन ग्रहण करे। उल्टी या दस्त होने पर डाक्टर से परामर्श लेकर दवा लेवे। आयुक्त श्री व्यास ने प्रभावित सभी बस्ती में पेयजल आपूर्ति टेंकर से करने तथा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाई गई पाईप लाईन की जॉच कर क्षतिग्रस्त पाईप को बदलने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये है। उन्होने पानी टंकी की सफाई करवाने के निर्देश भी जोन आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता जल कार्य को दिये है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बस्तीयों के नाली की सफाई के साथ क्लोरिन टेबलेट का वितरण घर-घर दस्तक देकर प्रभावित परिवार की पहचान कर दवा का वितरण किया जा रहा है। चलित मेडिकल यूनिट की तीन गाडियों से प्रभावित बस्तीयों में लगा कर ईलाज किया जा रहा है तथा प्रति दिन प्रत्येक जोन से 20-20 स्थलों से पानी की सेंपल लेकर जॉच हेतु भेजा जा रहा है।

## बैग लेस-डे पर प्रदेश के धरोहरों पर चर्चा हुई



**डौंडी।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय ठेमाबुजुर्ग में बैग लेसडे के अवसर पर शिक्षक गजेन्द्र कुमार रावटे व इन्द्रजीत सिंह देवांगन के साथ जय दंतेश्वरी मंदिर की इतिहास पर चर्चा करते हुए हमारे क्षेत्र में व गांव में ऐसे कौन कौन सी सांस्कृतिक धरोहर है, कितने तलाब कितने कुआ हैं ,इन्हें किस नाम से जाना जाता है व उस नाम का क्या मायने होगा इस पर चर्चा करते हुए तांदुला बांध जो कि बालोद जिला का सबसे बड़ा बांध है इनके सहायक नाला कौन कौन सी है व तांदुला बांध का पानी का उपयोग हम किन किन क्षेत्रो में करते हैं इस सम्बंध में एक दूसरे से चर्चा किया गया साथ ही सत्रह गांव की आराध्य देवी दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण पर सफाई अभियान चलाया गया।

## जिला पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाने की घोषणा की

पायनियर संवाददाता
➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति राहुल टिकरिहा ने उनके जिला पंचायत क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आने पर उन्हें काला झंडा दिखाने की घोषणा किया है इस संबंध में जिला पंचायत के सभापति राहुल टिकरिहा ने बताया है कि जानकारी मिली है की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मेरे जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम कुसमी या ग्राम रांका में 28 या 29 नवंबर को आगमन होने वाला है। जिसकी प्रशासनिक व्यवस्थाएं की जा रही है। किंतु केंद्र सरकार से आयी हुई राशि जिसे हम जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र में विकास कार्य हेतु स्वीकृत करते उस राशि को 2 साल से आपके कांग्रेसी विधायकों के दबाव में यहां के कलेक्टर सीईओ ने रखा है जिससे क्षेत्र का विकास बाधित हो रहा है।

वहीं कृषि में प्रसिद्ध हरियर बेमेतरा की खेती को स्पंज आयरन फैक्ट्री ला कर बर्बाद करने, उपभोक्ताओं से बिजली बिल में लगातार मनमाने ढंग से अतिरिक्त वसूली, शराबबंदी का झूठा वादा कर गली गली में शराब बिक्री कराने तथा ग्राम पंचायतों मूलभूत सुविधाओं हेतु केंद्र सरकार से प्राप्त 15वें वित्त की राशि को अपने फैल योजनाओं में दुरुपयोग मामले के खिलाफ दिखाया जाएगा काला झंडा व उड़ाए काले गुब्बारे जायेंगे।

## 30 नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हे अवसर प्रदान करने के उदेश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम न. 65 में 30 नवंबर 2022 को प्रातः 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें अग्नि सुरक्षा आपदा प्रबंधन संस्थान परिसर भिलाई, दुर्ग द्वारा फायर मैन के 20 पद (न्यून.शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा फायर सेफ्टी उत्तीर्ण, वेतनमान रु. 13000, आयुसीमा 22 से 40 वर्ष कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण छत्तीसगढ़) पर भर्ती किया जाना है और सुरक्षाकर्मी के 100 पद जिसमें शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण वेतनमान 9000-10000 आयुसीमा 22 से 40 वर्ष कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ है, एवं ड्राइवर के 10 पद जिसमें योग्यता 10वीं उत्तीर्ण एवं हैवी लायसेंस वेतनमान 12000-15000, सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ पर भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक ( निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा में 30 नवम्बर 2022 दिन बुधवार समय 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है।

## आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन महोत्सव मनाया गया



**बेमेतरा।** संविधान दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा मे संविधान की प्रस्तावना का वाचन महोत्सव के रूप में किया गया। सर्वप्रथम संविधान निर्माण की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया गया, संस्था की छात्रा प्रतिनिधि के द्वारा समस्त छात्राओं एवं शालेय स्टाफ़ को संविधान की प्रस्तावना (उद्देशियका) का वाचन कराया।इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ने अपने संबोधन मे कहा कि हमें संविधान के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए साथ ही अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहना चाहिए।संस्था के व्याख्याता सुनील झा ने कार्यक्रम का संचालन किया।इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता बी एस सिंह, दिनेश गौतम, योगेन्द्र वर्मा, गोकुल बंजारे,जी एस राजपूत, हीरेंद्र साहू, रेखा सोनी, सपना तिवारी, रिचा मिश्रा, ज्योति परमार, आराधना जोसेफ,विद्यावती कोलहे ,नेहा,रिचा,सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे ।

## लक्ष्मी पूजा में शामिल हुई चौहान सेना की प्रदेशाध्यक्ष चातुरी डिग्रीलाल नंद



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम तिलाईदादर में लक्ष्मी पूजा का अयोजन जय छत्तीसगढ़ युवा समिति जिसमें स्वरूपपूर, तिलाईदादर , रंगमटिया और बीरेंद्रडबरी के युवाओं की टीम है उनके द्वारा आयोजित की गई। जिसमे रात्रि में लोक कलामंच मधु सीताराम चौहान लोक कलामंच सारंगढ़ द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चौहान सेना प्रदेशाध्यक्ष चातुरी डिग्रीलाल नंद थे। नंद ने कहा कि यह लक्ष्मी पूजन का आयोजन लोगो को आपस में जोड़े रखने का एक महत्वपूर्ण साधन है इससे हमारी पूर्वजों की संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखा जा सकता है साथ ही यह मनोरंजन का साधन तो है ही लेकिन इससे बढ़कर ये बात है की लोगों में एकता और अखंडता बनी रहती है। लक्ष्मी पूजा के माध्यम से हम अपनी संस्कृति को जीवित रख सकते हैं । नंद ने आगे कहा की माता लक्ष्मी की कृपा सभी पर बनी रहे और सभी पर उनकी कृपादृष्टि बनी रहे माता लक्ष्मी सभी के पावन चादर में खुशियां धन संपत्ति और खूब सारा आशीर्वाद भर दे। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चौहान सेना उदय लाल चौहान, विजय चौहान, ईश्वर चौहान, अजय मुखर्जी, कुंज बिहारी पटेल, पवित्रो मुखर्जी, उमेश चौहान, व्योम चौहान, राहुल महानंद, अनुराग चौहान, रविन्द्र चौहान, पुरषोत्तम चौहान, नीलांबर चौहान, शीतल प्रसाद चौहान सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया सविंधान दिवस

## डी ए वी जाँता में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में हुए विविध प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला बेमेतरा का एक मात्र डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता जो की एक ऐसा विद्यालय है जो अपने सी बी एस ई शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न एक्टिविटी के लिए जाना जाता हैं, विद्यालय में आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में अनेकों प्रतियोगिता आयोजित किया गया,विद्यालय के लगभग चार सौ विद्यार्थियों को समूहों (हाउस)में पहला दयानंद हाउस, दूसरा श्रद्धानंद हाउस ,तीसरा महात्मानन्द हाउस, चौथा विवेकानंद हाउस में कुल चार हाउसों में विभाजित कर आपस मे प्रतियोगिता आयोजित करवाया जाता हैं जिसमें आज के प्रतियोगिता में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता विषय हमारा भारतीय संविधान, निबंध- लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध लेखन में थीम 'भारत लोकतंत्र की जननी' व 'हमारा सविधान' पर बच्चों ने निबंध लिखें। जैसे कि हम सभी जानते हैं कि आज 26 नवबंर का दिन हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण हैं आज ही के दिन डॉ साहब भीमराव अंबेडकर जी के द्वारा पूरे 2 वर्ष 11 माह व 18 दिन के कड़ी मेहनत से हमारा सविधान तैयार किया गया था। कार्यक्रम में डी ए व्ही स्कूल जाँता के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने सर्वप्रथम डॉ साहब भीमराव अंबेडकर जी को पुष्प गुच्छ, माल्या अर्पण किए व दिप प्रज्वलित करके आज के कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में बताया कि जब देश के संविधान को अपनाया गया था. तो 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने विधिवत रूप से संविधान को स्वीकार किया एवं. इसके ठीक दो महीने बाद 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया था.इस दिन से ही गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। प्राचार्य जायसवाल ने जानकारी साझा किया कि हमारे मौलिक अधिकार और कर्तव्यों को याद दिलाने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है। उसके बाद भारतीय संविधान की इतिहास को विस्तार से अपने भाषण मे बताया कि हमारा संविधान विश्व की सबसे जटिल व एक बहुत बड़ा सविंधान है। साथ ही स्कूल शिक्षिका यामिनी व शिक्षक विक्रम वर्मा ने सभी स्कूल के छात्र- छात्राओं व शिक्षक- शिक्षिकाओ को सविधान प्रतिज्ञा (प्लेज) कराया गया। संस्था के एल डी सी वैभव मिश्रा व वरिष्ठ शिक्षक ललित देवांगन ने सविधान के विशेष नीव को बताते हुए अपना भाषण प्रस्तुत किए। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़- चढ़ कर आज के संविधान दिवस के विभिन्न प्रतियोगिताओं मे भाग लिए आज का प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दयानंद हाउस ने कुल 5 में से 4 अंक के साथ प्रथम स्थान रहा। प्रचार्य जायसवाल ने सभी छात्र -छात्राओं ,अभिभावकगणों व स्कूल स्टाफ को संविधान दिवस की बधाई व शुभकामनाएं। साथ ही आज साप्ताहिक वैदिक हवन यज्ञ भी सपन्न हुए। आज के कार्यक्रम के सफल आयोजन में ललित देवांगन,मनीषा सोनी, दीपिका वर्मा, विक्रम कुमार, वैभव मिश्रा,आयुषी जैन, कैलाश सिंह, रमेश कुमार, यामिनी मानिकपुरी, अनिल कुमार, निशु गुप्ता, अखिलेश कुमार, गोविंद साहू,निक्की चंद्रवंशी, किरण साहू ,विजय चंद्राकर, सुखदेव साहू, गीता साहू, नरेश साहू सभी ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई।

## एनएसयूआई ने संविधान दिवस में प्रस्तावना की प्रति चिन्ह प्राचार्य को भेंट



**बेमेतरा।** नवागढ़ विधानसभा का एकमात्र महाविद्यालय शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ मे 26 नवंबर भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई इकाई नवागढ़ के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय की प्राचार्य मंगली बंजारा को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का प्रति चिन्ह भेंट कर सविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की है इस अवसर पर छात्र नेता परमेश्वर पात्रे, शिखा गेडाम,अजीत चतुवेदी, आर्यभट्ट, गजेंद्र राजपूत, नरेंद्र राजपूत, आदि छात्र छात्राओं शामिल रहे अंत में परमेश्वर पात्रे ने बताया की संविधान की प्रस्तावना देने का उद्देश्य यह है कि संपूर्ण संविधान का मुख्य अंग प्रस्तावना ही है व संविधान देश के समस्त नागरिकों को कानून व्यवस्था के साथ जीवन यापन करने की प्रेरणा देती है जिस के कारण प्रस्तावना का चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी गई है जिस पर प्राचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सफाई कर्मियों के वेतन भुगतान के लेकर प्रशासन का कड़ा रूख

## आयुक्त ने दिया अल्टीमेटम, 24 घंटे के भीतर कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया तो लाभांश राशि होगी राजसात

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com




सफाई कर्मियों के वेतन भुगतान नहीं किए जाने के मामले में नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त ने कठोर अल्टीमेटम मेसर्स पी. वी. रमन को दिया है। आयुक्त ने सफाई मित्रों का भुगतान 24 घंटे के भीतर करने कहा है। अन्यथा रिसाली नगर पालिक निगम लाभांश राशि को राजसात करेगा।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम रिसाली की सफाई व्यवस्था मेसर्स पी. वी. रमन को दिया गया है। एजेंसी ने क्षेत्र की सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था करने सफाई मित्र रखा हुआ है, किन्तु सितम्बर पेड अक्टुबर का वेतन अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। इसी बात को लेकर सफाई मित्र आयुक्त को 2 दिन पूर्व ज्ञापन भी सौंपा था। ठेकेदार द्वारा 2 दिन बाद भुगतान नहीं करने पर सफाई मित्र गुरूवार को आंदोलन करने आमदा हो गए, हालांकि समझाईश के बाद सफाई मित्र जैसे तैसे वापस हुए इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त आशीष देवांगन को 24 घंटे की मोहलत देते हुए नोटिस जारी किया।

### जाने नोटिस में क्या

आयुक्त ने कड़े शब्दों में कहा कि सफाई कार्य का मासिक भुगतान 16 नवम्बर 2022 को किया जा चुका है, किन्तु 8 दिन व्यतित हो जाने के बावजुद प्लेसमेंट सफाई मित्रों का वेतन भुगतान नहीं किया गया है। आयुक्त ने कहा कि सफाई कर्मियों का पारिश्रमिक भुगतान 24 घंटे के भीतर नहीं होने पर कर्तव्य के प्रति लापरवाही मानते हुए लाभांश राशि को राजसात किया जाएगा। साथ ही ठेका अनुबंध अविलंब निरस्त कर फर्म का नाम काली सूची में दर्ज किया जाएगा।

### नोटिस में नियमित वेतन करने दिया निर्देश

उल्लेखनीय है कि अनुबंध के मुताबिक फर्म को श्रमिकों का वेतन हर माह के 10 तारिख तक किया जाना है। इसके बाद भी मेसर्स पी. वी. रमन नियमों का उल्लंघन लगातार कर रहा है। आयुक्त आशीष देवांगन ने नोटिस में स्पष्ट निर्देश दिए है कि अनुबंध शर्तो का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।

## बदलेगी राजस्व वसूली की एजेंसी महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान की

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



महापौर परिषद के आहूत बैठक में निगम क्षेत्र के जोन-02 एवं 03 के कुछ बस्तीयों में फैले डायरिया के कारणो को जानने के लिए नौ सदस्यीय समिति का गठन कर 10 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है। बैठक में घर-घर वसुली हेतु आर.एफपी. बिड में प्राप्त राजस्व निविदाकारें में से पब्लिकेशन एण्ड स्टे. रांची कम्पोजिट स्कोर अधिक होने के कारण एवं भगवा चौंक से कालीबाड़ी चौंक तक सड़क चौड़ीकरण एवं कालीबाड़ी चौंक से एकता चौंक तक फुटपाथ निर्माण कार्य स्थल परिवर्तन कर किये जाने अनुशंसा कर शासन से अनुमति प्राप्त करने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान किया गया है। नगर पालिक निगम महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्ष एवं आयुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मी पति राजू, संदीप निरंकारी, सीजू एन्थोनी, एकांश बंछोर, केशव चौबे, आदित्य सिंह, चन्द्रशेखर गंवई, रीता गेरा, नेहा साहू, मालती ठाकुर की उपस्थिति में सम्मपन्न हुआ। बैठक में निगम क्षेत्र के डायरिया प्रभावित बस्तीयो में डायरिया फैलने के कारणो को जानने के लिए एक नौ सदस्यीय समिति का गठन कर पूर्व बिछाये गये अमृत मिशन के पाईप लाईन सहित अन्य बिन्दुओ को सामिल कर जॉच रिपोर्ट 10 दिन में सौंपने हेतु कहा गया है। बैठक में प्रस्तुत प्रस्ताव 14वें वित्त आयोग अंतर्गत वार्ड . 26 एवं 27 के ब्लॉक 01 से 21 एमआईजी-सी 2306 के सामने होते हुए गुरूद्वारा हाउसिंग बोर्ड एचआईजी 2194 के सामने सम्पूर्ण एरिया एवं एमआईजी-2962 के सामने संपूर्ण एरिया एवं जामुल थाना अटल चौंक से बुद्ध बिहार होते हुए एकता चौंक तक सीमेंटीकरण कार्य हेतु राशि रू. 100.00 लाख मात्र स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है, किन्तु उक्त सड़क निर्माण कार्य सी.एम. घोषणा अंतर्गत संपादित किया जा रहा है।

# चेन्नई में आयोजित समारोह में सम्मानित हुए अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी ऑफ पीपुल फोरम आफइंडिया द्वारा चेन्नई में आयोजित भव्य समारोह में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष एवं आर के एम ग्रुप के चेयरमैन राजकुमार मित्तल कोलकाता को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है,तथा यह उपाधि राजकुमार मित्तल को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक, न्याय की कार्य योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लक्ष्य निर्धारित पर क्रियान्वित करने तथा राजकुमार मित्तल के सेवाभावी कार्यों को देखते हुए उन्हें प्रदान की गई एवं उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन चेन्नई के राजा अन्नामलाई मंदराम चार्ज गेट के सभागार में आयोजित किया गया था, इस आयोजन के दौरान अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार चेन्नई के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, सचिव तरूण मोदी,कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरती रामगढ़िया, संदीप अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, पोयम अग्रवाल, सुनीता खेमका, निशा अग्रवाल भी प्रमुख रूप से मौजूद थे, राजकुमार मित्तल को मिले इस सम्मान पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के महामंत्री प्रदीप कुमार सराफ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गोयल नेपाल, कोषाध्यक्ष गणेश भरतिया रानीगंज सहित सम्मेलन परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अध्यक्ष राजकुमार मित्तल को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं,वहीं इस मानद उपाधि से सम्मानित होने पर राजकुमार मित्तल कोलकाता ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार के सभी सदस्यों की सक्रियता एवं उनके सेवा भाव से ही वह सदैव कार्य करते हैं, तथा वे आगे भी निरंतर इसी तरह से अपनी सक्रियता सभी क्षेत्रों में बनाए रखेंगे,उल्लेखित हो कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल पूरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर विगत 4 वर्षों से सक्रिय रूप से सेवा के कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं, तथा जगह-जगह जहां जरूरतमंदों की सहायता, निर्धन परिवारों को आर्थिक सहायता तथा राष्ट्रहित से संबंधित विभिन्न विषयों पर कार्य उनके कुशल मार्गदर्शन में हो रहा है, तो वही आज अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन में भी दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी इकाइयों के माध्यम से सेवा कार्यों को गति दी है,तथा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल को मिले इस सम्मान पर आर के एम ग्रुप ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है, तथा राजकुमार मित्तल चेन्नई में आयोजित इस समारोह में सपरिवार अपनी धर्मपत्नी संजीव मित्तल के साथ पहुंचे थे तथा उन्होंने चेन्नई शाखा की सक्रियता की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि चेन्नई शाखा ने अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न कार्यों को गति दी है, तथा हमें यह गौरव होता है कि चेन्नई जैसे महानगर में हमारी यह शाखा सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

# प्रा. शाला अमोदी में मानव श्रृंखला व क्वीज स्पर्धा कर संविधान दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



किसी अवधारणा को प्रभावी रूप से बताने के लिए क्वीज एक सशक्त माध्यम होता है जिसमे हर आदमी जितना चाहता है। हारना कोई नहीं चाहता। इसी विधा का प्रयोग करते हुए प्रा शाला अमोदी के शिक्षक गुलज़ार बरेठ बच्चों को नई नई जानकारियां देकर शिक्षित कर रहे है। शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी बम्हनीडीह में संविधान दिवस उत्साह पुर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मानव श्रृंखला बनाकर बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन व भारतीय संविधान पर प्रकाश डाला गया। सहायक शिक्षक गुलज़ार बरेठ ने बच्चों को बताया कि आज हम समाज मे स्वतंत्र रूप मे, बिना किसी भेदभाव के शिक्षा प्राप्त कर रहे है उन्ही की देन है। छुआछूत जैसे सामाजिक बुराई को दूर कर भारत का संविधान निर्माण करने वाले भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर महान व्यक्ति थे। कार्यकम मे उपस्थित हसौद आईटीआई प्राचार्य जितेंद्र सिंह् राज द्वारा बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अम्बेडकर जी का योगदान अमूल्य है। उनके बताये मार्गो पर चलने की जरूरत है। उनके द्वारा स्कूल मे किये जा रहे नवाचारो के लिए शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाये प्रेषित किये। साथ ही बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। शाला के प्रभारी शिक्षक रामकुमार केवट द्वारा अम्बेडकर जी के योगदान को बताते हुए आगामी होने वाले अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी करने के लिए कहा गया। इसके पश्चात बच्चों का सामान्य् ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे संविधान से संबन्धित प्रश्न जैसे संविधान दिवस, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस क्यो और कब मनाया जाता है? साथ ही अम्बेडकर जी के जीवन व उनके योगदान से संबंधित प्रश्न क्वीज मे पूछा गया। क्वीज के दौरान बच्चों मे जबरजस्त उत्साह देखा गया। खास बात क्वीज की तैयारी बच्चों ने एक घंटे के अंदर ही किया। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों व अतिथियों के द्वारा सम्बोधन को सुनकर व पुस्तकों से जानकारी एकत्र कर ग्रुप बनाक तैयारी किया। क्वीज मे कान्हा बरेठ प्रथम, आस्था यादव द्वितीय, व रोहन सिदार,गीत साहू, भारती साहू, दीपेश केवट, राजकुमारी केवट संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम का परिकल्पना व संचालन सहायक शिक्षक गुलज़ार बरेठ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफलतापुर्वक संचालन के लिए बीईओ एम डी दीवान, बीआरसीसी बेहार सर, एपीसी जायसवाल सर, साक्षर भारत समन्वयक धन्यकुमार पांडे, संकुल प्रचार्यशुक्ला, समन्वयक फुटबाल डडसेना सर, नारायण साहू सर डाइट से गोपेश साहू, प्रद्युम्न् शर्मा ,शिक्षक सुरेश बरेठ, बाबूलाल बरेठ, सनत रजक, जीवन लाल राज, संतोष राज,व्याख्याता फिरत कँवर,सरपंच सेवती राज, उपसरपंच सीताराम जायसवाल अध्यक्ष अशोक साहू सहित शिक्षकों व पालक गणो ने शुभकामनाये प्रेषित किये।

# अग्रवाल सम्मेलन तमिलनाडु इकाई ने किया बालिका आश्रम में सेनेटरी पैड का वितरण

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन कोलकाता के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन व्यक्तित्व विकास तमिलनाडु के अंतर्गत सर्वोदय बालिका आश्रम में सैनिटरी पैड्स का वितरण किया गया,प्रवीण रामगढ़िया के सहयोग एवं फ्रेश ब्राइट कंपनी के मालिक बाबूलाल चौधरी द्वारा प्रदत्त सेनेटरी पैड का वितरण किया गया,साथ ही इस कार्यक्रम में आरती रामगढ़िया,,निशा अग्रवाल,शालू चौधरी ने प्रांतीय इकाई का मनोबल बढ़ाया,एवम कहा कि व्यक्तित्व विकास का अर्थ होता है मानव का संपूर्ण विकास और संपूर्ण विकास के लिए हमें हर तरह की वस्तुओं की जिंदगी में जरूरत पड़ती है ,व्यक्तित्व विकास का अर्थ सिर्फ मानव को सिखाना नहीं होता, बल्कि लोगों के लिए वह भौतिक वस्तुएं भी जुटाना होता है जो उनके पास उपलब्ध नहीं है और जो उनके विकास के लिए होती है,सुनीता खेमका संयोजिका अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन व्यक्तित्व विकास तमिलनाडु प्रांत ने भी सभी सहयोग करने वाले पदाधिकारी/सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की तमिलनाडु प्रदेश इकाई को इसी तरह सभी के द्वारा सहयोग किया जाता रहेगा एवं हम आने वाले दिनों में और भी अधिक रचनात्मक एवं सेवा के कार्य करेंगे, सुनीता खेमका ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में यह प्रदेश इकाई पूरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदेश इकाई के रूप में कार्य करेगी।

# छत्तीसगढिया़ खेलों को पहचान दिलाने एक नई परम्परा की शुरुआतः विधायक प्रकाश नायक

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक ने शुक्रवार को रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय छत्तीसगढिया़ ओलम्पिक के समापन अवसर पर विजेता खिलाडियों को मेडल प्रदान किया। इस अवसर पर समापन समारोह में सेंट जेवियर और इंडियन स्कूल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। विधायक ने कहा कि छत्तीसगढिया़ ओलम्पिक के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के खेलों को सामने लाने और पहचान दिलाने की एक नई परम्परा की शुरुआत की गई है, जो सराहनीय है। जिसमें सभी आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर जीत भी हासिल की। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए राज्य स्तर के प्रतियोगिता में जीत कर जिले और विकासखंड का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में महापौर जानकी काटजू, अध्यक्ष जिला पंचायत निराकार पटेल, पूर्व सभापति सलीम नियारिया, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, निगम आयुक्त संबित मिश्रा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, उपायुक्त सुतीक्ष्ण यादव, जिला पंचायत से चंद्रेश टांक उपस्थित रहे। जिला प्रशासन के साथ इस कार्यक्रम के आयोजन में जिंदल उद्योग प्रबंधन का प्रमुख सहयोग रहा। शासन द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढिया़ ओलम्पिक का आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय तीन दिवसीय आयोजन का शुक्रवार को अंतिम दिन रहा। जिसमें 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला-पुरुषों ने भाग लिया था। आज रस्साकसी, पिट्ठूल, संकली, गिल्ली डंडा, बांटी, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खोखो, भौंरा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, लंबी कूद एवं 100 मीटर दौड़ आयोजित किया गया था। जिला स्तरीय छत्तीसगढिया़ ओलम्पिक के सभी विजेता खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय विविध प्रतियोगिता में शामिल होंगे। ये रहे विजेता-100 मीटर दौड़ 40 आयु वर्ग से अधिक में पुरूष वर्ग में प्रथम-पुसौर विकासखण्ड के विनोद गुप्ता, द्वितीय-घरघोड़ा विकासखण्ड के त्रिभूवन सिंह पावर एवं तृतीय-पुसौर विकासखण्ड के लक्ष्मण सिदार रहे।

# सेठ सूरजमल जयपुरिया महाविद्यालय में मनाई गई संविधान दिवस



पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा जिले के बम्हनीडीह के सेठ सूरजमल जयपुरिया महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. एस.के.वर्मा ने छात्रों को संविधान की शपथ दिलायी वा बताया कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान बनकर तैयार हुआ। 26 जनवरी 1950 को अमल में लाया गया । प्राध्यापकगण अनिल लहरे ने संविधान के निर्माण और विशेषताओं से अवगत कराया। शिक्षक बरखा वैष्णव ने संविधान प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए संविधान के मूल्यों व निष्ठा की शपथ दिलायी।

इस कार्यक्रम में मीनू यादव, गंगा सूर्यवंशी, जन्नत खान, रहमत खान, आर्यन, तुसार, रितु, हरीश सहित अन्य शिक्षक वा छात्र उपस्थित रहें।

# पुलिस की कार्यवाही, अवैध शराब रखने वाला 1 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा आरोपी के कब्जे से कुल 05 लीटर 400 मिलीलीटर देशी मदिरा किया गया बरामद आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा के तहत् कार्यवाही की गई।आरोपी जीवन लाल राठौर निवासी अमहा पारा सिवनी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। थाना चाम्पा क्षेत्र के ग्राम सिवनी निवासी जीवन लाल राठौर अवैध शराब रखा है जिसकी सूचना पर चाम्पा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया जहां आरोपी के कब्जे से 30 नग देशी मदिरा कुल 05 लीटर 400 मिलीलीटर शराब बरामद किया गया। जिस पर आरोपी के विरुद्ध अपराध आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया आरोपी जीवन लाल राठौर उम्र 50 वर्ष निवासी अमहा पारा सिवनी को न्यायिक रिमांड में भेजा गयाउक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, आरक्षक ईश्वरी राठौर, माखन साहू एवं श्रीकांत सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सायबर ठगी मामले में गिरफ्तार 14 महिला आरोपियों को न्यायालय पेश किया, 4 को भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुसौर पुलिस द्वारा साइबर ठगी मामले में कोलकाता में रेड कार्रवाई कर गिरफ्तार की गई 14 महिलाओं को उन्हें न्यायालय द्वारा दिए गये सशर्त अंतरिम बेल अवधि के खत्म होने की स्थिति में न्यायालय के समक्ष पेश कर आरोपिया दीपिका मंडल, बिना साव उर्फ़ डाली, जूली सिंह, स्नेहा पाल का पुलिस रिमांड लिया गया है । विदित है कि सायबर ठगी करने वाला यह अंतर्राज्यीय गैंग कोलकाता के सुभाष नगर दक्षिण दमदम में कैफे की तर्ज पर अवैध कॉल सेंटर संचालित कर देश के विभिन्न स्थानों में लोगों को कॉल कर टावर लगाने के नाम पर लुभावनी स्कीम बताते थे जिसमें उनसे पूछा जाता था कि क्या उनके पास 10-10 का जमीन है किसके अधिकार की जमीन है । उसके बाद जमीन पर टावर लगाने की फ्रॉड स्कीम बताकर प्रलोभन देते थे कि इन्हें 10 साल के लिए 15,00,000 रुपए देंगे, 12,000 प्रतिमाह किराया देंगे तथा घर के एक पढ़े-लिखे सदस्य को 10 से 15,000 की नौकरी भी दी जाएगी । जब कॉलर राजी हो जाता था तब उन्हें कमर्सियल लायसेंस, इंश्युरेंस, NOC आदि के नाम पर ड्क्युमेंट व रूपये मांगे जाते थे। एसपी अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन एवं सर्वेक्षण अधिकारी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित 15 सदस्यीय टीम द्वारा पश्चिम बंगाल के विभिन्न ठिकानों पर दबिश देकर इस अंतर्राज्यीय साइबर ठगों गिरोह के मूल ठिकाने पर छापेमार कार्यवाही कर ऑनलाइन ठगी में शामिल 8 युवक और 14 युवती को गिरफ्तार कर थाना पुसौर के धोखाधड़ी मामले में एडिशनल चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोलकाता के न्यायालय पेश किया गया जिसमें 8 आरोपी - कॉल सेंटर का मैनेजर- 1- गोपाल कंडार 2- राम कुमार साव, 3- विशाल सेठ,4- इंद्रोजीत दास, 5- अंकु गुप्ता, 6- अनिल शाह, 7- रोहित साव और 8- शमसुद हुसैन का न्यायालय द्वारा ट्रांजिट रिमांड पुसौर पुलिस को दिया गया तथा । 14 आरोपिया को सशर्त अंतरिम बेल का लाभ देकर ट्रांजिट रिमांड खत्म होने की अवधि के पूर्व रायगढ़ न्यायालय में उपस्थित होने आदेश दिया गया था । गिरफ्तार 8 आरोपियों को रायगढ़ लाया गया, आरोपियों से कॉल सेंटर तथा निजी उपयोग के मोबाइल एवं डायरी पृथक-पृथक जप्त कर आरोपी कॉल सेंटर के मैनेजर गोपाल कंडार तथा शमसुद हुसैन का पुलिस रिमांड लेकर जांच किया जा रहा है । मामले में पुसौर पुलिस द्वारा कोलकाता से गिरफ्तार की गई 14 महिला आरोपियों को दिए गए अंतरिम बेल खत्म होने की अवधि पर न्यायालय के समक्ष पेश कर अवैध संचालित कॉल सेंटर की मैनेजर 1-दीपिका मंडल, टीम लीडर 2- बिना साव उर्फ़ डाली, 3- जूली सिंह 4- स्नेहा पाल का पुलिस रिमांड लिया गया है ।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल बम्हनीडीह के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर समाज को दिया समानता का संदेश



पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

संस्था के प्राचार्या श्वेता शुक्ला ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता भीम राव अम्बेडकर जी को नमन वन्दन किया ।प्राचार्य ने बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंन्द के छात्र छात्राओं के द्वारा पूरे विकासखंड में पहली बार बम्हनीडीह के चौक चौराहो में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा समाज को समानता चाहे वो बालिकाओ को लेकर या किन्नरों को लेकर, सबको समान अधिकार मिले इस हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपनी आवाज जन जन तक पहुचाई।

दिन प्रतिदिन होने वाले सडक दुर्घटना को लेकर भी सुरक्षा के नियमो को नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगो को समझाया गया। गांव के नागरिकों वरिष्ट जनो द्वारा आत्मानंद के छात्र छात्राओं व प्राचार्य श्वेता शुक्ला को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दिए। सभी बच्चों एवं शिक्षक के द्वारा संविधान का प्रस्तावना का सपथ लिया गया साथ ही साथ बच्चों के द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें संसद के लोकसभा व राज्य सभा मे होने वाले संवैधानिक कार्यो का एक्ट किया गया, साथ ही साथ बच्चे अम्बेडकर, इंद्रा गांधी, प्रतिभा पाटिल के वेशभूषा में आये थे। रैली निकाले गये, नारा लगाया गया। नुकड़ नाटक में पल्लवी डड़सेना, ओमी सोनी, सिया शुक्ला, अभ्यांश केशरवानी, जय कर्ष और साथी तथा अंकिता चौधरी, मोनल दिग्रसकर, सुनीता, मनीषा, नेहा खातून, हर्ष वर्धन, सुयश गौराह, हेमलाल, अंकित साव, गोपाल सर, शिवांगी शुक्ला सभी शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे।

# क्राइम मीटिंग में एसपी ने वर्षांत में पेंडिसी कम से कम करने का दिया लक्ष्य

## असामाजिक तत्वों पर अभियान चलाकर कार्यवाही का निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा पुलिस नियंत्रण कक्ष में जिले राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों के साथ बैठक लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दैनिक कार्यवाही एवं आगामी कार्य योजना के संबंध में चर्चा कर बैठक की शुरुआत किए। बैठक में एसपी मीना द्वारा वर्षांत को दृष्टिगत रखते हुए विशेष अभियान चलाकर लंबित अपराधियों का निराकरण करने और गत वर्ष की तुलना में लघु अधिनियम और प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अधिकाधिक करने के निर्देश दिए गए तथा बारी-बारी थानों में लंबित अपराधों की समीक्षा कर प्रभारियों को वर्ष के अंत तक पेंडेंसी को कम से कम रखे जाने का लक्ष्य दिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अनसुलझे व गंभीर मामलों की प्रगति पर असंतोष जाहिर कर प्रभारियों को राजपत्रित अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर शीघ्र विधि अनुरूप कार्यवाही करने कहा गया। एसपी मीना प्रभारियों को बीट प्रणाली को सुदृढ़ करने के कार्य पर चर्चा किए और इसे सुदृढ़ कर बीट प्रभारी एवं कर्मचारियों को बीट में अपराधिक गतिविधियों पर निगाह रखने के साथ-साथ सोशल पुलिसिंग के जरिए पुलिस जन चौपाल, साबइर जागरूकता, हमर बेटी-हमर मान जैसे जागरूकता कार्यक्रमों को अनवरत जारी रखने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों को क्षेत्र में अपराधों के नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था के लिए उनके क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर अभियान चलाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है । पुलिस अधीक्षक द्वारा गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान को गंभीरता से लिये जाने के निर्देश देते हुए अभियान में अधिक से अधिक गुम बालकों की दस्तयाबी का निर्देश दिया गया है । अभियान के लिए सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे दिगर प्रांत गुम बालकों की पतासाजी के लिए शीघ्र अनुमति लेकर पुलिस टीम रवाना करें। चिटफंड प्रकरण के फरार आरोपियों तथा आरोपियों के चल अचल संपत्ति की पतासाजी में कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए ।

## चक्रधरनगर पुलिस की कार्रवाई

# ऑटो चालक से मारपीट मामले में फरार 3 आरोपी गैर जमानतीय धाराओं में गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



चक्रधरनगर पुलिस द्वारा 11 अक्टूबर को मेडिकल कॉलेज के पास ऑटो चालक से मारपीट मामले में फरार तीन आरोपियों को मारपीट एवं अपहरण की धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपीगण ऑटो चालक से झगड़ा मारपीट कर उसे एक ऑटो में जबरन बिठाकर मारते-पीटते हुये रेल्वे स्टेशन तक ले गये थे । जानकारी के अनुसार घटना को लेकर पीड़ित ऑटो चालक विनोद नागेश की पत्नी पुष्पा नागेश (उम्र 32 वर्ष) निवासी मांझापारा पेट्रोल पंप के पास चक्रधरनगर रायगढ में थाना चक्रधरनगर में 13 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज करायी अपनी बच्ची का ईलाज कराने पति के साथ मेडिकल कॉलेज गई थी । जहां मेडिकल कालेज के गेट के सामने दोपहर करीब 02:00 बजे रोहित दास महंत और उसके साथी पति को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते अपने साथ ले गये। रेल्वे स्टेशन के पास से पति फोन कर बताये , तब वहां जाकर पति को अस्पताल में ईलाज के लिये भर्ती करायी। थाना चक्रधरनगर में आरोपी रोहित दास महंत व उसके साथियों पर धारा आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी में लिया गया। फरार आरोपियों की पतासाजी, विवेचना दरमियान चक्रधरनगर पुलिस द्वारा 18 अक्टूबर को आरोपी रोहित दास महंत, चक्रधरनगर को उसके घर से गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया । आरोपी रोहित दास महंत पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि घटना दिनांक को विनोद नागेश पिकनिक जाने के लिए चंदा मांग रहा था जिसे चंदा नहीं देने पर विवाद हुआ था जिसे अपने साथी गजनी उर्फ अमित सिंह, अकबर एवं रिंकू के साथ मिलकर ऑटो में बिठाकर मारते-पीटते रेलवे स्टेशन तक ले गए थे। प्रकरण में प्राप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपहरण की धारा 365 आईपीसी विस्तारित कर आरोपियों की पतासाजी किया जा रहा था। चक्रधर नगर पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग दौरान मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी अमित सिंह राजपूत उर्फ गजनी, मनोहर दास महंत और मोहम्मद अकबर को हिरासत में लिया गया । आरोपी अमित सिंह उर्फ गजनी से घटना में प्रयुक्त ऑटो सीजी 12- ई- 5793 को जप्त कर मारपीट में शामिल आरोपी (1) अमित सिंह राजपूत उर्फ गजनी पिता मंगल सिंह राजपूत उम्र 30 साल निवासी सोनमुड़ा नवापारा चौकी जूटमिल मनोहर दास महंत पिता ननकी दास महंत उम्र 32 साल निवासी भक्तिनडीपा सोनुमुड़ा चौकी जूटमिल (3) मोहम्मद अकबर पिता मोहम्मद शमीम उम्र 35 वर्ष निवासी गांधीनगर चौकी जूटमिल रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए 'घर-घर अभियान', धमतरी तहसील में अभिनव पहल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



परिपालन धमतरी जिले की धमतरी तहसील में घर-घर अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टरों को राजस्व प्रकरणों त्वरित निराकरण के दिए गए निर्देशोंमुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कलेक्टरों को राजस्व प्रकरणों त्वरित निराकरण के दिए गए निर्देशों के परिपालन में धमतरी जिले की धमतरी तहसील में घर-घर अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत पटवारी अपने हल्के के खातेदारों, किसानों के घर-घर जाकर उनकी राजस्व प्रकरणों से संबंधित जानकारी ले रहे हैं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत राजस्व प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण कर रहे हैं। लोगों को घर पहुंचाकर राजस्व अभिलेख, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं, इससे लोगों को पटवारी और तहसील कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। धमतरी तहसील में जिला कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देश पर 02 नवंबर 2022 से घर-घर अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि-प्रत्येक पटवारी अपने-अपने हल्कों के समस्त ग्रामों में निवासरत खाताधारकों से व्यक्तिगत संपर्क करें। खाताधारकों के फौत की जानकारी होने पर वारिसानों की सूची भुईयां पोर्टल में अपलोड करें। संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार निर्धारित समयावधि के भीतर फौती नामांतरण के आदेश पारित करें। पटवारियों को यह निर्देश भी दिए गए हैं कि घरों में भ्रमण के दौरान पटवारी निवासरत लोगों से जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी लें और उन्हें आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करायें। पटवारियों को सप्ताह में कम से कम 02 दिन अपने-अपने हल्कों के स्कूलों में जाकर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए हैं। घर-घर अभियान के तहत धमतरी तहसील अंतर्गत कुल 70 हजार 643 खाताधारकों में से पटवारियों द्वारा अब तक 19 हजार लोगों से संपर्क किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी विभोर अग्रवाल से मिली जानकारी के अनुसार फौती नामांतरण के 370 प्रकरण भुईयां पोर्टल में दर्ज किये जाने हेतु प्रदान किया गया, जिस पर नामांतरण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। इसी प्रकार 1806 लोगों को जाति प्रमाण पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराये गये। आर.बी.सी. 6-4 एवं अन्य 392 विविध प्रतिवेदनों को पटवारियों द्वारा आम जनता को प्रदान किया गया है। धमतरी तहसील में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के अध्ययनरत 20 हजार 233 विद्यार्थियों में से अब तक 15 हजार 274 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाये जा चुके हैं। शेष विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र अतिशीघ्र बनाने की कार्यवाही की जा रही है। घर-घर अभियान के तहत राजस्व विभाग का अमला घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहा है और लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण में उचित सहयोग प्रदान कर रहा है। इस अभियान से लोग उत्साहित हैं। पटवारियों के घर, मोहल्ला, बस्ती में जाने के कारण आम जनता को पटवारी, तहसील कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ रहा है, उनके समय और परिश्रम की बचत हो रही है। इससे लोगों को काफी राहत मिली है। इस अभियान के प्रारंभ होने पर इस तहसील के लोग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं।
तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार द्वारा भी हल्कों में घूम-घूमकर पटवारियों के कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है।

प्रथम पेज का शेष

# चार साल तक आदिवासियों की उपेक्षा, कोर्ट में सरकार ने मजबूती से नहीं रखा पक्ष : साय

जब इस विधेयक के साथ संकल्प पारित करने का विचार की है। इसमें केंद्र सरकार से आग्रह करेगी। यह काम तो पहले ही करना था जब कोर्ट में मामला लंबित था।

**सवाल :** आप तो अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे है कार्यकाल के दौरान आपके संज्ञान में आया कि कितने राज्यों में 76 प्रतिशत के या उससे ज्यादा आरक्षण प्रभावशील है?

**जवाब:-** दक्षिण के राज्यों में 70-80 प्रतिशत आरक्षण लागू है कहां-कहां लागू है वास्तविक आकड़े तो पता नहीं पर संज्ञान में है कि दक्षिण में के कुछ राज्यों में 70-80 प्रतिशत आरक्षण लागू है।

**सवाल:-** कोर्ट में आरक्षण मामले की सुनवाई के दौरान कांग्रेस सरकार ने क्या-क्या जानकारी उपलब्ध नहीं कराया। जिसके कारण आरक्षण खारिज हो गया?

**जवाब:-** आरक्षण का सारा दारोमदार जनसंख्या पर निर्भर है। प्रदेश में कितने प्रकार की जनजातियां निवासरत है और कहां-कहां सबसे अधिक और कहां सबसे कम जनसंख्या है। वनवासियों की जनसंख्या जनगणना और शासकीय गजट में संशोधित आंकड़े सरकार को देना चाहिए था, उस समय भूपेश सरकार ने कोताही बरती, अब आरक्षण का संकल्प पारित कर राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है। यह सिर्फ कांग्रेस के फायदे के लिए है। कोर्ट में आदिवासियों और जनजातियों के पक्ष में पुख्ता जानकारी नहीं दी, जिसके अभाव में आदिवासियों का पक्ष मजबूत नहीं बन सका।

**सवाल:** हाल ही में आनन-फानन में भूपेश सरकार आरक्षण का संकल्प पारित किया, इसे आप किस नजरिए से देखते है?

**जवाब :-** भूपेश सरकार कोई नियुक्ति कर रही होगी उसके आड़ में आदिवासियों के मामले को लेकर स्वार्थवश संकल्प पारित किया। इस मुद्दे में सरकार का नजरिया स्पष्ट नहीं है। वह चार तक इस मामले पर सुध नहीं ली और खारिज होने के बाद जागने और आदिवासियों की हितों की रक्षा करने की खोखली कसमें खा रही है।

**सवाल:-** आरक्षण को लेकर लाए गए संकल्प से कांग्रेस को कितना लाभ मिल सकता है?

**जवाब:-** इस तरह के आरक्षण ग्राह्य होगे या नहीं यह तो आने वाला वक्त बताएगा। लेकिन कांग्रेस की भूपेश सरकार को इस मुद्दे पर कोई लाभ नहीं मिल सकेगा। आदिवासियों की नाराजगी प्रदेश की राजधानी से लेकर वनांचलों में साफ तौर पर दिखाई देने लगी है। लोग विरोध का स्वर बुलंद कर रहे है।

**सवाल:-** आरक्षण खारिज होने के लिए आप सबसे ज्यादा दोषी किसे मानते है?

**जवाब:-** आरक्षण मामले में सबसे ज्यादा भूपेश सरकार दोषी है। जबकि वो पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर दोष मढ़ रही है।

# श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में रिसर्च मेथड्स पर कार्यशाला, विशेषज्ञ प्रो.जीपी सिंह ने दिया व्याख्यान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 25 से 26 नवंबर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई हैं। रिसर्च मेथड्स और बेसिक स्टेटिस्टिक्स विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई हैं। कार्यशाला के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार सिन्हा, कुलपति एवं निदेशक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, नया रायपुर एवं विषय विशेषज्ञ सांख्यिकी विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से प्रो. जी.पी. सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला के उदघाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एस. के. सिंह ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों और सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के विकास के लिए की गई कल्पनाओं के बारे में बताया और कहा की विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के बाद दो ही साल में यूजीसी के द्वारा 12क्कका दर्जा प्राप्त कर लिया था। इसके बाद उन्होंने कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए उन्होंने रिसर्च की मानयता और महत्व के बारे में बताया और कहा की कार्यशाला का आयोजन शोध में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ ही अभ्यास आधारित सत्रों के माध्यम से डेटा विश्लेषण के सरल और संपूर्ण तरीकों से परिचित कराना है, ताकि वे अपने संबंधित विषय में शोध करने में आत्मविश्वास और विशेषज्ञता हासिल कर सकें।

इसके साथ ही उन्होंने बताया की पुरे वैश्विक स्तर रिसर्च पब्लिकेशन प्रकाशन शीर्ष 10त्न बढ़ रहा है जो वैश्विक रूप से 4त्न के रूप में बहुत अधिक है जिसमें दुनिया भर में वैश्विक शोध प्रकाशन में भारत का योगदान 5त्न है। एवं पत्र की दर शोध पत्र की गुणवत्ता के सबसे महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक है, इसलिए वैश्विक शोध प्रकाशन में मात्रा के अनुसार भारत का योगदान 5त्न है जबकि स्टेशन के अनुसार विश्वव्यापी प्रकाशन में भारत का योगदान 2.3त्न है। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार सिन्हा ने कहा की पूरी दुनिया में हर एक जनरेशन के लिए रिसर्च काफी महत्वपूर्ण हैं और रिसर्च करने के लिए एवं रिसर्च में अलग-अलग तरिके से विकास करने के लिए रिसर्च मानसिकता और और उन्होंने उदहारण देते हुए बताया की एक नॉर्मल इंसान का नजरिया और रिसर्चर वाला नजरिया कैसे होता है और रिसर्चर वाला नजरिया होना कितना आवश्यक हैं दुनिया को अलग नजरिये से देखना सीखे तभी आपके रिसर्च का सही नतीजा प्राप्त होगा।

# शासकीय दंडकारण्य महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

## विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ



पायनियर संवाददाता ✓ केशकाल
www.dailypioneer.com

स्व. महेश बघेल जी शासकीय दण्डकारण्य महाविधालय केशकाल में 26 नवंबर को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। जहाँ सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य एस.डी. सोनवानी द्वारा संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य एस.डी सोनवानी ने बच्चों को संबोधित किया जिसमें उन्होंने भारतीय संविधान की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए समस्त महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं व स्टाफके साथ एक स्वर में संविधान उदघोषिका का वाचन भी किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राछात्राओं की उपस्तिथि रही।

# संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर साहब को याद किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ आरंग
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 16 घुमरा भाटा में संविधान दिवस के पावन अवसर पर संविधान प्रस्तावना का वाचन कर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को याद कर उन्हें सादर नमन करते हुए संविधान की सुरक्षा का संकल्प लिया गया संविधान दिवस के अवसर में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, अब्दुल कादिर गोरी ने डॉ.भीमराव अंबेडकर जी को भारत मां का सच्चा सपूत बताया और उनके द्वारा भारत की संप्रभुता एवं अखंडता को बनाए रखने हेतु किए गए प्रयासों को याद किया बाबा भीमराव अंबेडकर साहब अमर रहे के नारों के साथ संविधान दिवस की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की उक्त कार्यक्रम में टिकेश्वर गिलहरे अध्यक्ष सेवादल आरंग चम्मन कोसले बूथ अध्यक्ष गुमराभाटा नंद कुमार यादव उपसरपंच बैहार सुंदरलाल कोसले, जियन ढिढी, युवराज बंजारे,मदन गितलहरे, मोती बंजारे, बिसेनदास बंजारे, राजकुमार मन्नाडे, राधेश्याम टंडन, महेंद्र टंडन, कमल नारायण टंडन, रोशन सोनवानी, देवेंद्र सोनवानी,विसहत बघेल, किशन भारद्वाज, ह्रदय बंजारे, राजेंद्र, चंद्रवती बंजारे, ललिता बंजारे, डिंपल बंजारे, बिंदा कोसले, कांति मन्नाडे, दीपज्योति ढीढी, कमला ढीढी, रजनी, आदि उपस्थित थे।

# आर के एम फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप की संगीतमयी शाम



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढातालाब गार्डन में हर दिल अजीज गायक मो. अजीज जी की पुण्यतिथि पर उन्ही के गाये गानों से भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। मज्जू भाई पिंकी सरकार ने हैरान हु मैं आपकी जुल्फोको देखकर, अहमद भाई ने मेरे मालिक मेरे दाता, प्रसन्न भाई वंदना ने तेरे मेरे होटों पे, शकील भाई पिंकी रामटेके ने् ऊंगली में अंगूठी -अंगूठी में नगीना दिलीप रचदानी पिंकी सरकार ने नूरी आजरे ओ मेरे दिलबर जानिया
सुरेश भाई ने दिल में हो तुम, प्रभात भाई संगीता निषाद ने शायद मेरी शादी का ख्याल आया,उमेश भाई वंदनाने आंखो से तूने ये,दिलीप नामपल्लीवार अहमद ने जानू मेरी जान मैं तुझ,नंदू भाई और इस दिल में क्या,माणिक बर्मन अलका श्रीवास्तव ने मेरे प्यार की उमर हो इतनी सनम की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी।

लकार्यकरम का संचालन लक्ष्मी नारायण लाहोटी ने किया। अतिथि सिंगर साहिल पाठक महेंद्र साहू मुकेश फतनानी गोल्डन साहू बेबी तुषिका पाठक ने शानदार प्रस्तुति देकर शाम को यादगार बनाया।

## किसानों को लगभग 3482 करोड़ रूपए का भुगतान

# समर्थन मूल्य पर 16.73 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

- सोसाटियों से 7.23 लाख मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। 25 नवंबर तक किसानों से 16 लाख 73 हजार 370 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में किसानों को 34 करोड़ 81 लाख 65 हजार रूपए का भुगतान भी बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है। धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसको लेकर पूरी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए इस साल राज्य सरकार द्वारा किसानों को ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था के चलते किसानों को सहूलियत होने लगी है। बड़ी संख्या में किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से धान बेचने के लिए अपनी मर्जी के मुताबिक तिथि का चयन करने लगे हैं। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों द्वारा मैन्युअल रूप से किसानों को टोकन जारी करने की व्यवस्था पूर्व वर्षों की भांति जारी है। खाद्य सचिव टी.के. वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.23 लाख नये किसान हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2568 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जा रहा है। आज की स्थिति में 11.53 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किया गया है, जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 7.23 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। राज्य में आज 25 नवंबर को 38,461 किसानों से 1,42,664 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है, इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 31,127 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 51,568 टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 11,144 टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

# पार्टी की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं : गौरीशंकर

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधानसभा में विकास पुरुष के नाम से अपनी अलग पहचान बनाने वाले पूर्व विधायक कसडोल एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल भाजपा संगठन के आवश्यक बैठक में शनिवार को लवन पहुंचकर कार्यकर्ताओं को ऊर्जा प्रदान करते हुए दिखे।लवन मण्डल के आसपास के गॉवों से बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति बैठक में दिखाई दिये।गौरतलब हो कि आगामी 2023 में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होना है।इस लिहाज से सभी पार्टियां अपने अपने स्तर पर संगठन के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा और जोश का संचार करते हुए दिख रहे हैं।इसी कड़ी में भाजपा मंडल लवन का भी बैठक विभिन्न बिंदुओं पर आयोजित रहा।जिसमें भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित कई दिग्गजों ने शिरकत कर कार्यकर्ताओ में जोश भरने का काम किये।गौरीशंकर अग्रवाल के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ अजय रॉव, राजकुमार साहू पूर्व अध्यक्ष कसडोल भाजपा मंडल, सुलोचना यादव जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बलौदाबाजार, मीना बार्वे नगर पंचायत अध्यक्ष लवन, सहित भाजपा कार्यकर्ताओं में पारस ताम्रकार,विजय यादव मण्डल अध्यक्ष लवन, प्रशांत यादव जिला महामंत्री बलौदाबाजार,अनुपम बाजपेयी, सर्वेन्द्र साहू,पंकज अग्रवाल, सुमन्त साहू ,ओमप्रकाश साहू,सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहा।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कसडोल गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार किसानों के साथ छलावा कर सत्ता में आया है ,2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वही किसान सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगा, कांग्रेस की सरकार बनते ही पूरे छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार की लहर है ,जनता पूरी तरह से त्रस्त है ऐसे सरकार को बाहर का रास्ता दिखाना है इसीलिए अभी से मैदान में उतरकर मेहनत करने में लग जाइए ताकि जनता के बीच जाकर कांग्रेस की असली चेहरा दिखाइए और उन्हें बताओं कि कांग्रेस सरकार ने सभी के साथ धोखा किये हैं ,अपने अधिकार और वोट की कीमत को पहचान कीजिए की जागरूकता सन्देश का युद्ध स्तर पर सघन प्रचार कर मतदाओं को असलियत बताईए, आगे यह भी कहा कि भाजपा की नीति सदैव सुशासन रही।

# सर्व आदिवासी समाज कोदागांव में संविधान दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

भीमराव अम्बेडकर जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान पुरुष ठाकुर रामप्रशाद पोटाई जी को याद किया गया तथा 26/11 मुंबई अटैक में शहिद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कैंडल जलाया गया और धनेलिकन्ह हॉस्पिटल मे मरीजों को फ्ल चाय बिस्किट वितरण किया गया जिसमे सर्व आदिवासी समाज उपाध्यक्ष देवलाल नेताम, सचिव एस आर कोराटिया, कार्यकारणी अध्यक्ष छेत्र धनेलिकन्हार नरेश तुलावी, अध्यक्ष महिला बिंदु कावडे, रामनिरंजन तुलावी, वार्डपंच पवन उईके, सीताराम कोटपरीया, सुरुजभान नेताम, कुंजलाल गवरना, सोहन तेता, प्रदीप कावडे, लच्छन तुलावी,रुपेंदर कांगे,जागेश्वर नेताम, ललिता नायक, गीता टाकुर, शारदा मंडावी,रामरतन यूईके, आदि उपस्थित थे।

## 'फार्मा एनक्लेव 1.0' का आयोजन संपन्न

# कलिंगा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलिंगा विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के द्वारा वर्तमान परिदृश्य में दवाओं की खोज और विकास के लिए फार्मा इंडस्ट्री में नवाचार की भूमिका विषय पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'फार्मा एनक्लेव 1.0' का आयोजन किया गया।जिसमें देश के बड़े फार्मेसी उद्योग से जुड़े हुए लोगों के साथ-साथ विद्वान प्राध्यापक,शोध छात्र एवं विद्यार्थी सम्मिलित थें।इस अवसर पर विषय से संबंधित एक पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। सम्मेलन के पहले चरण में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर.श्रीधर, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ.संदीप प्रसाद तिवारी,मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित 'एथिक्स' फार्मा के सीईओ और संस्थापक डॉ. योगेंद्र कुमार चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित ब्रांडिंग और मार्केटिंग अधिकारी मुस्कान कोटवानी की उपस्थिति में ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर.श्रीधर ने कहा कि समय की मांग है कि विद्यार्थियों को नवीनतम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए।बदलते समय के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए,उनकी जरुरत के हिसाब से नवाचार से परिचित कराना और ज्ञानवर्धक सूचनाएं प्रदान करना बहुत आवश्यक है।इस संदर्भ में अनुसंधानकर्ताओं एवं विद्यार्थियों के लिए यह राष्ट्रीय सम्मेलन बहुपयोगी सिद्ध होगा। फार्मा एनक्लेव 1.0 में तीन वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन किया गया।जिनका संचालन एवं मुख्य वक्ता की भूमिका का निर्वाह 'नोवार्टिस' हैदराबाद के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. के.वी. कन्ना राव, इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय, म.प्र.के सह प्राध्यापक डॉ. ऋषि पालीवाल और कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने किया। जिन्होंने सम्मेलन के विषय पर केंद्रित बहुमूल्य विचारों से शोधार्थियों को लाभान्वित किया और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति एवं मौखिक प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के 41 छात्रों एवं शोधार्थियों ने मौखिक प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में भाग लिया जबकि 19 उम्मीदवारों ने पोस्टर प्रस्तुति प्रस्तुति प्रतियोगिता में भाग लिया।पोस्टर प्रस्तुति का मूल्यांकन 'आरआईटीईई' के प्राचार्य डॉ. सत्यब्रत भांजा के द्वारा किया गया और मौखिक प्रस्तुति के लिए मूल्यांकन हिमालयन फार्मेसी संस्थान, सिक्किम के सह प्राध्यापक डॉ. संजीव बहादुर, गायत्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी, संबलपुर ओडिशा के सह प्राध्यापक डॉ. सुभेंदु शेखर मिश्रा और रावतपुरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी की प्राचार्य डॉ अंशिता गुप्ता सोनी के द्वारा किया गया।पोस्टर और मौखिक प्रस्तुति में प्रस्तुतकर्ताओं के साथ, ऑनलाइन और ऑफ लाइन मोड में विभिन्न संस्थानों के 220 से अधिक विद्यार्थी और शोध विद्वानों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन के कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी विभाग की सहायक प्राध्यापक खुशबू गुप्ता एवं सहायक प्राध्यापक प्रांजुल श्रीवास्तव ने किया।जबकि आभार प्रदर्शन एवं सम्मेलन के समापन की घोषणा कलिंगा विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ. संदीप प्रसाद तिवारी ने किया।इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य सुदीप मंडल, रजनी यादव, सौरभ शर्मा, जयश्री स्वर्णकार एवं सृष्टि नामदेव के साथ विभाग के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थें।

# बाप ने ही बच्ची को मौत के घाट उतारा नाजायज रिश्ता रखने वाली मां भी आरोपी

## मासूम की मौत के बाद पुलिस में खुद ही रिपोर्ट लिखवाई, पति-पत्नी गुमराह करते रहे

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मोहला इलाके के ग्राम बोगाटोला में सप्ताह भर बाद लापता बच्ची की लाश बरामद होने ने बाद हुए खुलासे ने इंसानी रिश्तों को झकझोर दिया है। 15-16 नवंबर की दरम्यानी रात गायब हुई 6 माह की बच्ची की हत्या उसके ही उस पिता ने की थी जिसने दूसरे दिन उसके लापता होने की रिपोर्ट लिखाई। बच्ची के शव को ठिकाने लगाने में उसकी मां ने भी मदद की थी और दोनों ही अब तक एक-दूसरे को बचाने की कोशिश करते रहे।

शनिवार को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बच्ची के पिता आत्माराम कोठारी ने घटना वाली रात अपनी पत्नी को गैर मर्द के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया था। इसके बाद उसने अपनी बच्ची को गैर की औलाद बताते हुए मार डाला। इस घटना के बाद पति-पत्नी ने ही मामले को छिपाने की कोशिश की। आत्माराम ने शव को घर से दूर जोगी डबरी में फेंक दिया और बच्ची के लापता होने की रिपोर्ट लिखा दी। इसके बाद दोनों ही पति पत्नी साथ में ही रह रहे थे। 24 नवंबर को लापता बच्ची का शव बरामद किया गया था। इससे पहले पुलिस तीन दिनों तक उसकी तलाश गांव के आसपास तालाब, नाले, जंगल और शमशान में करती रही थी। जांच जारी ही थी लेकिन शक कभी परिजनों पर नहीं गया। आत्माराम ने रिपोर्ट लिखवाई थी कि, घर से आधी रात को अपनी मां के पास सो रही बच्ची गायब हो गई है। दोनों ही ने पुलिस को अपने तौर-तरीकों से भ्रमित भी किया।

लेकिन, बच्ची का शव जब घर से कुछ ही सौ मीटर दूर बरामद हुआ तो पुलिस का शक गहरा गया। मोहला थाना प्रभारी कपिल चंद्रा और उनकी टीम ने परिजनों से कड़ाई से पूछताछ शुरु की। पति-पत्नी से अलग से पूछताछ हुई। आखिर में आत्माराम ने अपना गुनाह कबूल ली।

### गैर मर्द के साथ मिलते देखा, हत्या की

पुलिस ने बताया कि, 15 नवंबर की रात को आत्माराम कोठारी परिवार के साथ खाना खाकर सोने चला गया। रात करीब 11 बजे कमरे से बच्ची की रोने की आवाज आई। यह देखकर आरोपी जब अपनी पत्नी को देखा तो वह बिस्तर से गायब थी। आरोपी जब कोठार में पहुंचा तो वह किसी पुरूष के साथ नजर आई। पत्नी रीना कोठारी से आरोपी ने पूछा कि इतनी रात को कौन था, तो उसने एतराम खांडेकर नामक व्यक्ति का जिक्र किया। इस बात को सुनकर वह गुस्से में आ गया और उसने अपनी दूधमुंहे छह माह की बच्ची के सिर के बांये तरफ कनपटी में जोर से मार दिया। आरोपी ने मेरी संतान नहीं होने से बौखलाहट में आकर मासूम की हत्या कर दी। वैवाहिक जीवन बर्बाद न हो इसलिए पत्नी ने पति के साथ मिलकर शव को तालाब में फेंक दिया और दोनों झूठी खबर फैलाकर बच्ची के गुम होने की सूचना लेकर पुलिस तक पहुंचे।

# योजना का फायदा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही यात्रा का उद्देश्य : रामविलास साहू

## किसान जोड़ो सम्मान यात्रा गंडई पहुंची, आतिशबाजी के साथ किया प्रदेश अध्यक्ष साहू का जोरदार स्वागत




पायनियर संवाददाता ◀ गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com

शनिवार को किसान जोड़ो सम्मान यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यह यात्रा कवर्धा से लोहारा होते हुए शाम 5 बजे पंजाब नेशनल बैंक गंडई के पास पहुँची। किसान कांग्रेस द्वारा 90 विधानसभा में यह यात्रा निकाली जा रही है। किसान सम्मान यात्रा विगत 08 नवंबर से शुरू हुई है जो आगामी 29 नवंबर तक चलेगी।

इस यात्रा का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 08 नवंबर को हरी झंडी दिखाकर किया गया था। इसी कड़ी में किसान सम्मान यात्रा खैरागढ़ विधानसभा के गंडई में कल 26 नवंबर को पहुँची कार्यक्रम में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले जिलाध्यक्ष कामदेव जंघेल, पुनेन्द्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारियो ने प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू का पुष्पहार से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू ने कहा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्या कुमारी तक पदयात्रा निकाली है तो हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी गली गली मोहल्ला गांव से लेकर शहर तक का किसान जोड़ो सम्मान यात्रा निकालने की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की उपलब्धि को गिनाया। जिसमे कर्ज मुक्ति 2500 सौ रूपए में धान खरीदी मजदुर साथी को भी 7000 हजार सालाना, युवा साथी को राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से एक लाख रूपए सालाना दे रहे है छ.ग. की पुरानी संस्कृती जो विलुप्त हो चुकी है उसे जीवित करने का प्रयास जारी है। अधिकारी कर्मचारी जिसका पुराना पेंशन बंद हो चुका था उसे फिर से लागू कराया। कार्यक्रम के अंत में किसानों को हार पहनाकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अय्युब कुरैशी ने किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में फाइलेरिया के मरीजों को निःशुल्क किट प्रदान किया



पायनियर संवाददाता ◀ छुईखदान
www.dailypioneer.com

हाथी पाव (फाइलेरिया) बीमारी लाइलाज है, लेकिन इसके तकलीफों को दूर करने हेतु एवं नियंत्रण करने हेतु स्वास्थ विभाग द्वारा समय-समय पर प्रबंधन हेतु उपाय बताए जाते हैं, ताकि मरीजों को ज्यादा तकलीफ ना हो। प्रभावित अंगों में सुजन की वृद्धि ना हो। डॉक्टर रवि शंकर सत्यार्थी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला केसीजी के कुशल मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में फाइलेरिया के मरीजों को प्रभावित अंगों के रोग प्रबंधन हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष बघेल, बृजेश ताम्रकार जिला कार्यक्रम प्रबंधक केसीजी, विवेक मेश्राम मलेरिया सुपरवाइजर द्वारा मरीजों को फाइलेरिया किट निःशुल्क प्रदान किया गया।

## सहारा इंडिया कंपनी के निवेशकों को भुगतान के लिए एक करोड़ का चेक जारी

**राजनांदगांव।** जिले में चिटफण्ड कंपनी के निवेशकों की राशि वापसी के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। सहारा इंडिया कंपनी अंतर्गत सहारियान ई-मल्टीपरपस सोसायटी लिमिटेट, सहारा क्यूशॉप यूनिक प्रोडक्ट रेंज लिमिटेड एवं सहारा क्रेडिट कोआपरेटिस सोसायटी के निवेशकों से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन सहारा इंडिया कंपनी द्वारा कराया गया। पूर्व में कंपनी के कुल 1 हजार 772 निवेशकों को 2 करोड़ 30 लाख रूपए का भुगतान तहसीलों के माध्यम से कराया जा चुका है। वर्तमान में लगभग 1000 और निवेशकों के आवेदन का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है, जिन्हें उनके निवेश की राशि का 25 प्रतिशत लगभग 1 करोड़ रूपए भुगतान हेतु संबंधित तहसीलदारों को चेक जारी किया जा रहा है। इन निवेशकों में तहसील डोंगरगांव के लगभग 200 निवेशक, तहसील छुरिया के 446 निवेशकों एवं तहसील मोहला व अम्बागढ़ चौकी के 417 निवेशकों शामिल हैं।

# आदतन बलात्कारी युवक चंद्रपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार

- गांव की वृद्धा व 26 वर्षीय महिला से किया था दुष्कर्म
- 2 महिलाओं से रेप का आरोपी 6 माह बाद गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के किरगी में 6 माह पूर्व मई महीने में 68 वर्षीय वृद्धा से बलात्कार एवं अक्टूबर माह में दशहरा की दरम्यानी रात्रि में 26 वर्षीय महिला से रेप की घटना में कार्रवाई की है। पुलिस की आधिकारिक जानकारी मुताबिक उक्त दोनों महिलाओं से बलात्कार का आरोपी गांव का ही एक युवक है। आदतन बलात्कारी सरीखे कृत्य कारित कर फरार आरोपी को पुलिस ने चंद्रपुर महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस द्वारा मीडिया में आधिकारिक जानकारी मुताबिक 6 माह पूर्व किरगी में एक 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ अज्ञात आरोपी द्वारा बलात्कार करने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ था। वहीं अक्टूबर में दशहरा की दरमियानी रात्रि आरोपी द्वारा एक अन्य युवक के सहयोग से 26 वर्षीय विवाहिता से दुष्कर्म को अंजाम दे दिया। गांव में बुजुर्ग महिला से बलात्कार मामले में 6 माह से विवेचना कर रही डोंगरगांव पुलिस को किरगी के ही दशहरा की रात्रि दुष्कर्म की घटना में आरोपी की पहचान होने पर युवक टेमन पिता दलील साहू के चंद्रपुर महाराष्ट्र में लोकेशन मिलते ही लोकल पुलिस की सहायता से गिरफ्तार कर लिया। इस घटना में सहआरोपी युवक पूनम पिता लक्ष्मीनारायण, 30 वर्ष को भी गिरफ्तार किया।

टीआई भरत बरेठ ने बताया कि दूसरी घटना के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी होते ही मुख्य आरोपी टेमन द्वारा 68 वर्षीय वृद्धा से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने की जानकारी पुलिस ने पुख्ता की। उक्त अपराध कारित करने की स्वीकारोक्ति उपरांत पुलिस ने युवक टेमन पिता दलील साहू एवं सहआरोपी युवक पूनम पिता लक्ष्मीनारायण, 30 वर्ष को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

**दशहरा की रात्रि रेकी करके दुष्कर्म -** किरगी की पहली घटना में वृद्धा के साथ आरोपी टेमन ने अकेले ही दुष्कर्म किया। वहीं दूसरी घटना में रेकी करने के बाद दशहरा की रात्रि गांव में सांस्कृतिक आयोजन देखने गए परिजनों की गैरमौजूदगी में अकेली घर मे मौजूद पीड़िता के साथ एक अन्य युवक के सहयोग से दुष्कर्म को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 459, 450, 377 एवं 506 का अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है।

# जिला साहू संघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला साहू संघ राजनांदगांव के द्वारा सांस्कृतिक विधाओं से जुड़े हुए वरिष्ठ कलाकारों को एक धागे में पिरोया गया है। इसी कड़ी में गोविंद साहू (साव) जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में पदाधिकारियों एवं कार्यकारी सदस्यों का मनोनयन किया गया है। गोविंद साहू ने कहा कि समाज में गीत-संगीत, नृत्य, नाटक-कला, लोक परंपराओं, कला-प्रदर्शन, चित्रकारी एवं लेखन के क्षेत्रों में एक बहुत बड़ा संग्रह मौजूद है जो मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में जाना जाता है। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रतिभाओं को प्रतिभाशाली बनाने में विशेष सहयोग प्रदान होगा।

सांस्कृतिक एवं कला प्रकोष्ठ की जिला कार्यसमिति में सलाहकार दिनेश साव (बीएसपी) मोखला, तोषदास साहू, मचानपार तुमड़ीबोड़, बृजलाल साहू मोतीपुर, सहसंयोजक महेश्वरदास साहू भोथीपार, महादेव हिरवानी कन्हारपुरी, कामेश बनपेला गहिराभेड़ी, सचिव, रोशन साहू (शिक्षक) मोखला, सहसचिव छोटू साहू (सिंघोलिया) सिंघोला, मनसुख दास साहू धौराभांठा, संगठन सचिव नरेन्द्र साहू, प्रचार सचिव, प्रवीण साव विवेकानंद नगर, राजेश साहू तुमड़ीबोड़, सहप्रचार सचिव गणेश साहू रेंगाकठेरा, भुवन साहू तिलई, खेलु साहू तिलई, मीडिया प्रभारी युवराज साहू सालिक झिटिया, भूपेंद्र साहू सीताकसा, सहमीडिया प्रभारी शैल किरण साहू इंदिरा नगर, मुकुंद सोनवानी मुड़पार कार्यकारिणी सदस्य सतीश साहू ममता नगर, मोती साहू मुढ़ीपार नवागांव, शिव साहू सालिक झिटिया, धालसिंह साहू सालिक झिटिया, हेमंत साहू मुड़पार, हेमंत साहू कोटरासरार, कु. फलेश्वरी साहू मोखला (गायिका), दिलीप साहू बूचीभरदा (गायक) शिवनंदन साहू बैगाटोला, वासुदेव साहू उसरीबोड़, गोपी साहू लखोली शामिल है। उपरोक्त जानकारी सचिव रोशन साहू द्वारा दिया गया है।

# सक्रियता एवं तत्परतापूर्वक कार्य करते हुए धान खरीदी कार्य में लाएं तेजी : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि धान की खरीदी लगातार होनी चाहिए। किसानों को किसी भी तरह की दिक्क न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि धान तौलाई की अच्छी तरह मानिटरिंग करें। किसी भी धान उपार्जन केन्द्र में जाम की स्थिति नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार समानांतर धान का उठाव भी जारी रखें। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी तक धान खरीदी का कार्य चलेगा। इसके लिए सभी अधिकारी व्यवस्था बनाते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करें। अब तक 30 प्रतिशत किसानों ने धान की बिक्री की है। धान खरीदी के कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सक्रियतापूर्वक एवं तत्परतापूर्वक कार्य करें तथा समन्वय रखें। धान खरीदी के लिए आरईओ एवं पटवारी को कार्य पर लगाएं तथा ग्राम में पहले से ही मुनादी कराएं। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय सीमा से जुड़े होने के कारण कोचिया एवं बिचौलिए यहां अवैध धान खपाने की आशंका बनी रहती है। सभी एसडीएम बार्डर में लगातार मानिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के मद्देनजर सभी आवेदनों का विभागवार, विकासखंडवार, विषयवार फाईल बनाएं एवं एण्ट्री करें।

# धर्मपरायण, शांत व सैद्धांतिक व्यक्तित्व के धनी थे हाजी अब्दुल रसीद साहब : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई के पिता हाजी अब्दुल रसीद यासिनी के असमय निधन पर कांग्रेस परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त कर हाजी साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि हाजी अब्दुल रसीद यासिनी साहब के निधन पश्चात उन्हें सुपुर्देखाक के समय रायपुर, भिलाई, दुर्ग, मप्र, महाराष्ट्र सहित जिलेभर से शुभचिंतक, स्नेहीजन शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। शोक व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदम कोठारी एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज भाई ने कहा कि हाजी साहब शांतचित, धार्मिक प्रवृत्ति के साथ-साथ सैद्धांतिक व्यक्ति थे, उनकी अपने कार्य के प्रति लगनशीलता हम सबके लिए प्रेरणा दायक है, उनका निधन सर्व समाज के लिए क्षतिकारक है, ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान देकर शाहिद भाई सहित सभी परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अंतिम संस्कार में शामिल हजरत सैयद चिश्ती साहब, कुतुबुद्दीन सोलंकी, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, निखिल द्विवेदी, हफीज भाई, रूपेश दुबे, नसीर जिंदरान, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, रज्जन अकील, रूबी गरचा, मामराज अग्रवाल, फिरोज अंसारी, अब्दुल कलाम, अशोक फड़नवीस, अमीन हुड्डा, संतोष पिल्ले, भावेश अग्रवाल, श्रीनिवास, योगेश मानेक, राजू डागा, महेश अग्रवाल, बकुल भाई, रवि साहू, भोजूराज, उमर, प्रकाश ठाकुर, पवन डागा, शेख नजीमुद्दीन, महेश्वर साहू, राजेंद्र साहू, जनक साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## समस्या के निदान के लिए पंजीकृत या विशेषज्ञ चिकित्सक से ही जांच कराने की अपील

# दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए लगाए जाएंगे निःशुल्क जांच व परामर्श शिविर

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण से संबंधित क्रिया-कलापों को गति देने के उद्देश्य से स्पीच एंड हियरिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ का पुनर्गठन किया गया है। एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा लोगों से अपील की गई है कि श्रवण (सुनने) या वाक (बोलने) बाधा से संबंधित समस्या का समाधान करने के लिए किसी भी बिना योग्यताधारी से संपर्क नहीं कराएं बल्कि कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ और केवल भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से पंजीकृत ऑडियोलॉजिस्ट व स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट से ही जांच या उपचार कराएं।

श्रवण, दृष्टि तथा वाक् बाधा की शीघ्र पहचान व हस्तक्षेप कर इस समस्या पर नियंत्रण किया जा सकता है। इसीलिए दिव्यांगजनों के हित के लिए जिले में विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष विद्यालय में विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा सुनने, देखने तथा बोलने की विशेष विधि का प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि पीड़ित को समस्या से मुक्त किया जा सके। इसी क्रम में बेजुबान, देख व सुन पाने में अक्षम को भाषा एवं संप्रेषण सिखाने वाले भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली से पंजीकृत ऑडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट प्रोफेशनल ने पुनः एकजुट होने के के लिए एसोसिएशन गठित किया है। संगठन का मुख्य उद्देश्य सभी प्रोफेशनल को एकजुट कर स्पीच एंड हियरिंग से संबंधित परेशानियों की शीघ्र पहचान, परीक्षण, समाधानए हस्तक्षेप तथा प्रबंधन के बारे में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में श्रवण एवं भाषा जांच हेतु निशुल्क शिविर, पालक जागरूकता कार्यक्रम एवं सेमिनार का आयोजन करना है जिससे लोगों को बोलने एवं सुनने से संबंधित समस्या के बारे में पर्याप्त जानकारी हो और सही इलाज कराया जा सके।

स्पीच एंड हियरिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित अध्यक्ष गजेंद्र कुमार साहू (ऑडियोलॉजिस्ट) ने बताया: सुनने व बोलने से संबंधित समस्या बहुत ही गंभीर एवं निराशाजनक है, लेकिन शीघ्र पहचान कर समस्या का निदान किया जा सकता है। श्रवण और वाणी दिव्यांगता से बचा जा सकता है। वहीं यह तभी संभव होगा, जब सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज, सभी शासकीय जिला अस्पताल एवं सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित ऑडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट का भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली के नियम के अनुसार भर्ती की जाएगी। इस तरह की व्यवस्था बनाए जाने से श्रवण और वाणी दिव्यांगता पर नियंत्रण करने के लिए सभी लोगों को उनके विकासखंड स्तर या जिला स्तर पर ही जांच, परीक्षण, निदान एवं प्रबंधन की सुविधा मिल सकेगी। आगे उन्होंने बताया: पुनर्गठित एसोसिएशन में हितेश कुमार कश्यप उपाध्यक्ष, लेखराज सोनकर परामर्श दाता, हिमांशु सिन्हा सचिव, धीरज ध्रुव कोषाध्यक्ष, मनोज साहू सह सचिव, अनामिका संगठन महामंत्री, मीना राव संगठन संयोजक और गिरीश मिडिया प्रभारी बनाए गए हैं।

# स्टेट हाई स्कूल मैदान में एनसीसी दिवस समारोह 27 को



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्टेट हाई स्कूल मैदान में 27 नवंबर को सुबह 9 बजे 74 वां एनसीसी दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त रूप से में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल रोहित कुमार कौशिक, कमान अधिकारी 38 छग बटालियन एनसीसी राजनांदगांव होंगे। समारोह अवसर पर ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, एनसीसी शपथ, संदेशवाचन व वार्षिक प्रतिवदेन जैसे आयोजन होंगे। वहीं मुख्य अतिथि का उद्बोधन भी होगा। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं, सेक्शन अटैक प्रदर्शन, पुरस्कार वितरण आभार प्रदर्शन तथा एनसीसी गान की प्रस्तुति होगी। यह पूरा कार्यक्रम प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, प्राचार्य-शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय, प्राचार्य-राजा बलराम दास (स्टेट हाई स्कूल) उत्कृष्ट हिन्दी माध्यमिक विद्यालय, प्राचार्य-सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी मावि, प्राचार्य डॉ. व प्र मिश्र उमाशा तथा कंडेट क्लब एवं भूतपूर्व कैडेट राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई हो रही प्रभावित, सत्र बर्बाद होने के कगार पर

## दाखिला दहाई अंक तक नहीं पहुंचा, वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है असर

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com




कोरोनाकाल में पहले से शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। नाम मात्र की बोर्ड परीक्षा और होम एग्जाम से शिक्षा का स्तर कमजोर हुआ है। चालू शिक्षा सत्र में उच्च शिक्षा के लिए दाखिला का इंतजार भी विद्यार्थियों में खत्म नहीं हुआ था। अब छात्रों को सत्र बर्बाद होने की आशंका सता रही है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कोरबा के इंजीनियरिंग कॉलेज में दाखिला दहाई अंक तक नहीं पहुंची है।शेष सीटों पर दाखिले के लिए इंतजार किया जाए या दाखिला वाले विद्यार्थियों को पढ़ाया जाए इस पर प्रबंधन निर्णय नहीं ले सक रहा है। आईटी कॉलेज कोरबा में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगातार कम हो रही है। इसका सीधा असर कॉलेज की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा है। छात्र कम होने से कॉलेज की माली हालत खराब हो गई है। प्रोफेसर या अस्सिटेंट प्रोफेसर के अलावा अन्य स्टॉफको वेतन भुगतान के लिए फंड की कमी पड़ने लगी है।झगरहा स्थित कोरबा के आईटी कॉलेज में सिविल की 60, मैकनिकल, कम्प्यूटर साइंस और इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स की 30-30 सीटें हैं। नए शिक्षा सत्र में 150 सीटों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी। पहले चरण में सात विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। 143 सीटें खाली रह गई। प्रबंधन को उम्मीद थी कि दूसरे चरण की काउंसलिंग में कुछ विद्यार्थी मिल जाए। लेकिन प्रबंधन की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। इसकी वजह दूसरे चरण की काउंसलिंग में देरी होना है।अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण में कटौती किए जाने के बाद प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा में होने वाले दाखिले और सरकारी नौकरी को लेकर विभिन्न विभागों में चल रही भर्ती प्रक्रिया को रोक दिया है। इसका असर कोरबा के इंजीनियरिंग कॉलेज सहित प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों पर पड़ा है। कॉलेज में प्रवेश के लिए दूसरे राउंड की प्रक्रिया शुरू नहीं हो रही है।



## केएन कॉलेज में हुआ कैंटीन का शुभारंभ

**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय में कैंटीन की सुविधा प्रारंभ कर दी गई। कमला नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर एवं ज्योतिभूषण प्रताप सिंह विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण चौहान ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर विधिवत कैंटीन का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर कैंटीन की कमान संभाल रहे युवाओं ने केक काटा और प्राचार्य का मुंह मीठा कराते हुए पहले दिन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. बोपापुरकर ने कहा कि सत्र प्रारंभ होने के बाद इस बार दाखिले की प्रक्रिया भी काफी लंबी चली, जिसके बाद जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते हुए अध्ययन-अध्यापन की गति बढ़ाने के इंतजाम शुरू किए गए।
कोरोनाकाल से प्रभावित व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने की कवायद शुरू पहले ही की जा रही थी, जिसमें कैंटीन प्रारंभ करना भी शामिल था। बीते दिनों कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी इसकी जरूरत बताते हुए यथाशीघ्र कैंटीन प्रारंभ किए जाने की गुजारिश की थी। उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गुरुवार को कैंटीन सुविधा शुरू कर दी गई।

## बकाया वसूली करने विभाग बरतेगा सख्ती

### 5 हजार से अधिक बकाया वाले आएंगे रडार में

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

उपभोक्ताओं पर बिजली विभाग का बकाया करीब 200 करोड़ रुपए पहुंच गया है। इससे विभाग परेशान है। बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के घर की बिजली काटने की तैयारी की जा चुकी है। पहले चरण में बड़े बकायादारों पर कार्रवाई हो चुकी है।
अब 5 हजार से अधिक राशि वाले ग्राहकों के घर या प्रतिष्ठान की बिजली काटी जा रही है।
कार्रवाई के बावजूद जिले में बिजली बिल का बकाया ग्राहकों पर बढ़ा रहा है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की यह राशि 200 करोड़ रुपए को पार कर गई है। स्थानीय अधिकारियों पर कंपनी के अफसरों का दबाव बढ़ गया है। इससे परेशान अफसर बकाया वसूली के लिए फिर से अभियान चलाने चला रहे हैं। इस वर्ष के पहले चरण में 5 हजार से अधिक की राशि दबा बैठे ग्राहकों की बिजली काटी जा रही है। सबसे अधिक बकाया सरकारी विभागों पर



है। इसमें महिला बाल विकास, गौठान, वन विभाग, जल ससांधन, नगर पालिक निगम, पुलिस विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य और नगरीय प्रशासन विभाग है। जानकारी के अनुसार सरकारी विभागों का लगभग 50 करोड़ रुपए राशि बकाया है इसे वसूलने के लिए विभाग के पसीने छूट रहे हैं। इसी तरह कुछ लोगों का मानना है की आम आदमी का कनेक्शन विभाग तुरंत काट देता है, लेकिन सरकारी बकायादारों पर विभाग की नहीं चलती है।

## सड़क दुर्घटना मुआवजा पर एजेंटों की नजर

**कोरबा।** सड़क दुर्घटना के बाद पीड़ित परिवार को मुआवजा के लिए मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के समक्ष सुनवाई के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। पहले तो पीड़ित के स्वजन को जरूरी दस्तावेज के लिए थाने का चक्कर काटना पड़ता है। इसके बाद प्राधिकरण में लंबी लड़ाई लड़नी पड़ती है। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले स्वजन वकीलों की मोटी फीस देने में अक्षम होते हैं ऐसे में प्राप्त होने वाले मुआवजे का एक बड़ा हिस्सा देकर उन्हें ठेके में केस किसी को देना पड़ता है। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल या मृत लोगों के स्वजन की परेशानी केवल यहीं खत्म नहीं होती बल्कि उनके सामने कानूनी लड़ाई लड़ने और मुआवजा राशि पाने की बड़ी चुनौती होती है। बीमा कंपनियों के नामी गिरामी वकील सेटलमेंट पर जोर देते हैं और अपनी कंपनी का कम से कम राशि मुआवजे के रूप में देना पड़े। इसका ध्यान रखते हैं इधर पीड़ित स्वजन को भटकना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों का बीमा भी लोग जागरूकता की कमी में नहीं करवाते इसके चलते दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित पक्ष को मुआवजा मिलने में परेशानी होती है।

## तीन दिन देरी से आई शिवनाथ अचानक कर दिया रद्द

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली तमाम यात्री गाड़ियों की चाल काफी दिनों से बुरी तरह से बिगड़ गई है। इसी कड़ी में कोरबा पहुंचने वाली और कोरबा से रवाना होने वाली तमाम ट्रेनें भी अपनी तय समय सारणी से घंटो घंटो विलंब से चल रही हैं। कोरबा से प्रतिदिन शाम 7.40 बजे इतवारी तक चलने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस लगातार 3 दिनों तक 2 से 4 घंटे विलंब से पहुंच रही थी। यह गाड़ी अपने निर्धारित समय से 2 घंटा विलंब से कोरबा पहुंची। जिसकी वजह से इसमें सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हद तो तब हो गई जब बिना कोई पूर्व सूचना अचानक शिवनाथ एक्सप्रेस को बिलासपुर से कोरबा के मध्य रद्द कर दिया गया। इतना ही नहीं कोरबा से चलने वाली मेमू लोकल और पैसेंजर सहित अन्य यात्री गाड़ियों की भी चाल इन दिनों गड़बड़ाई हुई है।

## ऊषा देवी मेमोरियल महाविद्यालय में मना संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर द्य देश में सन् 1946 में संविधान बनाने के लिए संविधान सभा का गठन किया गया और इसकी रचना में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हो गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू कर दिया गया। संविधान दिवस पर सरकारी संस्थानों, स्कूलों और कॉलेजों में तरह-तरह के कायक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में नगर के ऊषा देवी मेमोरियल महाविद्यालय, टैगोर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एम. बी. ए., फार्मेसी), सकरी, बिलासपुर में संविधान दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं को भारत के संविधान की जानकारी देते हुए बताया गया कि भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में 299 सदस्य थे जिसके अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 में अपना काम पूरा कर लिया और 26 जनवरी 1950 को यह संविधान लागू हुआ। इसी दिन कि याद में हम हर वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। साथ ही संविधान की उद्देशिका को पढ़कर संविधान की शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र - छात्राएं, प्राध्यापकगण, कर्मचारी गण सम्मिलित हुए।

## भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




अटल बिहारी विश्वविद्यालय के सभागार में आनंद प्रकाश वारियाल, सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य एवं आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई कुलपति, अटल बिहारी बाजपेयी वि0वि0 की अध्यक्षता में ''भारत लोकतंत्र की जननी'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने कहा कि जिस प्रकार आज हम संविधान दिवस मना कर नागरिकों की हितों के बारे में बात कर रहे हैं हमें हमारे आसपास रहने वाले पशु पक्षी छोटे जानवर प्रकृति वृक्ष जो हमें छांव देते हैं नदियां जो हमें पीने हेतु जल प्रदान करती हैं हम ऐसी बेजुबान जीवो के बारे में भी या उनके अधिकारों के बारे में भी सूचना चाहिए संविधान के अंतर्गत हमारे अधिकारों के सहित हमारे कर्तव्य के बारे में भी उल्लेख है हमें हमारे प्रकृति एवं अन्य जीवो के अधिकारों को नहीं भूलना चाहिए संविधान को हमें अपने मन में स्थान देना चाहिए मनुष्य में दो प्रकार की विचार होते हैं एक प्रवृत्ति के विचार एक दूसरे निवृत्ति के विचार हमें संविधान के प्रति प्रवृत्ति के विचार मन में रखने चाहिए जिससे संविधान के प्रति आदर एवं समर्पण का भाव मन में जागृत हो सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आनंद प्रकाश वारियाल ने कहा कि 1950 में हमारे संविधान को अंगीकृत किया गया था तथा प्रत्यक्ष रूप से 26 नवंबर को विधि दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है जिसे वर्ष 2015 से संविधान दिवस के रूप में मनाया जाने लगा, इसके मनाए जाने का मूल उद्देश्य नागरिकों को संविधान के महत्व के बारे में शिक्षित करना और उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी देना तथा भारत का संविधान सभी को व्यक्तिगत जीवन एवं सुरक्षा की गारंटी देता है भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार जैसे स्वतंत्रता का अधिकार समता का अधिकार शोषण के विरुद्ध अधिकार धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार संस्कृति एवं शैक्षणिक अधिकार तथा संवैधानिक उपचार का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा की हमारे देश के न्याय शास्त्र का एक अनूठा सिद्धांत है कि हजारों अपराधियों को आजाद होने दे लेकिन एक भी बेगुनाह को सजा ना दिया जाये। कोई व्यक्ति ऐसा कहकर नहीं बच सकता कि उसे कानून का ज्ञान नहीं था देश के प्रत्येक नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि कि उसे देश के कानून एवं संविधान के बारे में जानकारी होगी।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने धूमधाम से मनाया संविधान दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



देश की आत्मा भारतीय संविधान बनकर तैयार हुआ इसका प्रारूप तैयार करने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा बाबा साहब अंबेडकर के अनेकों प्रयास के बाद भारतीय संविधान मूल रूप से संपन्न हो पाया इस संविधान में सभी को हक और अधिकार दिया गया है वहीं पर कर्तव्यों का बोध भी कराता है देश को चलाने के लिए संपूर्ण व्यवस्था सविधान में की गई है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने भाजपा अजा मोर्चा द्वारा आयोजित संविधान दिवस के कार्यक्रम में कही। सबसे पहले बाबा साहब अंबेडकर के चरणों में पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। बाबा साहब अंबेडकर को माला अर्पण कर आशीर्वाद लिया गया उसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों को मिठाई बांटकर सविधान दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या, मंडल अध्यक्ष भोगल, राजेश सूर्यवंशी, महेश चंद्रिकापुरे, ऋषि केसरी, राकेश तिवारी, आशीष बाकरे, संतोष पनोरे, अमित तिवारी, मुकेश राव, ओम प्रकाश, योगेश बोले, जितेंद्र अंचल, लकी बंजारे, पूनम शुक्ला, ओमप्रकाश, लव कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## एटीएम न नेट बैंकिंग फिर भी खाते से 9 लाख गायब, आरोपियों ने लोन भी निकाल लिए

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर।साइबर क्राइम को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाने के बाद भी लोग बैंक ठगी का शिकार हो रहे है लेकिन तिलक नगर में एक महिला के साथ ठगी का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है, जहां महिला के बंद हो चुके मोबाइल से एक एप एक्टिव कर उनके खाते से 9 लाख रुपए निकाले गए। खाते में बंद मोबाइल नंबर लिंक था। महिला का स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा में अकाउंट है। इसमें उनकी पेंशन राशि जमा होती है। उन्होंने बेटे की फीस जमा करने अकाउंट चेक किया तो मामले का खुलासा हुआ। पीडिता की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस जुर्म दर्ज कर जांच में जुटी है। पेंशनर महिला के पास न तो एटीएम है और न ही नेट बैंकिंग का उपयोग करती हैं। बावजूद इसके उनके खाते से एटीएम और योनो नेट बैंकिंग के जरिए पैसे निकाल लिए गए। यही नहीं उनकी जानकारी के बिना ही उनके एफडी से पांच लाख 40 हजार रुपए का लोन ले लिया गया है। ऐसे में इस केस में बैंक प्रबंधन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, अब पुलिस की जांच के बाद से इसका राज खुलेगा। पुलिस के अनुसार सिविल लाइन क्षेत्र के तिलक नगर में रहने वाली कुसुम पवार (85) पेंशनर हैं। उनका अकाउंट एसबीआई के कलेक्ट्रेट शाखा में है। इसमें उनकी पेंशन की राशि जमा होती है। महिला बच्चों की फीस जमा करने के लिए पैसे निकालने बैंक पहुंची तब पता चला कि उनके खाते से 9 लाख रुपए निकल गए हैं। परेशान महिला ने बैंक से डिटेल निकलवाया तो मालूम हुआ कि एटीएम कार्ड और योनो नेटबैंकिंग से पैसे निकाले गए हैं. हैरानी की बात है कि उन्होंने अपना एटीएम कार्ड ही नहीं बनवाया है और न ही योनो नेटबैंकिंग का उपयोग किया है। उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस से की।

## लेखक संजय अलंग को साहित्य में विशेष योगदान के लिए पुरस्कृत किया जाएगा

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



लोक कवि ठा. पूरन सिंह की स्मृति में दिए जाने वाले सूत्र सम्मान से इस वर्ष, कवि, लेखक, इतिहासकार संजय अलंग को सम्मानित करने का निर्णय निर्णयाक समिति द्वारा लिया गया है । यह पुरस्कार विगत 25 वर्षों से लगातार दिया जा रहा है और संजय अलंग को दिया जाने वाला पुरस्कार 26 वें वर्ष का है। यह साहित्य का प्रतिष्ठित पुरस्कार है। सम्मान घोषणा के साथ संजय अलंग की साहित्य में निरंतर सक्रियता को रेखांकित करते हुए कहा गया कि उनकी कविताएँ मिट्टी और जीवन से उर्वर हुई कविताएँ हैं। कविता संग्रह 'नदी उसी तरह सुन्दर थी जैसे कोई बाघ' में कविताओं ने जीवन का आख्यान रचा। वे सहज भी हैं। यह भी कहा कि संजय अलंग ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और इतिहास पर लगातार और महत्वपूर्ण कार्य किया। ज्ञातव्य हो कि, संजय अलंग के तीन कविता संग्रह प्रकाशित हैं, जिनके नाम हैं - शव, पगडंडी छिप गई थी (यह संग्रह छत्तीसगढ़ पर एकाग्र है) और नदी उसी तरह सुन्दर थी जैसे कोई बाघ। उन्हें कविता के दिनकर सम्मान, श्रीकांत वर्मा सम्मान आदि सहित कई सम्मान मिल चुके हैं। संजय अलंग छत्तीसगढ़ के विशेषज्ञ इतिहासकार भी हैं। उनकी पुस्तक 'छत्तीसगढ़ : इतिहास और संस्कृति' को भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ शोध शिक्षा लेखन का सर्वोच्च और प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला था। छत्तीसगढ़ के इतिहास और संस्कृति पर, उनकी दस से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ की रियासतें और ज़मींदारीयां, छत्तीसगढ़ की जनजातीयां और जातियाँ आदि सम्मिलित हैं। वे इस पर व्याख्यान भी देते हैं। उनकी खोजों में छत्तीसगढ़ नामकरण में छत्तीस व गढ़ की शोधात्मक व्याख्या, सरगुजा क्षेत्र में 1857 की क्रांति, छत्तीसगढ़ के तीनों क्षेत्रों (खालसा, रियासत, ज़मींदारी) का इतिहास, उनके ध्वज आदि सम्मिलित हैं। उनकी चित्रकार पत्नी डॉ. सुमिता अलंग के साथ सहलेखन में भी उनकी छत्तीसगढ़ केंद्रित दो पुस्तकें हैं, जिनके नाम हैं-छत्तीसगढ़ का हस्तशिल्प और छत्तीसगढ़ के त्योहार और उत्सव। छत्तीसगढ़ पर सभी पुस्तकें छत्तीसगढ़ की जनता का इतिहास बताती हैं और इतिहास एवं संस्कृति को सामाजिक - आर्थिक ढंग से प्रस्तुत करती हैं, इस कारण छत्तीसगढ़ का नया और लोक आयाम प्रस्तुत करती हैं। संजय अलंग एक आई. ए. एस. अधिकारी भी हैं और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर व सरगुजा संभाग के कमीश्नर हैं। सम्मान दिए जाने की घोषणा पर मित्रों और शुभचिन्तकों ने बधाई दी है।

## कांग्रेस भवन में संविधान दिवस मनया गया भारत का संविधान बनाने में अम्बेडकर का विशेष योगदान रहा

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ( शहर-ग्रामीण ) द्वारा कांग्रेस भवन में संविधान दिवस मनाया गया और महात्मा गांधी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद और डॉ भीमराव अंबेडकर की छायाचित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह ने कहा कि भारत की संविधान एक लिखित दस्तावेज है, जिसके माध्यम से एक सम्प्रभुता, समाजवाद, पंथनिरपेक्ष, अखण्ड भारत का निर्माण किया जा सका, लोगो के बीच भाई-चारा स्थापित कर जात -पांत, आर्थिक असमानताओं को समाप्त करने में आशातीत सफलता मिली, किन्तु कुछ वर्षों से देश में संविधान से हटकर विभाजन कारी तत्व सक्रिय है, जो धर्म के नाम पर, सम्प्रदाय के नाम पर, बांट रहे, और देश की एकता, अखण्डता को तार तार कर रहे है, हरीश तिवारी, ज़फर अली ने कहा कि भारत की संविधान को बनाने में बड़ी मेहनत की ,जो लगातार संविधान सभा मे चर्चा के माध्यम से लगभग 3 वर्षो में पूर्ण हुआ, संविधान को अधिक से अधिक व्यवहारिक और लचीला बनाने का प्रयास होता रहा, जिसमे 11 देश से महत्वपूर्ण विषयों को समाहित किया गया, इसलिए भारतीय संविधान को उधार की थैली भी कहा जाता है। एसएल रात्रे, चन्द्र शेखर मिश्रा ने कहा संविधान के प्रस्तावना को संविधान की आत्मा कहा गया, जो संविधान की मूल भावनाओ को अभिव्यक्त करता है, 1976 में संशोधन कर समाजवादी, अखण्डता और धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए, भारत का संविधान हमे कर्तव्य का बोध कराता है वही मौलिक अधिकार भी देता है, जिससे भारत के प्रत्येक नागरिक को समानता, धर्म, स्वतन्त्रता, शिक्षा-संस्कृति, अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है, वर्तमान सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से जनता को परेशान तो कर रही है साथ ही मौलिक अधिकारों कभी हनन करने का प्रयास कियाजा रहा है। शहर प्रवक्ता ऋषि पांडेय, ब्लाक अध्यक्ष विनोद साहू,अरविंद शुक्ला, ब्रजेश साहू, ने भी अपना विचार रखा, कार्यक्रम में योग सदस्य रविन्द्र सिंह,हरीश तिवारी, विनोद शर्मा, एसएल रात्रे।

## स्याहीमुड़ी-गोपालपुर मार्ग जर्जर, आवागमन में परेशानी

**कोरबा।** स्याहीमुड़ी होकर सीपेट गोपालपुर को जाने वाली सडक़ बदहाली की भेंट चढ़ गई है। रास्ते में बड़े बड़े गड्ढे हो गए है। कई स्थानों पर अमानक स्पीड ब्रेकर की परेशानी का कारण बने हुए हैं। आए दिन हो रहे हादसों में लोगों की जान पर शामत आ रही है। भारत सरकार के द्वारा कोरबा जिले में संचालित किए जा रहे सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सिपेट के लिए तैयार किया गया रास्ता खस्ताहाल है। नगर निगम क्षेत्र के द्वारा स्याहीमुड़ी से होकर गोपालपुर को जोडऩे के लिए वाया सीपेट पक्की सडक़ का निर्माण कुछ वर्ष पहले कराया गया था। वाहनों के दबाव और मौसम के प्रतिकूल असर से सडक़ चौपट हो गई है। काफी हिस्सा गड्ढों के कब्जे में है और कई स्थानों पर अगल-बगल में दुर्घटना की संभावना जन्म ले चुकी है।

### समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को सौपा ज्ञापन

## बुनियादी समस्याओं को लेकर मितानिनों ने निकाली जनयात्रा रैली

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



कटघोरा ब्लॉक की मितानिनों ने अपनी अलग अलग समस्याओं की मांगों को प्रशासन के सामने रखा है। इसमें से प्रमुख रूप से शासकीय सेवाओं पर समुदाय की निगरानी को सशक्त करना, अधिकारियों को क्षेत्र स्तरीय समस्याओं से अवगत कराना, पंचायत के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों का स्वास्थ्य से जुड़ाव बढ़ाना, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति का सशक्तिकरण की मांग शामिल है। इन मांगों को लेकर मितानिनों ने रैली निकाली और सभी विभाग प्रमुखों को अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन के लिए यह जन यात्रा रैली निकाली गई है। अलग-अलग विभागों से जो समस्याएं ग्राम पंचायतों से निकल कर आई थी वे उन सभी समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन विभागवार दे रहे हैं ताकि अधिकारी समस्याओं को एक मंच दे कर उनके समाधान करने की कोशिश करें। बड़ी संख्या में मितानिनों की रैली मुकुटधर पांडे कॉलेज से निकलकर स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग होते हुए न्यू बस स्टैंड से सीएचसी में जाकर समाप्त हुई।मितानिनों की मुख्य मांगों में गांव की छोटी-छोटी मांगे हैं ।
जिसमें पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और अनेक बुनियादी समस्याएं व सुविधाएं जैसे रोजगार गारंटी में जो काम कर रहे हैं अभी तक उसका पैसा नहीं मिला है रेडी टू ईट उपलब्ध नही हो पाना शामिल है। खाद्यान्न समय पर नही मिल पाना तथा गावों में हैंडपंप खराब होने से पानी की असुविधा होती है इन्ही सब समस्याओं को लेकर आज विभागीय अधिकारीयों को ज्ञापन सौपते हुए जल्द निराकरण करने की मांग की है।

## अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में संविधान दिवस मनाया गया




पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था जिसे 26 जनवरी, 1950 में लागू किया गया और वर्तमान इसी संविधान की बदौलत आज भारत पूरे विश्व में सबसे बडे लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है। इसी कड़ी में शनिवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अपरमहाप्रबंधक विजय प्रताप सिंह के द्वारा पूरे राष्ट्र में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया । इस प्रकार सभी विभागाध्यक्ष सहित समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने द्वारा ÷संविधान दिवस÷ की प्रस्तावना को पढ़ा । इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में अपरमहाप्रबंधक, विजय प्रताप सिंह एवं सभी विभागाध्यक्ष सहित समस्त विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल में मंडल रेल प्रबन्धक एवं अन्य अधिकारी सहित सभी कर्मचारियो द्वारा प्रस्तावना का पाठ किया गया ।

## नये सब स्टेशन से 16 गांवों में दूर होगी बिजली समस्या

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने की कवायद की जा रही है। इसे लेकर विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत सब स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में 2 करोड़ की लागत से करूमौहा में नया सब स्टेशन तैयार होगा। अगले साल इसकी सौगात मिलने की उम्मीद है। इससे 16 गांव के हजारों ग्रामीणों की बिजली से जुड़ी समस्या दूर होगी। करूमौहा में एक करोड़ 92 लाख की लागत से सब स्टेशन स्थापित होने वाला है। जहां से आपूर्ति लाइन भैसमा व उरगा सब स्टेशन को जोडक़र 16 ग्राम पंचायतों में बिजली की आपूर्ति की जाएगी। उरगा क्षेत्र को आज भी पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से विद्युत आपूर्ति की जाती है। लाइन लंबी होने के कारण अक्सर समस्या व लो वोल्टेज की स्थिति बनी रहती है।

# भारत का संविधान सबसे बड़ा और लिखित है : डॉ आभा पाल

- संविधान देश का सर्वोच्च कानून होता है : धनंजय राठौर
- संविधान का बहुत बड़ा भाग भारत सरकार अधिनियम 1935 से लिया गया : डॉ किशोर अग्रवाल






### संविधान में सरकार की शक्ति और अधिकार के बारे में विस्तार से लिखा गया है

संयुक्त संचालक राज्य सूचना आयोग धनंजय राठौर ने मुख्य वक्ता के रूप कहा कि सन 2015 में भारतीय संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष डॉ बी आर अंबेडकर के 125 वीं जयंती पर 26 नवम्बर को संविधान दिवस घोषित किया गया, तब से इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान एक ऐसा लिखित दस्तावेज होता है जिनके द्वारा किसी देश में शासन व्यवस्था चलाई जाती है इसमें नियम कायदे कानून सरकार की शक्ति यॉं अधिकार आदि के बारे में विस्तार से लिखा होता है उसे संविधान कहते हैं।किसी देश या संस्था द्वारा निर्धारित किए गए वह नियम जिसके माध्यम से संस्था का सुचारु ढंग से संचालन हो सके उसे देश या संस्था का संविधान कहा जाता है।

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ आभा रूपेन्द्र पाल ने कहा कि विश्व का प्रथम लिखित संविधान संयुक्त राज्य अमेरिका का है तथा संसार का सबसे बड़ा लिखित संविधान भारत का है। भारतीय संविधान सभा का अस्थायी अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा को निर्वाचित किया गया था, उसके बाद डॉ राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का स्थायी अध्यक्ष बनाया गया था, सविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर जी थे और 26 जनवरी 1950 को इसे पूर्ण रूप से पूरे देश में लागू किया गया था।

डॉ आभा पाल ने पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के इतिहास अध्ययन शाला द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत में आयोजित भारतीय संविधान कल, आज और कल विषय पर व्याख्यान एवं परिचर्चा में

मुख्य अतिथि के रूप उक्त विचार व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन 26 नवम्बर को भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सभा में कुल 284 सदस्य थे, जिनमें से 15 महिलाएं थीं।

राठौर ने कहा कि किसी भी देश का संविधान वह मौलिक कानून है जो सरकार के विभिन्न अंगों की रूपरेखा, कार्य निर्धारण तथा नागरिको के हितों का संरक्षण भी करता है। वर्तमान में, भारत का संविधान 465 अनुच्छेद जो 25 भागों और 12 अनुसूचियों में लिखित है। जिस समय संविधान लागू हुआ था, उस समय 395 अनुच्छेद, 8 अनुसूचि और 22 भाग थे। संविधान में समयङ्क समय पर कई संशोधन किए जाते हैं। संविधान देश का सर्वोच्च कानून होता है, इसका उल्लंघन करनें वाले को गैर संवैधानिक माना जाता है। इसलिए, व्यक्तियों के अधिकार तदर्थ वैधानिक संरक्षण या सामान्य कानून के तहत न्यायिक सुरक्षा पर निर्भर रहते हैं। भारतीय संविधान कठोरता व लचीलेपन के सम्मिश्रण का अनूठा उदाहरण है। यह अमेरिका, स्विट्जरलैंड और फ्रांस, जापान जैसे देश की तरह ना तो बहुत कठोर है ना ही ब्रिटेन व इजरायल की तरह बहुत लचीला है। भारतीय संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। जो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। वर्तमान में इस संविधान में कुल 450 अनुच्छेद (24 भागों में विभक्त) तथा 12 अनुसूचियां, एक प्रस्तावना तथा 5 परिशिष्ट हैं।

संविधान के भाग III को 'भारत का मैग्नाकार्टा' की संज्ञा दी गई है। 'मैग्नाकार्टा' अधिकारों का वह प्रपत्र है, जिसे इंग्लैंड के किंग जॉन द्वारा 1215 में सामंतों के दबाव में जारी किया गया था। यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों से संबंधित पहला लिखित प्रपत्र था।

उन्होंने कहा कि मौलिक अधिकार उन अधिकारों को कहा जाता है जो व्यक्ति के जीवन के लिये मौलिक होने के कारण संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदान किये जाते हैं और जिनमें राज्य द्वार हस्तक्षेप नही किया जा सकता। ये ऐसे अधिकार हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व के पूर्ण विकास के लिये आवश्यक हैं और जिनके बिना मनुष्य अपना पूर्ण विकास नही कर सकता। भारतीय संविधान द्वारा नागरिकों को छह मौलिक अधिकार प्रदान करता है:-1 समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18) 2 स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22) 3 शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24) 4 धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28)

5 संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30)6 संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32) मूलतः संविधान में संपत्ति का अधिकार (अनुच्छेद 31) भी शामिल था।

# मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से नंदकुमारी के अपने पैरों पे खड़े होने का सपना हुआ सच

- योजनांतर्गत सेविंग मशीन ऑपरेटर के ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर प्राप्त किया रोजगार



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में कौशल विकास प्राधिकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन, कम्प्यूटर ऑपरेटर जैसे विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण प्रदान कर बेरोजगार युवक-युवतियों का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिले की कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम कुरकुंगा की रहने वाली नंद कुमारी के रोजगार प्राप्त करने के सपने को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना ने सच कर दिखाया है। नंदकुमारी को योजना के तहत अबिनाश इनटरप्राईजेस प्राइवेट लिमिटेड से सेविंग मशीन आपरेटर (सिलाई) के ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत हितग्राही का नियोजन केपीआर सुगर एण्ड ऐपेरल लिमिटेड, तिरूपुर में हो गया। जहां उन्हें निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ 8500 रुपए प्रतिमाह मासिक वेतन प्राप्त हो रहा है। हितग्राही युवती ने बताया कि उनके परिवार में माता पिता के साथ ही दो भाई है। उनके पिता खेती किसानी कर परिवार का पालन पोषण करते है। परिवार की आय का मुख्य साधन खेती ही है। परंतु छोटे किसान होने के कारण परिवार की जरूरतों को पूरा करने में दिक्कतें आती थी। इस हेतु वे बचपन से ही अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और परिवार का सहारा बनना चाहती थी। हितग्राही ने बताया कि बारहवीं कक्षा की प?ाई पूर्ण करने के उपरांत वे अपने पैर में खड़े होना चाहती थी इसके लिए वो प्रयासरत थी। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में पता चला जिसके बाद नन्दकुमारी ने योजना से जुड़कर लाभ लिया। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के द्वारा उन्हें एक नया हुनर प्रदान करते हुए उनका कौशल विकास किया गया और उसमें वह निपुण भी हो गई। नंद कुमारी ने बताया कि इस हुनर से उन्हें रोजगार प्राप्त हुआ है।

# किसान के खाते से 42 क्विंटल अवैध धान खपाने की कोशिश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के समस्त उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के सुचारू संचालन एवं निगरानी हेतु जिला कलेक्टरों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों का पालन करते हुए कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा धान उपार्जन केंद्रों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है । जिनके द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस 25 नवंबर को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गिरजापुर में संदेह के आधार पर एक किसान के टोकन की जांच की गई जिसमें 42.40 क्विंटल धान विक्रय हेतु टोकन लिया गया था। इसकी जांच सहायक आयुक्त एवं नोडल अधिकारी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गिरजापुर, जिला खाद्य अधिकारी, प्रबंधक गिरजापुर, पटवारी एवं अन्य के उपस्थिति में की गई। किसान के टोकन पर धान विक्रय हेतु पहुंची पत्नी और वाहन चालक द्वारा पूछताछ के दौरान भ्रामक जानकारी दी गयी। उक्त संबंध में पटवारी द्वारा स्थल जांच भी की गयी। जिसमें पता चला कि खातेदार किसान की भूमि का धान अभी कटा नहीं है। मौके पर पंचनामा तैयार किया गया और धान को जप्त कर लिया गया। कलेक्टर लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में प्रशासनिक टीमों के द्वारा अवैध धान भंडारण और परिवहन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अवैध धान आवक पर लगातार प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पीएससी में 189 पदों के लिए 12 फरवरी को प्रारंभिक परीक्षा होगी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी हो गया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2022 के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। इस बार 189 पदों के लिए 12 फरवरी को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षा में से चयनित अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा और मुख्य परीक्षा 11,12,13 और 14 मई को आयोजित की जाएगी। अधिकारियों ने आरक्षण विवाद के बीच 1 दिसंबर को होने वाले विशेष आरक्षण संशोधन विधेयक की प्रत्याशा में यह विज्ञापन जारी कर दिया है। बता दें कि पहले अटकले लगाई जा रही थी कि इस वर्ष संविधान दिवस के दिन विज्ञापन जारी नहीं हो पाएगा। यह परंपरा ना टूटे इसलिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सचिव जुगल किशोर ध्रुव ने यह विज्ञापन जारी कर दिया है। वहीं अफसरों ने कहा है कि प्री परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा में आरक्षण की जरूरत होती है। जानकारी के अनुसार आरक्षण विवाद सुलझने की संभावना में विज्ञापन जारी किया गया है। गौरतलब है कि बीते महीने ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) द्वारा अभ्यर्थियों को उत्तर-पुस्तिका देखनी की सुविधा शुरू की गई है। इसके तहत अब अभ्यर्थी परीक्षा देने के बाद उत्तर-पुस्तिकाएं देख सकेंगे। सुविधा शुरू करते हुए सीजीपीएससी ने वर्तमान में सात परीक्षाओं की उत्तर-पुस्तिकाएं विभागीय वेबसाइट पर डाली थी। जिसे अभ्यर्थी 30 दिनों तक देख सकते हैं। जिन परीक्षाओं के उत्तर-पुस्तिका अपलोड किए गए हैं, उसमें सहायक अनुसंधान अधिकारी परीक्षा-2022, उप पुलिस अधीक्षक, खनि अधिकारी व सहायक भौमिकीविद, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, दंत शल्य चिकित्सक, सहायक क्षेत्रीय परिवहन व परिवहन उप निरीक्षक, निरीक्षक वाष्पयंत्र शामिल हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार उत्तर-पुस्तिकाएं अपलोड करने के 30 दिनों के भीतर ही उत्तर-पुस्तिकाएं देख सकेंगे।

# दत्तक संतानों से घर में आई खुशहाली

- अंतरराष्ट्रीय दत्तक माह के अवसर पर हुआ राज्यस्तरीय सम्मेलन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

संतान सुख के लिए तरसते हुए दंपत्तियों के लिए दत्तक संतान घर में खुशहाली लेकर आए हैं। अब सूने घर में भी किलकारियां गूंज रही हैं तो वहीं दत्तक अभिभावक अपनी दत्तक संतानों के लिए जैविक संतानों की तरह ही वात्सल्य भाव से भविष्य के सपने संजो रहे हैं। इस संबंध में चर्चा आज राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में अंतरराष्ट्रीय दत्तक माह के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन में हुई। सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण तथा महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस दौरान केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने दत्तक अभिभावकों तथा भावी अभिभावकों को दत्तक ग्रहण विनियम-2022 के प्रावधानों से अवगत कराया। वहीं दत्तक अभिभावकों ने अपनी दत्तक संतानों को लेकर अनुभव साझा किए। दत्तक ग्रहण पर आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन में अधिकारियों ने बताया कि दत्तक ग्रहण ऐसी प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से दत्तक बालक उसके जैविक माता-पिता से स्थायी रूप से अलग हो कर सभी अधिकारों/विशेष अधिकारों और उत्तरदायित्वों के साथ अपने दत्तक माता-पिता का जैविक बालक की तरह विधिवत पुत्र/पुत्री बन जाता है। वहीं भावी दत्तक माता-पिता के लिए पात्रता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि, भावी दत्तक माता या पिता को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रुप से सुदृढ़, वित्तीय रूप से सक्षम, दत्तक ग्रहण के लिए प्रेरित होना चाहिए साथ ही उनके जीवन को जोखिम में डालने वाली चिकित्सा स्थिति/बीमारी नहीं होनी चाहिए। कोई भी भावी दत्तक माता या पिता दत्तक ग्रहण के लिए पंजीयन करा सकता है, चाहे उसकी वैवाहिक स्थिति जो भी हो और भले ही उनकी कोई अपनी जैविक संतान हो या न हो। तीन या तीन से अधिक संतान वाले दंपत्तियों का दत्तक ग्रहण के लिए विचार नहीं किया जाता है। यह शर्त विशेष जरूरतों वाले बालक, कठिनाई से दत्तक ग्रहण किए जाने वाले बालक, नातेदार द्वारा बालक के दत्तक ग्रहण और सौतेले माता-पिता द्वारा दत्तक ग्रहण के प्रकरणों में लागू नहीं है। इस दौरान प्रावधानों पर बात करते हुए कहा गया कि, दंपत्ति की स्थिति में पति-पत्नी दोनों की सहमति आवश्यक है। उनके स्थायी वैवाहिक संबंधों को कम-से-कम दो वर्ष पूर्ण होने चाहिए। भावी दत्तक माता या पिता की आयु संबंधी पात्रता की गणना पंजीयन की तारीख से की जाती है।

दत्तक संतान ग्रहण की प्रक्रिया पर चर्चा के दौरान जानकारी दी गई कि, दत्तक संतान की चाह रखने वाले माता या पिता महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर लॉग इन कर 'केयरिंग्स में निः शुल्क ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। इसमें कोई तीन राज्यों के विकल्प का चयन किया जा सकता है। इस राज्य या इन राज्यों के सभी विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरणों में उन्हें पंजीकृत माना जाएगा।

# इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com







इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आज संविधान दिवस मनाया गया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण कर भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान हेतु उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। कुलपति डॉ. चंदेल ने इस अवसर पर कहा कि 26 नवम्बर 1949 को देश की संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अंगीकृत किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा जहां हमें अनेक अधिकार प्रदान किये गए हैं वहीं हमें विभिन्न कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व भी दिये हैं। हमें भारतीय संविधान की मूल भावना का सम्मान करते हुए अपने अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का भी ईमानदारी एवं निष्ठा से पालन करना चाहिए। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय रायपुर द्वारा विद्यार्थियों के आयोजित रंगोली, पोस्टर, भाषण, निबंध और क्वीज प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह को कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. के.एल. नंदेहा तथा अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. जी.के. श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुबुही निषाद ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403